॥ 卐 ॥

SATURDAY
» आचार्य महाश्रमण की निर्गुण-चेतना से विश-शांति की नई दिशा 6
» सर्राफा बाजार में सस्ता हुआ सोना, चांदी में भी बड़ी गिरावट 9
» कचरा उठान में लापरवाही बर्दाश्त नही : नायब सैनी 11

दिनमान | तापमान
सूर्योदय 5.09 | सूर्यास्त 6.01 | अधिकतम 36° | न्यूनतम 27°

वर्ष 18, अंक 308 पृष्ठ 12
कोलकाता, शनिवार, 25 अप्रैल 2026
बैशाख, शुक्लपक्ष, नवमी, वि.सं. 2083
मूल्य: ₹ 3

निष्पक्ष, निडर एवं सशक्त राष्ट्रीय दैनिक

# युवा शक्ति

कोलकाता संस्करण
www.yuvashaktinews.com



### पानीहाटी में आरजी कर मामले पर प्रधानमंत्री बोले–

# बेटी को डॉक्टर बनाया, महाजंगलराज ने उसे छीन लिया

## पहले चरण के मतदान ने सत्ताधारी दल की नींदे उड़ाई



**कोलकाताः** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को बंगाल की महिलाओं को भरोसा दिलाया कि भाजपा की सरकार बनने के बाद बेटियों पर कोई अत्याचार नहीं होगा और हर अन्याय की फाइलें खुलेंगी. कोलकाता से सटे उत्तर 24 परगना जिले के पानीहाटी में आरजी कर पीड़िता की मां के समर्थन में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि बंगाल में पहले चरण में रिकार्ड मतदान टीएमसी के महाजंगलराज के अंत का उद्घोष है. चार मई को चुनाव नतीजे आने के बाद टीएमसी के गुंडों को बंगाल में छुपने की जगह नहीं मिलेगी.

पीएम मोदी ने कहा कि आरजी कर मामले के हर दोषी को भाजपा सरकार सजा दिलाएगी. पीड़ित डॉक्टर की मां स्वप्ना देबनाथ यहां से उम्मीदवार हैं. मोदी ने 15 साल के 'महाजंगलराज' पर निशाना साधते हुए घुसपैठ, सिंडिकेट राज और बेरोजगारी का मुद्दा उठाया. महिलाओं की सुरक्षा को लेकर सत्तारूढ़ पार्टी पर हमला तेज करते हुए मोदी ने टीएमसी को महिला विरोधी पार्टी बताया और कहा कि भाजपा महिला नेतृत्व वाले विकास माडल में विश्वास करती है. उन्होंने उन महिला उम्मीदवारों का जिक्र किया जिन्हें भाजपा ने चुनाव मैदान में उतारा है और कहा कि पार्टी ने उन लोगों को प्रतिनिधित्व दिया है जिन्होंने अन्याय सहा है.मोदी ने पानीहाटी से पार्टी की उम्मीदवार, आरजी कर दुष्कर्म व हत्या पीड़िता की मां का जिक्र करते हुए कहा कि इस मां ने अपनी बेटी को डाक्टर बनाया, लेकिन टीएमसी के महाजंगलराज ने उस बेटी को इनसे छीन लिया.प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल में एक बहुत बड़ा और कड़ा बयान दिया है. उन्होंने साफ कहा है कि आरजी कर अस्पताल में हुए रेप और मर्डर केस की साजिश में शामिल किसी भी रसूखदार या अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा.यह खबर बंगाल के उन सभी आम लोगों के लिए बहुत बड़ी उम्मीद है जो लंबे समय से इस दर्दनाक मामले में न्याय की मांग कर रहे हैं. इस चुनाव में भाजपा ने उसी पीड़ित महिला डॉक्टर की मां स्वप्ना देबनाथ को इस सीट से अपना उम्मीदवार बनाया है. मोदी ने कहा कि स्वप्ना देबनाथ ने अपनी बेटी को देश की सेवा करने के लिए डॉक्टर बनाने में जीवन भर संघर्ष किया, लेकिन सत्ताधारी पार्टी के कुशासन वाले जंगलराज में उनकी बेटी छिन गई.

उन्होंने वादा किया कि 4 मई को चुनाव के नतीजे आने के बाद हर जुल्म का हिसाब होगा. प्रधानमंत्री ने मौजूदा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि पिछले 15 वर्षों में इस सरकार ने बंगाल की पहचान को पूरी तरह से नष्ट कर दिया है. राज्य में लगातार घुसपैठियों को लाया जा रहा है और उन्हें यहां बसाया जा रहा है. ये घुसपैठिए बंगाल की जमीनों पर कब्जा कर रहे हैं और यहां के स्थानीय लोगों का रोजगार छीन रहे हैं. एक तरफ सरकार का भारी भ्रष्टाचार है और दूसरी तरफ घुसपैठियों का जुल्म है. इस कारण से बंगाल के युवाओं को नौकरी की तलाश में अपने घर छोड़कर बाहर जाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है. राज्य में कोई नया निवेश नहीं आ रहा है और पुरानी फैक्ट्रियां भी बंद होकर दूसरी जगह जा रही हैं.

# बंगाल में गंगा साफ है, पीएम दिल्ली की यमुना में डुबकी लगाकर देखें: ममता बनर्जी

## सीएम ने पोर्ट से भाजपा का उम्मीदवार को 'छंटा गुण्डा' करार दिया



**कोलकाता/हावड़ाः** गोपालनगर मोड़ से पदयात्रा कर पोर्ट अंचल के भूकैलाश पहुंची सीएम ममता ने जहां अराजकता के खिलाफ जोरदार हमला बोला वहीं कहा कि, पोर्ट से भाजपा का जो उम्मीदवार है वह छंटा हुआ गुण्डा है. सबको उसके बारे में पता है. वह जीता तो शांति खतम होगी लेकिन बॉबी के रहते ऐसा नहीं हो सकता. भाजपा के उम्मीदवार के नाम काफी केस है. राम प्यारे राम से लेकर जयराम व दल सिंगार यादव जैसे पार्टी के पुराने नेताओं को याद करते हुए सीएम ने यह भी कहा कि भूकैलाश का शिव मंदिर का नव निर्माण फिरहाद हकीम ने ही करवाया है. लेकिन आपलोग शांति से काम करें, जो कहना है मुझे बताये मै आपलोगों की बेटी की तरह हूं. मेरी बीमार मां को बॉबी ने ही तीन बॉटल खून दिया था. एसआईआर कर लोगों के अधिकार पर डाका डालने भाजपा को वोट नहीं दें. भाजपा बंगाल को जला रही है. सीएम ममता ने पीएम मोदी के कोलकाता स्थित गंगा नदी में नौका बिहार पर कहा कि, बंगाल में गंगा तो साफ है, पीएम दिल्ली की यमुना में डुबकी लगाकर देखें तब तो पता चलेगा. विशेष गहन संशोधन नीति (एसआईआर) के तहत कथित मतदाता दमन से लेकर केंद्रीय एजेंसियों के इस्तेमाल, पहचान की राजनीति और राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे कई मुद्दों को उठाया. सीएम ने कहा कि पहले चरण के चुनाव में ही भाजपा हार गई है.हावड़ा में तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार अरूप रॉय के समर्थन में प्रचार करते हुए उन्होंने कहा कि ग्रामीण बंगाल में लगभग 93% की उच्च मतदान दर जनता के गुस्से को दर्शाती है और उन्होंने जोर देकर कहा, यह वोट आपके खिलाफ है, मोदी. उन्होंने आरोप लगाया कि एसआईआर से संबंधित दमन के कारण लगभग 300 लोगों की मौत हुई और दावा किया कि मतदान के दिन भी कतारों में खड़े रहने के दौरान चार लोगों की मौत हो गई.

### गंगा में नौका विहार कर पीएम मोदी ने दिया संदेश

# बंगाल की आत्मा में बहती है गंगा

**नाविकों को पता सिर्फ 5 मिनट पहले चला**

**बोट मालिक को दिया मिलजुल कर रहने का संदेश**

**हुगली तट पर गंगा की पूजा की, लोगों से बात की**

**कोलकाताः** कोलकाता में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हुगली नदी में नौका सैर की. जानकारी के अनुसार, इस दौरान पीएम मोदी की बोट के अलावा छह बोट और बुक की गई थी. पीएम मोदी की नाव के मालिक इफ्तिकार ने बताया कि तो उन्होंने बताया कि हम से एक ही बात बोलकर गए कि सभी मिल-जुलकर रहो, अच्छे से रहो. उन्होंने बंगाल की संस्कृति और गंगा के महत्व पर बात की.

गुरुवार को नदिया और दक्षिण 24 परगना में विशाल जनसभाओं को संबोधित करने, बेलूर मठ में आध्यात्मिक शांति प्राप्त करने और हावड़ा की सड़कों पर जनसैलाब के बीच रोड शो करने के बाद प्रधानमंत्री ने रात्रि विश्राम कोलकाता स्थित



राजभवन (अब लोकभवन) में किया. शुक्रवार की अलसुबह वे हुगली के तट पर पहुंचे, जहां उन्होंने न केवल गंगा के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की, बल्कि हाथ में कैमरा थामे प्रकृति और जनजीवन के सुंदर दृश्यों को भी कैद किया. प्रधानमंत्री ने इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर अपनी नौका विहार की तस्वीरें साझा करते हुए बंगाल की संस्कृति और गंगा के साथ उसके अटूट रिश्ते को रेखांकित किया. उन्होंने अपनी भावनाओं को व्यक्त करते हुए लिखा कि हर बंगाली के लिए गंगा का स्थान अत्यंत विशेष है और यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि गंगा बंगाल की आत्मा में बहती है.

प्रधानमंत्री मोदी ने जिस नौका में सैर किया, उसके अलावा छह अन्य नौकाएं भी बुक की गई थीं. प्रधानमंत्री ने जिस नाव में सैर किया उसके नाव के मालिक मोहम्मद शेख इफ्तिकार ने नाव की बुकिंग और पीएम मोदी से साथ अपने संवाद का अनुभव साझा किया है. एएनआई से बात करते हुए नाव के मालिक इफ्तिकार ने बताया कि प्रधानमंत्री ने उनसे केवल एक ही बात कही. उन्होंने सभी को मिलजुलकर और अच्छे से रहने का संदेश दिया. इस दौरान इफ्तिकार ने बताया कि आज सुबह एक व्यक्ति उनके पास आया और सात नौकाओं की मांग की. इफ्तिकार ने सोचा कि कोई खास व्यक्ति आ रहा है, इसलिए उन्होंने दाम बढ़ाने के बारे में सोचा. लेकिन उन्हें बताया गया कि ऐसा कुछ खास नहीं है और कोई बड़ा मामला नहीं है. उन्हें बताया गया कि कुछ दोस्त घूमने आएंगे और थोड़ी देर घूमेंगे. इस पर, जो सामान्य दरें होती हैं, उसी पर नौकाओं को बुक किया गया.

# पहले चरण में 110 सीटें जीत रही है भाजपा : अमित शाह



**कोलकाताः** पश्चिम बंगाल में पहले चरण की वोटिंग के साथ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बड़ा दावा किया है. शाह ने शुक्रवार को कहा कि बंपर वोटिंग के लिए लोगों को बधाई. उन्होंने कहा कि पहले चरण की 152 सीटों में बीजेपी 110 सीटें जीतेगी. बंगाल विधानसभा में कुल सीटों की संख्या 294 है. सरकार के जरूरी बहुमत का आंकड़ा 148 सीटों का है. अमित शाह ने कहा कि बीजेपी दूसरे चरण के बाद बीजेपी अपने बूते पर सरकार ने बनाएगी. उन्होंने बंपर वोटिंग के बंगाल के लोगों का आभार व्यक्त किया. उन्होंने कहा कि यह भय से भरोसे की तरफ की सफर है. उन्होंने कहा बंगाल के पहले चरण में एक भी मौत नहीं हुई. यह अपने आप में एक अजूबा (अनूठी उपलब्धि) है. अमित शाह ने कहा कि मेरे पास जो फीडबैक है. उसके तहत बंगाल की जनता ने पहले चरण में सबकुछ तय कर दिया है. अमित शाह ने मोटे तौर पर पहले चरण में बीजेपी के लिए फायदा होने की बात कही.

बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी एक अफवाह फैला रही हैं कि अ......ही होगा. वह भाजपा का कार्यकर्ता होगा. हां, वह आपका भतीजा नहीं होगा. अमित शाह ने कहा पश्चिम बंगाल में प्रथम चरण में ऐतिहासिक मतदान कर लोकतंत्र के महापर्व में सहभागिता के सभी रिकॉर्ड तोड़ने के लिए प्रदेश के मतदाताओं का अभिनंदन करता हूं.बंगाल के इतिहास के सबसे शांतिपूर्ण और सुरक्षित मतदान के लिए चुनाव आयोग, सभी केंद्रीय सुरक्षा बलों के बहादुर जवानों और हमारी पश्चिम बंगाल पुलिस का भी अभिनंदन करता हूं.

# आप के 7 सांसदों के ग्रुप का अब भाजपा में विलय होगा

## भारतीय जनता पार्टी पर आप ने साधा निशाना

**नई दिल्लीः** राघव चड्ढा ने राज्य सभा सांसद संदीप पाठक और अशोक मित्तल के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि हमने फैसला किया है कि हम, राज्यसभा में आम आदमी पार्टी के दो-तिहाई सदस्य, भारत के संविधान के प्रावधानों का प्रयोग करते हुए भाजपा में विलय कर लेंगे. आपा नेता और सांसद राघव चड्ढा ने शुक्रवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया. इसके साथ ही वो भाजपा में शामिल हो गए. राघव के अलावा दीप पाठक, अशोक मित्तल, हरभजन सिंह, विक्रजीत सिंह साहनी, राजिंदर गुप्ता के अलावा दिल्ली से आप की राज्यसभा सांसद स्वाती मालिवाल भी भाजपा में शामिल हो गईं. राघव चड्ढा के आम आदमी पार्टी से इस्तीफा देने के बाद पार्टी की ओर से पहली प्रतिक्रिया राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने दी. संजय सिंह के बाद पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने भी इस घटनाक्रम पर अपनी प्रतिक्रिया दी. दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने इस मुद्दे पर प्रतिक्रिया देते हुए भारतीय जनता पार्टी पर सीधा निशाना साधा. अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि, बीजेपी ने फिर से पंजाबियों के साथ किया धोखा किया.

आप छोड़ भाजपा से जुड़ने के बाद राघव चड्ढा, संदीप पाठक और अशोक मित्तल भाजपा मुख्यालय पहुंचे. यहां तीनों भाजपा के अध्यक्ष नितिन नवीन से मुलाकात की. यहां भेंट स्वरूप गुलदस्ते देकर तीनों का स्वागत किया गया और मुंह मीठे भी कराए गए. इसके बाद औपचारिक फोटो सेशन हुआ. राघव ने एक्स पर जानकारी देते हुए लिखा, आज संविधान के प्रावधानों के तहत यह बड़ा राजनीतिक घटनाक्रम हुआ.






# बंगाल में हिमंत सरमा बोले- ज्ञानेश कुमार को मिलना चाहिए भारत रत्न

## मुख्यमंत्री सरमा का दावा- पश्चिम बंगाल में 200 सीटें जीतेगी भाजपा



**कोलकाता** : असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के कमरहाटी में आयोजित एक राजनीतिक रैली को संबोधित करते हुए असम में भी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की जोरदार वकालत की. उन्होंने कहा कि मतदाता सूची का संशोधन और सत्यापन चुनावी व्यवस्था की विश्वसनीयता मजबूत करने के लिए आवश्यक है.सरमा ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार की खुलकर प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे कार्यों के लिए देश उनके योगदान को लंबे समय तक याद रखेगा. उन्होंने कहा, भारत रत्न मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को मिलना चाहिए, क्योंकि विशेष गहन पुनरीक्षण कराने में उनके योगदान को देश नहीं भूलेगा.असम के मुख्यमंत्री का यह बयान इसलिए भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि राज्य में नागरिकता, मतदाता पहचान और मतदाता सूची को लेकर लंबे समय से राजनीतिक बहस होती रही है. राष्ट्रीय नागरिक पंजी तथा अवैध घुसपैठ के मुद्दों के कारण यह विषय लगातार संवेदनशील बना हुआ है.उन्होंने कहा कि यदि मतदाता सूची का नया और कठोर पुनरीक्षण किया जाए तो विसंगतियों को दूर करने में मदद मिलेगी तथा चुनाव प्रक्रिया की साख और मजबूत होगी.अपने संबोधन के दौरान सरमा ने पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवारों पर कथित हमलों का मुद्दा भी उठाया. उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा, जब पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी, तब उम्मीदवारों पर हमला करने वालों को सबक सिखाया जाएगा.सरमा ने दोनों राज्यों में पार्टी की चुनावी संभावनाओं को लेकर भी बड़ा दावा किया. उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी असम में 100 सीटें और पश्चिम बंगाल में 200 सीटें जीतेगी.

### खानाकुल में सुषांत घोष के समर्थन में हिमंत बिस्वा सरमा की जनसभा

**हुगली** : पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव प्रचार के बीच राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं. इसी क्रम में खानाकुल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शुक्रवार को जोरदार शक्ति प्रदर्शन किया. भाजपा उम्मीदवार सुषांत घोष के समर्थन में आयोजित एक जनसभा में असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा शामिल हुए.दलीय सूत्रों के अनुसार, इस जनसभा को लेकर सुबह से ही इलाके में कार्यकर्ताओं और समर्थकों की भारी भीड़ देखी गई. विभिन्न क्षेत्रों से रैली और जुलूस निकालकर भाजपा समर्थक सभा स्थल तक पहुंचे.सभा को संबोधित करते हुए हिमंत बिस्वा सरमा ने राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस पर तीखा हमला बोला और केंद्र सरकार की विभिन्न विकास योजनाओं का उल्लेख किया. उन्होंने भाजपा उम्मीदवार सुषांत घोष के पक्ष में भारी मतों से मतदान करने की अपील की.वहीं, भाजपा उम्मीदवार सुषांत घोष ने भी अपने संबोधन में स्थानीय समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया और आम जनता से समर्थन की अपील की.

### आईआईटी खड़गपुर ने जैम 2026 टॉपर्स के लिए नई फेलोशिप की घोषणा की

**खड़गपुर** : भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान खड़गपुर ने संयुक्त प्रवेश परीक्षा (मास्टर्स के लिए संयुक्त प्रवेश परीक्षा) 2026 के टॉप रैंक हासिल करने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए डायरेक्टर प्लैटिनम जुबिली एक्सीलेंस फेलोशिप (डीपीईएफ) शुरू करने की घोषणा की है.संस्थान की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, इस फेलोशिप के तहत चयनित छात्रों को दो वर्षों तक हर महीने पांच हजार रुपये का वजीफा दिया जाएगा. इसके अलावा छात्रों को 60 हजार रुपये का समर इंटर्नशिप अनुदान भी मिलेगा, जिससे उन्हें आर्थिक सहायता के साथ शुरुआती शोध अनुभव प्राप्त हो सकेगा.आईआईटी खड़गपुर में एमएससी कार्यक्रम के तहत भौतिकी, रसायन विज्ञान, गणित, भूविज्ञान और जैवविज्ञान जैसे विषयों में पढ़ाई कराई जाती है. यहां उन्नत प्रयोगशालाओं, शोध आधारित पाठ्यक्रम और अंतःविषयक शिक्षण के माध्यम से छात्रों को उच्च स्तर के शोध के लिए तैयार किया जाता है.

### श्रीधाम मायापुर इस्कॉन मंदिर में चंदन यात्रा उत्सव शुरू



**मायापुर** : श्रीधाम मायापुर इस्कॉन मंदिर में चंदन यात्रा उत्सव गुरुवार से शुरू हो गयी. भक्त वत्सल भगवान अपने भक्तों की सेवा स्वीकार करके बहुत आनंदित होते हैं. इसलिए, गर्मी की चिलचिलाती धूप से बचाने के लिए, भगवान के पूरे शरीर पर चंदन लगाया जाता है. फेस्टिवल 21 दिनों तक चलेगा. यह फेस्टिवल दुनिया भर के हर इस्कॉन मंदिर में एक साथ मनाया जा रहा है.इस्कॉन, मायापुर के जन संपर्क अधिकारी रसिक गौरांग दास ने कहा कि लगभग पांच सौ साल पहले, पुरी धाम के नरेंद्र सरोवर में श्री श्री राधा मदन मोहन के साथ शुरू हुए चंदन यात्रा फेस्टिवल में श्री चैतन्य महाप्रभु ने खुद हिस्सा लिया था. उस परंपरा को याद करते हुए यह उत्सव हर साल मायापुर इस्कॉन के प्रभुपाद समाधि मंदिर पुष्करिणी में एक भव्य समारोह में पूरी धार्मिक गरिमा के साथ मनाया जा रहा है. दूर-दूर से असंख्य देशी-विदेशी भक्त मायापुर इस्कॉन मंदिर में जुटते हैं. सभी मतभेदों को भुलाकर, राधा माधव के चंदन यात्रा उत्सव पर ध्यान केंद्रित करते हुए, मायापुर इस्कॉन जाति, धर्म या पंथ की परवाह किए बिना सभी क्षेत्रों के लोगों के लिए एक सभा स्थल बन जाता है. देशी-विदेशी, अमीर-गरीब सहित सभी क्षेत्रों के लोग एक साथ भाग लेते हैं. हर दिन शाम 5 बजे, श्री श्री राधा माधव को चंद्रोदय मंदिर से रंगारंग संकीर्तन जुलूस के साथ समाधि मंदिर पुष्करिणी ले जाया जाता है. यह उत्सव हर दिन रात 8 बजे तक जारी रहता है. अच्छी तरह से सजी हुई नावें तीर्थयात्रियों को ले जाती हैं, उनकी परिक्रमा करती हैं, आरती कीर्तन करती हैं, प्रसाद चढ़ाती हैं, भजन और नृत्य गीत गाती हैं, और आगंतुकों के बीच मुफ्त प्रसाद वितरित करती हैं. समाधि मंदिर और पुष्करिणी को फूलों और लाइट की मालाओं से सजाया जाता है, और आर्टिफिशियल फव्वारे चलते रहते हैं. यह त्योहार गर्मी की चिलचिलाती धूप से दूर, खुले आसमान और ताज़ी हवा में सभी को शांति और आराम देता है. इस पारंपरिक चंदन जुलूस में शामिल होने के लिए सभी को दिल से बुलाया जाता है.

### मतदान के एक दिन बाद महिला को मिला वोटर स्लिप



**मालदा** : पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 के पहले चरण के मतदान के एक दिन बाद शुक्रवार सुबह युवती को वोटर स्लिप मिलने से ग्रामीणों में गुस्सा फैल गया. घटना मालदा जिलान्तर्गत चांचल इलाके की है. गुस्साए ग्रामीणों ने बीएलओ का घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया.सूत्रों के अनुसार, गुरुवार को मालदा में पहले चरण का मतदान संपन्न हुआ लेकिन वोटर स्लिप न होने के कारण चंचोल विधानसभा सीट के सिहीपुर गांव के बूथ नंबर 223 की वोटर हुश्नआरा बेगम मतदान नहीं कर पाईं. युवती का आरोप है कि बीएलओ अख्तर हुसैन से पूछने पर उन्होंने कहा कि उनका नाम मतदाता सूची में था लेकिन एसआईआर में नाम नहीं है. शुक्रवार को जब बीएलओ वोटर स्लिप लेकर महिला के घर आए तो ग्रामीणों मैं आक्रोश फैल गया. लोगों ने बहुत देर तक उन्हें इलाके में ही रोके रखा गया और घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया. अंततः आरोपित ने अपनी गलती मान ली. आरोप है कि बीएलओ के साथ ग्रामीणों की नोंकझोंक भी हुई.घटना के बारे में चांचल से कांग्रेस छोड़कर आए निर्दलीय उम्मीदवार अंजारुल हक ने कहा कि जब से यह बीएलओ चार्ज में आया है, वह गलत जानकारी देकर पूरे सिहीपुर गांव के लोगों को डरा रहा है. उन्हें सज़ा मिलनी चाहिए.

### बांकुड़ा में वोट के बाद तृणमूल नेता से मारपीट का आरोप

**बांकुड़ा** : मतदान के अगले दिन तृणमूल नेता के साथ मारपीट करने का आरोप सामने आया है. घटना शुक्रवार सुबह पश्चिम बंगाल के बांकुड़ा जिले के जयपुर थाना क्षेत्र के शालतोड़ा इलाके की है. घायल जाकिर खान जयपुर पंचायत समिति के कर्माध्यक्ष पद पर हैं.स्थानीय तृणमूल कार्यकर्ताओं के अनुसार, शुक्रवार सुबह जाकिर खान का कुछ लोगों के साथ विवाद हो गया था. आरोप है कि उन्हीं लोगों ने उनके साथ मारपीट की. घायल अवस्था में उन्हें पहले जयपुर ब्लॉक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से बाद में उन्हें विष्णुपुर अस्पताल रेफर किया गया.ब्लॉक तृणमूल नेतृत्व का आरोप है कि भाजपा समर्थकों ने जाकिर खान पर हमला किया. वहीं भाजपा नेताओं का कहना है कि यह तृणमूल के अंदरूनी गुटबाजी का परिणाम है.

### होम्योपैथी चिकित्सक की हत्या कर परिचारिका ने किया थाने में आत्मसमर्पण



**हावड़ा** : जिले के बाली इलाके में एक सनसनीखेज हत्या का मामला सामने आया है, जहां एक होम्योपैथी चिकित्सक की उनके ही घर में कथित रूप से उनकी परिचारिका द्वारा हत्या कर दी गई. घटना के बाद आरोपित परिचारिका ने स्वयं थाने जाकर आत्मसमर्पण कर दिया. मृतक की पहचान रामकृष्ण चालकी के रूप में हुई है, जो बाली के जीटी रोड के पास एक बहुमंजिला आवास में रहते थे. मिली जानकारी के अनुसार, गुरुवार शाम उन्हें धारदार हथियार (कटारी) से हमला कर मौत के घाट उतार दिया गया. पुलिस के मुताबिक, घटना के तुरंत बाद आरोपित परिचारिका बाली थाने पहुंची और आत्मसमर्पण करते हुए पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी. पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है. आरोपित को हावड़ा अदालत में पेश किया गया. अदालत परिसर से बाहर ले जाते समय मीडिया के सवालों पर आरोपित ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी और शांत बनी रही. परिवार की ओर से इस घटना को लेकर गंभीर आरोप लगाए गए हैं. मृतक के बड़े भाई ने बताया कि उनका परिवार डानकुनी में रहता है, जबकि रामकृष्ण चालकी अपने बेटे के साथ बाली में रहते थे. उनकी पत्नी उनके साथ नहीं रहती थीं. पिछले डेढ़ साल से वही परिचारिका उनके घर में काम कर रही थी.मृतक के भाई ने यह भी आरोप लगाया कि परिचारिका लंबे समय से उनके भाई को ब्लैकमेल कर रही थी. घटना के पीछे के कारणों को लेकर कई तरह के कयास लगाए जा रहे हैं. फिलहाल, हत्या के कारणों का पता लगाने के लिए विस्तृत जांच जारी है.

### रेलवे न्यूज

#### पूर्व रेलवे ने निर्बाध यात्रा के लिए बनायी उच्च-तकनीक की रूपरेखा



**कोलकाता** : भारतीय रेलवे लॉजिस्टिक्स एवं सामग्री प्रबंधन संस्थान के कोलकाता चैप्टर ने आज फेयरली प्लेस स्थित पूर्व रेलवे मुख्यालय में एआई युग में आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन का भविष्य विषय पर एक महत्वपूर्ण संगोष्ठी का आयोजन किया. इस कार्यक्रम में पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक एवं आईआरआईएलएमएम के संरक्षक मिलिंद देऊस्कर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थे. उनके साथ अपर महाप्रबंधक, मंडल रेल प्रबंधक/सियालदह सहित कई वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे. इस अवसर पर पूर्व मध्य रेलवे , दक्षिण पूर्व रेलवे, पूर्व रेलवे, पूर्व तटीय रेलवे , पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे , मेट्रो रेलवे तथा चित्तरंजन रेल इंजन कारखाना के अधिकारी भी शामिल हुए.कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व रेलवे के प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक एवं आईआरआईएलएमएम के अध्यक्ष संदीप शुक्ला के स्वागत भाषण से हुआ, जिसमें उन्होंने संस्थान के आधुनिक तकनीकों को रेलवे कार्यप्रणाली में शामिल करने के प्रयासों पर प्रकाश डाला. पारंपरिक स्वागत समारोह के दौरान मिलिंद देऊस्कर एवं विशिष्ट अतिथि स्वामी सर्वोतमानंद जी को शॉल एवं उत्तरीय भेंट कर सम्मानित किया गया. साथ ही महाप्रबंधक ने स्वामीजी को स्मृति-चिह्न के रूप में रेलवे इंजन का एक शोपीस भी प्रदान किया.अपने मुख्य वक्तव्य में श्री देऊस्कर ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) को अपनाना रेलवे के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, विशेषकर आपूर्ति एवं सामग्री प्रबंधन के क्षेत्र में, जिससे अपव्यय को कम करने और आवश्यक वस्तुओं की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी. इस उच्च-प्रौद्योगिकी आधारित प्रबंधन से यात्रियों को सीधे लाभ होगा, क्योंकि इससे ट्रेनों के रखरखाव में सुधार होगा और उपकरणों की कमी के कारण होने वाली देरी कम होगी. जब आपूर्ति श्रृंखला सुचारू रूप से कार्य करती है, तो कोचों की सफाई बेहतर होती है, मरम्मत तेजी से होती है और समग्र सेवा की विश्वसनीयता बढ़ती है.तकनीकी चर्चाओं को स्वामी सर्वोतमानंद जी, जो रामकृष्ण मिशन विवेकानंद शैक्षिक एवं अनुसंधान संस्थान के कुलपति हैं, के प्रेरणादायक वक्तव्य ने और समृद्ध किया.स्वामी सर्वोतमानंद जी ने इस बात पर बल दिया कि उन्नत तकनीकों के उपयोग के साथ-साथ नेतृत्व को नैतिक और सजग बने रहना चाहिए. उन्होंने उत्तरदायी शासन की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि स्वचालन के बीच मानवीय मूल्यों और सार्वजनिक सेवा को प्राथमिकता दी जानी चाहिए. इसके पश्चात प्रश्नोत्तर सत्र में अधिकारियों ने इन विचारों के व्यावहारिक अनुप्रयोग पर विस्तृत चर्चा की. कार्यक्रम का समापन सीएमएम/वैगन एवं आईआरआईएलएमएम के संयोजक द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ.इस अवसर के महत्व को रेखांकित करते हुए पूर्व रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी एवं आईआरआईएलएमएम के सचिव शिबराम माझी ने कहा कि यह संगोष्ठी आधुनिक नवाचारों के माध्यम से अधिक पारदर्शी एवं यात्री-अनुकूल प्रणाली विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है.

### सुवर्णरेखा नदी में डूबने से पिता-पुत्र की मौत



**मेदिनीपुर** : पश्चिम बंगाल के दांतन क्षेत्र में शुक्रवार को एक दर्दनाक हादसे में पिता और बेटे की डूबने से मौत हो गई. यह घटना सुवर्णरेखा नदी में स्नान के दौरान हुई.मिली जानकारी के अनुसार, दांतन के बड़ा इलाके के निवासी मानस चंद्र (50) अपने नौ वर्षीय बेटे मौसुम चंद्र के साथ घर के पास बहने वाली सुवर्णरेखा नदी में स्नान करने गए थे. काफी देर तक दोनों के घर नहीं लौटने पर परिवार के लोगों को चिंता हुई और उन्होंने खोजबीन शुरू की.इसी दौरान स्थानीय लोगों से पता चला कि पिता-पुत्र नदी के पानी में डूब गए हैं. खबर फैलते ही इलाके में अफरा-तफरी मच गई और ग्रामीणों ने तुरंत नदी किनारे पहुंचकर तलाश शुरू कर दी. कुछ देर बाद पहले बच्चे को और फिर उसके पिता को नदी से बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी.सूचना मिलने पर दांतन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए खड़गपुर महकमा अस्पताल भेज दिया. पुलिस के अनुसार शनिवार को शवों का पोस्टमार्टम कराया जाएगा. इस हृदयविदारक घटना के बाद पूरे इलाके में शोक का माहौल है.

### मतदान के बाद तृणमूल में अंदरूनी टकराव का आरोप



**बांकुड़ा** : जिले में मतदान के तुरंत बाद तृणमूल कांग्रेस के भीतर कथित गुटीय संघर्ष का मामला सामने आया है. पार्टी के एक स्थानीय नेता पर हमले के बाद राजनीतिक हलचल तेज हो गई है. घायल नेता ने आरोप लगाया है कि उन पर हमला उनकी ही पार्टी के एक गुट के इशारे पर किया गया.

स्थानीय सूत्रों के अनुसार, यह घटना कोतुलपुर विधानसभा क्षेत्र के जयपुर थाना इलाके में हुई.तृणमूल के विष्णुपुर संगठनात्मक जिले के आईएनटीटीयूसी के सह-उपाध्यक्ष और जयपुर पंचायत समिति के पूर्त कर्माध्यक्ष जाकिर खान शुक्रवार सुबह बाइक से जंगल के रास्ते जयपुर जा रहे थे. इसी दौरान कुछ लोगों ने उन्हें रोककर लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से बेरहमी से पीटा.बताया गया है कि घटना मुरलीगंज जंगल के पास हाटपुकुर कैनाल ब्रिज के समीप हुई. हमलावरों के जाने के बाद स्थानीय लोगों ने जाकिर खान को घायल अवस्था में सड़क किनारे पड़ा देखा और पार्टी कार्यकर्ताओं को सूचना दी. इसके बाद उन्हें पहले जयपुर ब्लॉक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें विष्णुपुर सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल रेफर कर दिया गया.

घायल जाकिर खान ने आरोप लगाया कि हमलावर भले ही असामाजिक तत्व थे, लेकिन उन्हें कुछ तृणमूल नेताओं का संरक्षण प्राप्त है. उन्होंने दावा किया कि कोतुलपुर से तृणमूल उम्मीदवार हरकाली प्रतिहार के भाई मृत्युंजय प्रतिहार के निर्देश पर उनकी हत्या की साजिश रची गई और इसी के तहत यह हमला किया गया.

हालांकि उन्होंने इसे गुटीय संघर्ष मानने से इनकार किया.वहीं, इन आरोपों को खारिज करते हुए मृत्युंजय प्रतिहार ने कहा कि वे उस समय पार्टी के अन्य कार्यों में व्यस्त थे और उनके खिलाफ लगाए गए आरोप निराधार हैं. उन्होंने पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की.इस घटना पर भाजपा ने भी प्रतिक्रिया दी है.

विष्णुपुर जिले के भाजपा प्रवक्ता देवप्रिया विश्वास ने आरोप लगाया कि चुनावी फंड के बंटवारे को लेकर तृणमूल के अंदर गुटीय संघर्ष बढ़ गया है और इसी के चलते पार्टी के भीतर ही एक गुट दूसरे गुट के नेताओं पर हमला कर रहा है.

फिलहाल, पुलिस मामले की जांच कर रही है और हमलावरों की पहचान करने का प्रयास जारी है.

### मयना में तृणमूल और भाजपा समर्थकों में झड़प

**पूर्व मेदिनीपुर** : जिले के मयना इलाके में मतदान के अगले दिन फिर से तनाव की स्थिति बन गई. तृणमूल कांग्रेस और भाजपा समर्थकों के बीच हुई झड़प में दोनों पक्षों के कई लोग घायल हो गए. सभी घायलों का इलाज अस्पताल में चल रहा है. घटना मयना के बकचार सांतला पुल इलाके की बताई जा रही है.तृणमूल समर्थकों का आरोप है कि गुरुवार देर रात भाजपा समर्थकों ने उनके घरों में तोड़फोड़ की. इस मामले में पुलिस में शिकायत भी दर्ज कराई गई थी. तृणमूल कार्यकर्ताओं का कहना है कि शुक्रवार सुबह करीब 250-300 भाजपा समर्थक उनके इलाके में पहुंचे और हमला कर दिया.आरोप है कि हमलावरों ने लाठी-डंडे और लोहे की रॉड से मारपीट की और घर की महिलाओं के साथ भी दुर्व्यवहार किया. इस घटना में चार लोग गंभीर रूप से घायल हुए, जिन्हें मयना ब्लॉक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है.वहीं, भाजपा की ओर से लगाए गए आरोप अलग हैं. भाजपा कार्यकर्ताओं का कहना है कि वे इलाके में बैठे थे, तभी स्थानीय तृणमूल नेता, उनकी पत्नी और कुछ अन्य समर्थकों ने उन पर हमला कर दिया.

### न्यूज कॉर्नर

#### पूर्व मेदिनीपुर में एसयूसीआई का 79वां स्थापना दिवस मनाया गया

**पूर्व मेदिनीपुर** : पश्चिम बंगाल के पूर्व मेदिनीपुर जिले में शुक्रवार को एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) का 79वां स्थापना दिवस मनाया गया. जिले के विभिन्न क्षेत्रों में पार्टी की ओर से कई कार्यक्रम आयोजित किए गए.

जिले के मेचेदा स्थित पार्टी जिला कार्यालय में सुबह लाल झंडा फहराया गया और पार्टी के संस्थापक शिवदास घोष की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया. इस मौके पर राज्य कमेटी सदस्य डॉ. विश्वनाथ पड़िया, लोकल कमेटी सचिव सुब्रत दास सहित अन्य नेता मौजूद रहे. कार्यक्रम में शिवदास घोष पर आधारित गीत प्रस्तुत किए गए और नेताओं ने 24 अप्रैल के महत्व पर प्रकाश डाला.इसी तरह के कार्यक्रम तमलुक के राजाबाजार पार्टी कार्यालय, पांशकुड़ा के नजरुल भवन, भोगपुर के शहीद स्मृति भवन, निमतौड़ी, चैतन्यपुर, हल्दिया और नोनाकुड़ी पार्टी कार्यालयों में भी आयोजित किए गए.तमलुक के कार्यक्रम में पूर्व मेदिनीपुर उत्तर संगठनात्मक जिला समिति के सचिव प्रणब माइती, ज्ञानानंद राय, शीला दास और चिन्मय घोराई मौजूद रहे. भोगपुर में जिला सचिव मंडली के सदस्य नारायण चंद्र नायक और मधुसूदन बेरा शामिल हुए. नोनाकुड़ी में जिला समिति सदस्य बसुदेव सामंत, निमतौड़ी में अनूप माइती और पांशकुड़ा में लोकल कमेटी के सचिव श्रावंती मंडल और तपन नायक उपस्थित थे.नेताओं ने अपने संबोधन में बताया कि वर्ष 1948 में प्रसिद्ध मार्क्सवादी चिंतक शिवदास घोष ने केवल छह साथियों के साथ 24 परगना के जयनगर में इस पार्टी की स्थापना की थी.

### आसनसोल इंजीनियरिंग कॉलेज बना स्ट्रांग रूम, सुरक्षा के कड़े इंतजाम



**आसनसोल** : बंगाल में पहले चरण के मतदान के बाद पश्चिम बर्दवान जिले के नौ विधानसभा क्षेत्रों में से छह विधानसभा केंद्रों- आसनसोल उत्तर व दक्षिण, कुल्टी, बाराबनी, जमुड़िया और रानीगंज की इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) को सुरक्षित रखने के लिए आसनसोल के जुबली मोड़ स्थित आसनसोल इंजीनियरिंग कॉलेज को स्ट्रांग रूम बनाया गया है. गुरुवार को मतदान के बाद विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों से ईवीएम यहां लाकर कड़ी सुरक्षा के बीच जमा की गईं.शुक्रवार को पश्चिम बर्दवान के जिलाधिकारी एस. पोन्नबलम ने आसनसोल इंजीनियरिंग कॉलेज पहुंचकर स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था और तैयारियों का जायजा लिया. उन्होंने बताया कि मतदान कर्मियों, प्रशासनिक अधिकारियों और विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में सभी इवीएम को नियमों के तहत सील कर स्ट्रांग रूम में रखा गया है. उन्होंने कहा कि प्रशासन के अधिकारी प्रतिदिन यहां आकर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करेंगे और मतगणना के दिन विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के बैठने की व्यवस्था और सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे.जिलाधिकारी ने बताया कि केंद्रीय सुरक्षा बल का एक प्लाटून भी यहां पहुंच चुका है और स्ट्रांग रूम की निगरानी लगातार की जा रही है. उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि यदि कोई मतदान कर्मी अपनी ड्यूटी में लापरवाही करता पाया गया तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी.इधर, स्ट्रांग रूम को लेकर राजनीतिक बयानबाजी भी तेज हो गई है. आसनसोल दक्षिण से भाजपा प्रत्याशी अग्निमित्रा पाल ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस ने पिछले 15 वर्षों में चोरी और भ्रष्टाचार की राजनीति की है, इसलिए उन्हें लगता है कि हर पार्टी उसी तरह काम करती है. उन्होंने कहा कि भाजपा जनता के समर्थन से चुनाव जीतती है और उन्हें पूरा भरोसा है कि राज्य में अगली सरकार भाजपा की बनेगी.तृणमूल द्वारा स्ट्रांग रूम के बाहर पहरेदारी करने की बात पर उन्होंने कहा कि अगर तृणमूल को गड़बड़ी की आशंका है तो वे पहरा दें, लेकिन भाजपा भी पूरी सतर्कता से निगरानी रखेगी क्योंकि भाजपा कार्यकर्ता जानते हैं कि तृणमूल किस तरह चुनाव में गड़बड़ी करती रही है. अग्निमित्रा पाल ने पहले चरण के मतदान के दौरान चुनाव आयोग और केंद्रीय सुरक्षा बलों की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि लंबे समय बाद पश्चिम बंगाल में लोग बिना डर के मतदान कर पाए.कांग्रेस प्रत्याशी प्रसनजीत पुईतुंडी ने कहा कि पश्चिम बंगाल में तृणमूल और भाजपा यह साबित करने में लगी हैं कि इनके अलावा कोई और राजनीतिक शक्ति नहीं है, जबकि ऐसा नहीं है. उन्होंने कहा कि इवीएम बदलने की आशंका को पूरी तरह खारिज नहीं किया जा सकता क्योंकि देश के विभिन्न राज्यों में इस तरह की घटनाओं के आरोप पहले भी लगते रहे हैं. उन्होंने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा और मजबूत करने की मांग करते हुए कहा कि इतनी मेहनत से चुनाव कराया गया है, इसलिए कुछ दिन और मेहनत कर सुरक्षा सुनिश्चित करनी होगी ताकि किसी प्रकार की गड़बड़ी न हो.

दूसरी ओर, पश्चिम बर्धमान जिला तृणमूल युवा कांग्रेस के अध्यक्ष पार्थ देवासी ने कहा कि चार मई को पश्चिम बंगाल के साथ-साथ पश्चिम बर्दवान जिले में भी हरित तूफान आएगा और जिले की नौ विधानसभा सीटों पर तृणमूल कांग्रेस जीत दर्ज करेगी. उन्होंने आरोप लगाया कि इस चुनाव में तृणमूल कांग्रेस को भाजपा से ज्यादा चुनाव आयोग के खिलाफ लड़ना पड़ा.पार्थ देवासी ने कहा कि चुनाव आयोग ने भाजपा के इशारे पर काम करते हुए पश्चिम बंगाल की जनता को परेशान किया है, जिसका जवाब जनता पहले चरण में और 29 अप्रैल को होने वाले अगले चरण के मतदान में देगी.

### कोलकाता की सड़कों पर मोदी-मोदी की गूंज

# दमदम में बीजेपी का मेगा रोड शो




**कोलकाताः** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 के दूसरे चरण के प्रचार को धार देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार शाम उत्तर कोलकाता के दमदम में एक भव्य रोड शो किया. पानीहाटी और जादवपुर में चुनावी रैलियों को संबोधित करने के बाद पीएम मोदी जब दमदम की सड़कों पर उतरे, तो नजारा देखने लायक था. 'मोदी-मोदी' के नारे से पूरा इलाका गूंज उठा. मोदी-मोदी की गूंज और शंखध्वनि के बीच प्रधानमंत्री ने अपनी बुलेटप्रूफ कार से जनता का अभिवादन स्वीकार किया. रोड शो के बाद पीएम ने 'एक्स' पर लिखा- दमदम का यह स्वागत 'असाधारण' है. बंगाल से अब तृणमूल की विदाई तय है. प्रधानमंत्री का रोड शो दमदम रोड पर एक किलोमीटर से अधिक की दूरी तक चला. इस दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये थे. सड़क के दोनों ओर बैरिकेड्स के पीछे खड़ी महिलाओं की भारी भीड़ देखी गयी. वे प्रधानमंत्री की एक झलक पाने को बेताब थीं. पीएम मोदी अपनी काली बुलेटप्रूफ गाड़ी का एक साइड दरवाजा खोलकर खड़े हुए और पूरे रास्ते हाथ हिलाकर समर्थकों का उत्साह बढ़ाते रहे. भीड़ इतनी अधिक थी कि सुरक्षाकर्मियों को बैरिकेड के पास पहुंच रहे लोगों को नियंत्रित करने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी. रोड शो के बाद प्रधानमंत्री ने सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर तीखा हमला बोला. उन्होंने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी की सरकार ने अपनी 'लूट और कुशासन' की संस्कृति के चलते पश्चिम बंगाल के शहरी क्षेत्रों की पूरी तरह उपेक्षा की है. पीएम मोदी ने कहा कि भाजपा सत्ता में आने के बाद शहरी विकास पर विशेष ध्यान केंद्रित करेगी. उन्होंने वादा किया कि भाजपा सरकार लोगों के सपनों को साकार करने के लिए हर संभव प्रयास करेगी और बुनियादी ढांचे को आधुनिक बनायेगी. प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर अपने अनुभव साझा करते हुए जनता का आभार जताया. उन्होंने लिखा- धन्यवाद दमदम. तृणमूल हार रही है और भाजपा जीत रही है. पीएम नरेंद्र मोदी के इस मेगा रोड शो ने दूसरे चरण के मतदान से पहले कोलकाता और उसके आसपास के शहरी क्षेत्रों में चुनावी माहौल को पूरी तरह गरमा दिया है. जिस तरह से दमदम की सड़कों पर लोगों का हुजूम उमड़ा, उसने भाजपा खेमे में जबरदस्त उत्साह भर दिया है.




## ईसी ने 'पक्षपात' के आरोप में हिंगलगंज के प्रभारी अधिकारी को निलंबित करने का आदेश दिया

**कोलकाताः** निर्वाचन आयोग ने उत्तर 24 परगना जिले के हिंगलगंज के प्रभारी अधिकारी (ओसी) को पक्षपातपूर्ण तरीके से काम करने के आरोपों के बाद निलंबित करने का आदेश दिया. पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव दुष्यंत नरियाला को भेजे गए एक पत्र में निर्वाचन आयोग ने कहा कि उसने राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) मनोज अग्रवाल द्वारा 21 अप्रैल को भेजी गयी एक रिपोर्ट की जांच की है जिसमें पक्षपात की शिकायतों और मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं ''स्थानीय तत्वों'' के बीच कथित सांठगांठ का उल्लेख किया गया है. आयोग ने 23 अप्रैल के आदेश में कहा गया है, मामले के तथ्यों और परिस्थितियों पर विचार करने के बाद आयोग निर्देश देता है कि हिंगलगंज के प्रभारी अधिकारी संदीप सरकार को निलंबित किया जाए और उनके खिलाफ तत्काल अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू की जाए. निर्वाचन आयोग ने कहा कि निर्देश को ''तत्काल प्रभाव से'' लागू किया जाना चाहिए. आयोग ने हिंगलगंज प्रभारी अधिकारी के रिक्त पद को जल्द से जल्द भरने के लिए राज्य सरकार से प्रस्ताव भी मांगा है. पश्चिम बंगाल विधानसभा के दूसरे चरण के मतदान के तहत 29 अप्रैल को भारत-बांग्लादेश सीमा के पास स्थित हिंगलगंज में मतदान होगा. इस सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने संदेशखाली आंदोलन की चेहरा रही रेखा पात्रा को तृणमूल कांग्रेस के आनंद सरकार के खिलाफ मैदान में उतारा है.

### अमित शाह ने घुसपैठ पर सरकार को घेरा, कहा-

# अब गो-तस्कर व घुसपैठिये जेल में होंगे



**कोलकाताः** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बंगाल के हिंगलगंज और उत्तरपाड़ा में ऐलान किया कि भाजपा सरकार आते ही गोतस्करों और घुसपैठियों को जेल भेजा जाएगा. उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं पर अत्याचार करने वालों को कड़ी सजा की चेतावनी दी. इस दौरान शाह ने गरीबों को 5 लाख के मुफ्त इलाज और महिलाओं की सुरक्षा का पक्का वादा किया. उन्होंने साफ कहा कि राज्य में भाजपा की सरकार बनते ही गोतस्करों को ऐसी कड़ी सजा मिलेगी कि उनकी आने वाली तीन पीढ़ियां भी ऐसा काम करने की हिम्मत नहीं करेंगी. इसके साथ ही चुनाव नतीजों के बाद उन घुसपैठियों को भी सीधा जेल भेजा जाएगा जो बंगाल के संसाधनों पर कब्जा कर रहे हैं. अमित शाह ने बंगाल चुनाव को लेकर कड़े तेवर दिखाते हुए कहा कि जिन लोगों ने भी भाजपा कार्यकर्ताओं पर अत्याचार किया है, उन्हें बिल्कुल भी बख्शा नहीं जाएगा. चुनाव के नतीजे आते ही इन सभी अत्याचारियों को खोजकर जेल की सलाखों के पीछे डाल दिया जाएगा. उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि बंगाल की जनता अब बदलाव के लिए पूरी तरह तैयार है. केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने भी हिंगलगंज का जिक्र करते हुए बताया कि भीषण गर्मी के बावजूद भारी भीड़ यह दिखाती है कि यह सिर्फ समर्थन नहीं है, बल्कि भाजपा के लिए जनता का एक मजबूत संकल्प है. भीड़ इतनी ज्यादा थी कि टेंट भी छोटे पड़ गए. महिलाओं की सुरक्षा को लेकर गृह मंत्री ने बंगाल की माताओं और बहनों को एक बड़ा भरोसा दिया है. उन्होंने चुनावी रैली में कहा कि बंगाल में भाजपा की सरकार बनने के बाद ऐसा सुरक्षित माहौल बनाया जाएगा कि महिलाएं रात के 2 बजे भी अपने घरों से बाहर निकलने में बिल्कुल भी डर महसूस नहीं करेंगी. यह वादा राज्य में कानून व्यवस्था को पूरी तरह से सुधारने और महिलाओं के मन से खौफ खत्म करने के लिए किया गया है. हिंगलगंज की रैली में अमित शाह ने स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर भी एक बहुत बड़ी घोषणा की. उन्होंने बताया कि पार्टी ने यह तय किया है कि बंगाल में सत्ता में आते ही गरीब लोगों को पांच लाख रुपये तक का मुफ्त स्वास्थ्य बीमा (हेल्थकेयर कवर) दिया जाएगा. इससे गरीब परिवारों को गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए भटकना नहीं पड़ेगा. इसके अलावा अमित शाह ने सोशल मीडिया पर यह भी कहा कि 4 मई को सत्ताधारी पार्टी का 'भाइपो टैक्स' भी हमेशा के लिए बंद हो जाएगा. पहले चरण के मतदान पर खुशी जताते हुए गृह मंत्री ने कहा कि 2026 के बंगाल विधानसभा चुनाव के पहले चरण में लोगों ने रिकॉर्ड तोड़ वोटिंग की है. बंगाल की जनता ने बदलाव के लिए अभूतपूर्व उत्साह और जोश के साथ मतदान किया है. यह भारी मतदान प्रतिशत पूरे देश में उन सभी लोगों के लिए बहुत ही उत्साह बढ़ाने वाला है जो लोकतंत्र में गहरा विश्वास रखते हैं.

### कोलकाता में दो डॉक्टरों को आतंकी धमकी

## चिट्ठी भेजकर मांगी 10-10 लाख की रंगदारी

**कोलकाताः** चुनावी माहौल के बीच कोलकाता के दो डॉक्टरों को आतंकी धमकी भरे पत्र भेजकर कुल 10-10 लाख रुपये की रंगदारी मांगी गई है. इस मामले में पूर्व कोलकाता के आनंदपुर और पूर्व जादवपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है, जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है. पुलिस सूत्रों के मुताबिक, पत्र भेजने वालों ने खुद को किसी आतंकी संगठन की 'स्पेशल यूनिट' बताते हुए दोनों डॉक्टरों से 10-10 लाख रुपये की मांग की है. पत्र में निर्देश दिया गया कि साइंस सिटी के पास एक तय स्थान पर काले रंग के स्कूल बैग में पैसे रखकर छोड़ दिए जाएं. धमकी में यह भी कहा गया है कि पत्र पढ़ने के बाद उसे नष्ट कर दिया जाए और लिफाफे को बैग में चिपका दिया जाए. साथ ही चेतावनी दी गई कि यदि पैसे नहीं दिए गए या किसी तरह की चालाकी की गई, तो डॉक्टर और उनके परिवार के सदस्यों की हत्या कर दी जाएगी. धमकी देने वालों ने खुद को 'गुरिल्ला युद्ध में प्रशिक्षित' और 'किलिंग मशीन' बताया गया है, साथ ही अत्याधुनिक हथियारों के इस्तेमाल का दावा भी किया गया है. हालांकि, पुलिस को संदेह है कि पत्र में दिया गया प्रेषक का नाम और पता फर्जी हो सकता है. यह भी आशंका जताई जा रही है कि असली में पत्र भेजने वाला डॉक्टरों का कोई परिचित व्यक्ति हो सकता है. फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और धमकी के पीछे की असल मंशा का पता लगाने की कोशिश में जुटी है.

# बंगाल चुनाव में बड़ी कार्रवाई, अब तक 481 करोड़ की जब्ती

**कोलकाताः** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 के पहले चरण का मतदान संपन्न होने के साथ ही मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय ने एक विस्तृत रिपोर्ट जारी की है. चुनाव आयोग ने निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के लिए राज्य भर में सघन अभियान चलाकर करोड़ों रुपए की नकदी, शराब और ड्रग्स जब्त किये हैं. आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक, मतदान के दिन भी सुरक्षा बलों ने मुस्तैदी दिखाते हुए नकद बरामदगी की है. 23 अप्रैल को मुर्शिदाबाद जिले के मुराराई विधानसभा क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई हुई. ऑन-ड्यूटी सीआरपीएफ (उठझत्र) के जवानों ने बूथ संख्या 137 पर एक पोलिंग एजेंट रजाउल दफादार के पास से 1,65,820 रुपए नकद बरामद किये. इससे एक दिन पहले यानी 22 अप्रैल को आबकारी विभाग ने पश्चिम मेदिनीपुर जिले के खड़गपुर टाउन, सबांग, घाटाल और बेलदा सहित 181 स्थानों पर छापेमारी की. छापेमारी में शराब, बीयर और स्पिरिट बरामद की गयी, जिसकी कुल कीमत 55,72,750 रुपए आंकी गयी है. चुनाव की घोषणा के बाद से (15 मार्च 2026 से) आयोग ने राज्य भर में भारी मात्रा में अवैध सामग्री जब्त की है. जब्ती की रकम 481 करोड़ के पार हो गयी है. इसमें 29.03 करोड़ रुपए नकद, 108.26 करोड़ रुपए के ड्रग्स और नशीले पदार्थ जब्त किये गये हैं. 107.53 करोड़ रुपए की 40 लाख लीटर से अधिक शराब पकड़ी गयी है. 57.28 करोड़ रुपए की कीमती धातुएं और 179.29 करोड़ रुपए के मुफ्त उपहार भी बरामद हुए हैं. शांतिपूर्ण मतदान के लिए प्रशासन ने बहुस्तरीय सुरक्षा रणनीति अपनायी है. 15 मार्च से अब तक 384 अवैध हथियार जब्त किये गये हैं. आयोग ने 1,232 बम, 595 कारतूस और लगभग 216.2 किलोग्राम विस्फोटक सामग्री बरामद की है. राज्य में कुल 52,869 लाइसेंसी हथियारों में से 41,704 हथियार थानों में जमा कराये जा चुके हैं. आयोग ने मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट के तहत सरकारी और निजी संपत्तियों से अवैध प्रचार सामग्री हटाने का अभियान चलाया है. पूरे राज्य में अब तक विज्ञापन और दीवारों पर लेखन के 21,96,607 मामले दर्ज कर हटाये गये हैं. सबसे अधिक कार्रवाई पश्चिम बर्धमान (3,19,985), उत्तर 24 परगना (1,76,537) और मुर्शिदाबाद (1,80,869) जिलों में की गयी है. कोलकाता उत्तर में 1.47 लाख और कोलकाता दक्षिण में 38 हजार से अधिक अवैध पोस्टर हटाये गये हैं. निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया है कि आगामी चरणों में भी स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए आचार संहिता का कड़ाई से पालन कराया जायेगा.

# प्रधानमंत्री मोदी ने मेरे साहसिक संघर्ष की सराहना की : आर जी कर पीड़िता की मां रत्ना देबनाथ



**कोलकाताः** आर. जी. कर चिकित्सालय दुष्कर्म और हत्या प्रकरण की पीड़िता की मां तथा पानीहाटी विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रत्याशी रत्ना देबनाथ ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उनके साहसिक संघर्ष की सराहना की है. रत्ना देबनाथ ने बताया कि पानीहाटी में आयोजित जनसभा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने उनसे कहा कि वह बहुत साहस के साथ लड़ाई लड़ रही हैं. उन्होंने कहा कि जब उन्होंने अपनी बेटी के लिए न्याय की मांग और उसकी पहचान सार्वजनिक करने की इच्छा जताई, तब प्रधानमंत्री ने उनके सिर पर हाथ रखकर उनका हौसला बढ़ाया. उन्होंने कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान वह लोगों से न्याय की अपील कर रही हैं और जनता भी चाहती है कि उनकी बेटी को इंसाफ मिले. उन्होंने कहा कि कोई भी यह स्वीकार नहीं कर सकता कि एक चिकित्सक की अस्पताल के भीतर इतनी निर्ममता से हत्या कर दी जाए. रत्ना देबनाथ ने कहा कि उनकी बेटी दुष्ट व्यवस्था की शिकार हुई. वह जानना चाहती हैं कि ऐसी बुराई की जड़ें कितनी गहरी हैं. उन्होंने कहा कि वह चाहती हैं कि अगली पीढ़ी इस प्रकार की किसी भी व्यवस्था का शिकार न बने. उन्होंने भावुक होकर कहा कि जिस पीड़ा से उनका परिवार गुजरा, वैसी स्थिति किसी अन्य माता-पिता को न झेलनी पड़े. वह केवल अपनी बेटी को न्याय दिलाने के लिए जीवित हैं. महिला सुरक्षा को चुनाव का सबसे बड़ा मुद्दा बताते हुए उन्होंने कहा कि उनकी बेटी के अनेक सपने थे, लेकिन एक फोन कॉल ने पूरा जीवन बदल दिया. अब उन्होंने संकल्प लिया है कि किसी दूसरी बेटी को ऐसी घटना का शिकार नहीं होने देंगी. रत्ना देबनाथ ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी घटना के चार दिन बाद उनके घर आई थीं और कहा था कि असली दोषी पकड़ा जा चुका है. लेकिन उन्होंने उसी समय कहा था कि गिरफ्तार व्यक्ति वास्तविक दोषी नहीं हो सकता, क्योंकि वह अस्पताल के बाहर था, जबकि उनकी बेटी अंदर थी. उन्होंने आरोप लगाया कि ऐसा अपराध किसी एक व्यक्ति का काम नहीं हो सकता. उनके अनुसार मुख्यमंत्री ने भी माना था कि अस्पताल के भीतर से कौन लोग शामिल थे, इसकी जांच होनी चाहिए, लेकिन उसके बाद कोई प्रगति नहीं हुई. इसी बीच प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी चुनावी सभा में कहा कि आर. जी. कर प्रकरण की बड़ी साजिश से जुड़े हर व्यक्ति की पहचान की जाएगी और पश्चिम बंगाल में भाजपा की सरकार बनने पर सभी को जवाबदेह ठहराया जाएगा.

### भवानीपुर में वोट से पहले 'जंग'

# शुभेंदु अधिकारी का दावा- टीएमसी ने बीजेपी की महिला कार्यकर्ता को घर में घुसकर धमकाया

**कोलकाताः** बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 के दूसरे चरण के मतदान से पहले दक्षिण कोलकाता का सियासी पारा चढ़ गया है. भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दिग्गज नेता और ममता बनर्जी के खिलाफ भवानीपुर विधानसभा सीट से चुनाव लड़ रहे शुभेंदु अधिकारी ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पर गंभीर आरोप लगाये हैं. शुभेंदु अधिकारी ने कहा है कि भवानीपुर निर्वाचन क्षेत्र में भाजपा की एक सक्रिय महिला कार्यकर्ता को उनके घर पर घेरकर डराया-धमकाया गया है. शुभेंदु ने इस घटना की शिकायत भारत निर्वाचन आयोग से की है और तत्काल हस्तक्षेप करते हुए दोषियों की गिरफ्तारी की मांग की है. पश्चिम बंगाल के लीडर ऑफ ऑपोजेशीन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस घटना की जानकारी साझा करते हुए टीएमसी समर्थकों पर तीखा हमला बोला. उन्होंने दावा किया कि भाजपा कार्यकर्ता बीना दास बुधवार देर शाम अपने घर पर थीं, तभी 'गुंडों' के एक समूह ने उनके आवास को घेर लिया. भवानीपुर के उम्मीदवार ने कहा कि बीना दास भाजपा के लिए घर-घर जाकर प्रचार (डोर-टू-डोर कैंपेन) कर रहीं थीं. इससे चिढ़कर उन्हें परेशान किया गया है. यह विपक्ष को दबाने और टीएमसी की इस भ्रष्ट शासन के खिलाफ आवाज उठाने वाली महिलाओं को आतंकित करने का प्रयास है. शुभेंदु अधिकारी ने इस धमकी को पहले चरण के मतदान से जोड़ते हुए दावा किया कि रिकॉर्ड मतदान से टीएमसी डरी हुई है. उन्हें अपनी हार साफ नजर आ रही है. इसलिए वे अब हिंसा और धमकियों का सहारा ले रहे हैं. कालीघाट पुलिस थाने में इसकी शिकायत की गयी है. भाजपा नेता ने आगाह किया कि अगर स्थानीय पुलिस मूकदर्शक रही, तो भाजपा चुप नहीं बैठेगी. शुभेंदु अधिकारी इस बार नंदीग्राम के साथ-साथ मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के गढ़ भवानीपुर से भी चुनाव लड़ रहे हैं.

## देगंगा में आईएसएफ नेता के दरवाज़े पर बम मिलने से दहशत



**कोलकाताः** दूसरे चरण के चुनाव के पहले शुक्रवार सुबह दक्षिण 24 परगना जिला अंतर्गत देगंगा इलाके में आईएसएफ नेता के दरवाज़े पर बम मिलने से इलाके में दहशत का माहौल है. सूत्रों के अनुसार, देगंगा में ग्राम पंचायत नंबर 2 के गोवर्धनपुर इलाके में आईएसएफ नेता मो. हबीबुल रहमान के घर के दरवाज़े पर ताज़ा बम मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है. उन्होंने बम रखने का आरोप सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल पर लगाए हैं. जबकि तृणमूल कांग्रेस ने आईएसएफ नेता के आरोप को बेबुनियाद बताया है. इस मामले को लेकर इलाके में तृणमूल और आईएसएफ के बीच फिर से राजनीतिक तनाव शुरू हो गया है. हबीबुल रहमान आईएसएफ के स्थानीय सचिव हैं. उन्होंने कहा कि सुबह जब उन्होंने घर का मुख्य दरवाज़ा खोला तो देखा कि दरवाज़े पर दो ताज़ा बम पड़े हैं. इसकी सूचना उन्होंने पुलिस को दी. सूचना पाकर मौके पर पुलिस पहुंची और दोनों बम बरामद किए. हबीबुल रहमान ने आरोप लगाया कि तृणमूल के बदमाशों ने यह सबकुछ किया है. उन्होंने दावा किया कि कुछ दिन पहले, उन्होंने पद्मपुकुर बाज़ार में आईएसएफ उम्मीदवार पियारुल इस्लाम के समर्थन में एक चुनावी सभा में सत्तारूढ़ पार्टी के भ्रष्टाचार के खिलाफ़ ज़ोरदार भाषण दिया था. उसी का बदला लेने के लिए, तृणमूल दरवाज़े पर बम रखकर डराने की कोशिश कर रही है. उन्होंने कहा कि यह दूसरी बार है जब उनके घर में बम रखा गया है. पुलिस मामले की जांच कर रही है.

# जादवपुर विश्वविद्यालय पर प्रधानमंत्री की टिप्पणी को लेकर ममता बनर्जी का पलटवार

**कोलकाताः** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री व तृणूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चुनावी सभा में जादवपुर विश्वविद्यालय को लेकर की गई टिप्पणी पर तीखी प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने कहा कि देश के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों में शामिल जादवपुर विश्वविद्यालय का अपमान स्वीकार नहीं किया जा सकता. मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर प्रधानमंत्री से सवाल किया कि क्या मेधावी छात्रों के बारे में इस तरह की भाषा और टिप्पणी करना उचित है. उन्होंने कहा कि जादवपुर विश्वविद्यालय लगातार केंद्र सरकार की राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग रूपरेखा में शीर्ष स्थानों पर रहा है, ऐसे संस्थान को निशाना बनाना दुर्भाग्यपूर्ण है. ममता बनर्जी ने कहा कि जादवपुर विश्वविद्यालय के छात्र अपनी मेहनत और योग्यता के आधार पर प्रवेश प्राप्त करते हैं. वे डिग्री, ज्ञान और सवाल पूछने की क्षमता के साथ बाहर निकलते हैं. उन्होंने कहा कि यह अराजकता नहीं, बल्कि शिक्षा और उत्कृष्टता की पहचान है. छात्रों का विरोध प्रदर्शन लोकतंत्र का हिस्सा है, न कि लोकतंत्र का पतन. छात्रों की आवाज उठाना अराजकता नहीं है, बल्कि यह लोकतांत्रिक चेतना का संकेत है. मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार पर परोक्ष हमला बोलते हुए कहा कि अराजकता वह है जब सत्ता का उपयोग न्याय के बजाय दबाव के साधन के रूप में किया जाए, किसानों की आवाज दबाई जाए, गरीबों को उनका अधिकार न मिले, समाज को धार्मिक आधार पर बांटा जाए और जवाबदेही से बचा जाए. ममता बनर्जी ने मणिपुर की स्थिति का उल्लेख करते हुए भी केंद्र सरकार पर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि जब देश के कुछ हिस्से संकट का सामना कर रहे हैं, तब सरकार चुनावी राजनीति में व्यस्त है. मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से आग्रह किया कि जादवपुर विश्वविद्यालय जैसे ऐतिहासिक और प्रतिष्ठित संस्थान को बदनाम न करें.

## ईवीएम और वोटिंग की सुरक्षा के लिए चुनाव आयोग ने बनाये कड़े नियम

**कोलकाताः** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 के पहले चरण के मतदान के बाद निर्वाचन आयोग सुरक्षा-व्यवस्था को और पुख्ता करने में जुट गया है. 23 अप्रैल को पहले चरण की वोटिंग के तुरंत बाद आयोग ने एक नया और सख्त दिशा-निर्देश जारी किया. यह गाइडलाइन मुख्य रूप से मतदान केंद्रों पर लगे निगरानी कैमरों और उनके वीडियो डेटा के सुरक्षित प्रबंधन के लिए तैयार की गयी है. आयोग का मकसद चुनावी पारदर्शिता को बनाये रखना और किसी भी तरह की डेटा छेड़छाड़ की गुंजाइश को शून्य करना है. नये प्रोटोकॉल के अनुसार, मतदान संपन्न होने के बाद कैमरों के साथ की जाने वाली प्रक्रिया में बड़ा बदलाव किया गया है. मतदान केंद्रों पर लगे कैमरों में इस्तेमाल किये गये एसडी कार्ड अब वोटिंग खत्म होते ही बूथ पर नहीं निकाले जा सकेंगे. अधिकारियों को केवल कैमरा उतारने की इजाजत होगी. उतारे गये कैमरे सीधे सेक्टर अधिकारी की कस्टडी में रहेंगे. इन्हें पूरी तरह सील बंद और सुरक्षित रखा जायेगा. एसडी कार्ड केवल निर्धारित डेटा संग्रहण केंद्र पर सहायक निर्वाचन अधिकारी की मौजूदगी में ही निकाले जा सकेंगे.

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा संख्याः एलआरसी_आरएसपी_आईसीएफ-हाइब्रिड_एनएमजीएचएसआर, दिनांकः 23.04.2026।** उप मुख्य यांत्रिक अभियंता (एलएचबी), पूर्व रेलवे, लिलुआ, हावड़ा, पिन-711204 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए वित्तीय एवं आर्थिक क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से ई-निविदा (खुली निविदा) आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नामः** आईसीएफ और हाइब्रिड कोचों का ऑटोमोबाइल्स कैरियर कम ब्रेक वैन कोचों में बदली। **कार्य की अनुमानित लागतः** ₹ 7,33,21,140.60। **बयाना राशिः** ₹ 14,66,400। **निविदा दस्तावेज की कीमतः** शून्य। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** 08.05.2026 को दोपहर 2.00 बजे। वेबसाइट का विवरण जहाँ संशोधनी-1 सहित निविदा का सम्पूर्ण विवरण उपलब्ध हैः **www.ireps.gov.in।**
(MISC-25/2026-27)
निविदा सूचना वेबसाइटः www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें: @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

# कैनिंग की रैली में अभिषेक बनर्जी बोले, छह माह के भीतर नगर पालिका बनाएंगे



**कोलकाताः** अभिषेक बनर्जी ने शुक्रवार को कैनिंग पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में आयोजित जनसभा में बड़ा वादा करते हुए कहा कि चुनाव परिणाम घोषित होने के छह माह के भीतर कैनिंग को नगर पालिका बनाने के लिए हरसंभव कदम उठाए जाएंगे. कैनिंग स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के निकट आयोजित सभा में उन्होंने राज्य सरकार के विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि अगले पांच वर्षों में गरीब लोगों को बंगाल आवास योजना के तहत सभी के सिर पर छत उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा. उन्होंने यह भी कहा कि कैनिंग के सभी पात्र वरिष्ठ नागरिकों को वृद्धावस्था भत्ता दिया जाएगा. इस दौरान उन्होंने भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि रोहिंग्या मुद्दा उठाकर लोगों को गुमराह करने की कोशिश की गई, जिसका जवाब जनता देगी. उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने बंगाल में बंगला भाषा बोलने वालों को जेल भेजने की धमकी दी थी. अभिषेक बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पुराने वादों का जिक्र करते हुए कहा कि प्रत्येक खाते में 15 लाख रुपये देने का वादा अब तक पूरा नहीं हुआ. उन्होंने कहा कि तृणमूल कांग्रेस की गारंटी आजीवन है. सभा में उन्होंने तृणमूल कांग्रेस के प्रत्याशी परेश राम दास की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह हमेशा लोगों के बीच रहते हैं और हर व्यक्ति को अपने परिवार का सदस्य मानते हैं. उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि उन्हें 50 हजार से अधिक मतों के अंतर से विजयी बनाया जाए. उन्होंने कहा कि पिछले दो वर्षों में इस विधानसभा क्षेत्र में 32 हजार गरीब लोगों को बंगाल आवास योजना का लाभ मिला है. 85 हजार महिलाओं को लक्ष्मी भंडार योजना का लाभ मिल रहा है, जबकि तीन लाख लोग खाद्य साथी योजना से लाभान्वित हो रहे हैं. उन्होंने दावा किया कि 23 तारीख (प्रथम चरण ) के मतदान के बाद तृणमूल कांग्रेस सौ सीटों से आगे निकल चुकी है , अब 29 तारीख (दूसरे चरण के मतदान के बाद विपक्ष पूरी तरह साफ हो जाएगा.

## पहले चरण के मतदान में तृणमूल ने शतक पार किया : अभिषेक बनर्जी

**कोलकाताः** विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान को लेकर तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने बड़ा दावा किया है. उन्होंने कहा कि पहले चरण में ही तृणमूल कांग्रेस 100 सीटों का आंकड़ा पार कर चुकी है और भाजपा खेमे में घबराहट का माहौल है. हावड़ा के जगतबल्लभपुर में आयोजित एक सभा को संबोधित करते हुए अभिषेक बनर्जी ने कहा कि पहले चरण के मतदान के बाद भाजपा के नेताओं में चिंता साफ दिखाई दे रही है. पहले चरण में 152 सीटों पर मतदान हुआ है. निर्वाचन आयोग के अनुसार इन सीटों पर करीब 92.88 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया, जो राज्य ही नहीं बल्कि देश के विधानसभा चुनावों में भी एक दुर्लभ आंकड़ा माना जा रहा है. मतदान प्रतिशत को लेकर तृणमूल और भाजपा दोनों ही दल अपने-अपने पक्ष में परिणाम आने का दावा कर रहे हैं. भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने पहले ही कहा था कि उनकी पार्टी पहले चरण में 125 से कम सीटें नहीं जीतेगी. वहीं, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दावा किया कि 152 सीटों में से कम से कम 110 सीटों पर भाजपा की जीत तय है. दूसरी ओर तृणमूल कांग्रेस का कहना है कि पहले चरण में ही पार्टी 125 के आसपास सीटें जीतने की स्थिति में है. इसी क्रम में अभिषेक बनर्जी ने अपने भाषण में कहा कि तृणमूल पहले चरण में ही शतक पार कर चुकी है. उन्होंने अपने संबोधन में 2021 के विधानसभा चुनाव और 2024 के लोकसभा चुनाव का भी जिक्र करते हुए कहा कि अधिक मतदान का लाभ पहले भी तृणमूल को मिला है और इस बार भी जनता का समर्थन पार्टी के साथ है.

आपकी वेदना, हमारी संवेदना
युवा शक्ति समाचार पत्र उठावना का विज्ञापन मात्र 1500 रुपये में प्रकाशित करता है
(साइज 12x8)
सम्पर्क :
मो. : 9831572125, 9831494084
www.yuvashakti.news.com
email: yuvashakti@hotmail.com

## न्यूज कॉर्नर

### डीएम ने जनता दरबार में सुनी आमजनों की समस्याएं, हुआ ऑन द स्पॉट निवारण

**युवा शक्ति न्यूज**

**गया :** जिले के डीएम शशांक शुभंकर ने समाहरणालय स्थित सभागार में शुक्रवार को आयोजित जनता दरबार के माध्यम से जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए लगभग 100 से अधिक आमजनों की समस्याएँ सुनीं.इस अवसर पर भूमि विवाद, आवास योजना, स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी शिकायतें, पेंशन योजना, मुआवजा, शिक्षा विभाग से संबंधित विषयों समेत अन्य मामलों को लोगों ने डीएम के समक्ष रखा.डीएम ने उपस्थित अधिकारियों को संबंधित प्रकरणों का त्वरित एवं निष्पक्ष निपटारा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए.उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान जिला प्रशासन की प्राथमिकता है और प्रत्येक विभागीय पदाधिकारी इस दिशा में गंभीरता से कार्य करें.

### एसएसपी ने प्रशिक्षु सिपाहियों के प्रशिक्षण का किया निरीक्षण

**युवा शक्ति न्यूज**

**गया** : जिले के एसएसपी सुशील कुमार के द्वारा शुक्रवार को पुलिस लाइन में चल रहे प्रशिक्षु सिपाहियों के प्रशिक्षण का निरीक्षण किया गया.निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रशिक्षण की गुणवत्ता, अनुशासन एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए.उन्होंने प्रशिक्षु सिपाहियों को कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन एवं समर्पण भाव के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया.

### कथा वाचक श्रीनिवास शर्मा (श्रीजी) को डॉक्टरेट उपाधि से सम्मानित करने पर प्रसन्नता




**कोलकाता :** श्रीकृष्ण चरण अनुरागी, प्रसिद्ध कथा वाचक श्रीनिवास शर्मा (श्रीजी) को डॉक्टरेट उपाधि से सम्मानित करने पर कोलकाता महानगर में पी एस मैन्नम परिवार ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए शुभकामना दी है . मुकेश अग्रवाल ने बधाई देते हुए कहा सनातन हिन्दू धर्म के प्रति आस्था एवम् भक्ति मार्ग में श्रीजी का निरन्तर मार्गदर्शन मिलता है . भारतीय धार्मिक मूल्यों, समकालीन विश्व पर प्रभाव विषय पर भारत सरकार द्वारा पंजीकृत विश्व संस्कृति एवं पर्यावरण संरक्षण आयोग द्वारा श्रीजी को डॉक्टरेट उपाधि से सम्मानित किया गया है .

### हत्या के प्रयास के कांड में दो अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार

**युवा शक्ति न्यूज**

**गयाजी :** शहर के डेल्हा थाना में 23 अप्रैल दिन शुक्रवार को वादी के द्वारा लिखित आवेदन दिया गया कि रात्रि में चिंटु कुमार अपने सहयोगियों के साथ मिलकर इनके ट्रक का बैटरी खोल रहा था.इनके द्वारा मना करने पर सभी लोगों के द्वारा जान मारने के नियत से धारदार हथियार से मारकर इन्हें बुरी तरह जख्मी कर दिया.इस संबंध में डेल्हा थाना कांड सं0-117/26, दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया.डेल्हा थानाध्यक्ष देवराज इंद्र के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए इस कांड में संलिप्त 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है.अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु छापामारी जारी है.थानाध्यक्ष ने बताया कि जिसकी गिरफ्तारी हुई है चिंटु कुमार और बिट्टू कुमार नाम है. दोनों पे0 स्व0 राजेश बेलदार, सा0 डेल्हा माल गोदाम, थाना डेल्हा, जिला गया है.

### एमजीएम अस्पताल की सातवीं मंजिल से कूदकर कैदी ने दी जान

**जमशेदपुर :** एमजीएम अस्पताल में इलाजरत एक कैदी ने सातवीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली. मृतक की पहचान अशोक कुमार के रूप में हुई है. जानकारी के अनुसार, अशोक कुमार पहले भी जेल के अंदर गला काटकर आत्महत्या का प्रयास कर चुका था, लेकिन समय रहते उसे बचा लिया गया था. शुक्रवार दोपहर डॉक्टर के पास ले जाने के दौरान उसने अचानक पुलिसकर्मियों का हाथ छुड़ाकर सातवीं मंजिल से छलांग लगा दी. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है.

## एसएसपी ने 107 मोबाइल फोन उनके वास्तविक धारकों को सौंपा



**युवा शक्ति न्यूज**

**गया :** गया पुलिस द्वारा ऑपरेशन मुस्कान के तहत जिले के सभी थाना/ओपी अन्तर्गत आमजनों के मोबाइल गुम हुए इत्यादि के अन्तर्गत सनहा दर्ज कराया गया.एसएसपी सुशील कुमार के निर्देशन में जिले के सभी थानों में टेक्निकल टीम का गठन किया गया.उक्त टीम के सदस्यों के द्वारा सीईआईआर पोर्टल से कुल 107 मोबाइल (अनुमानित कीमत लगभग 34,50,000/- रू0) बरामद कर एसएसपी द्वारा उनके वास्तविक धारकों को सौंपा गया.इस संबंध में शुक्रवार को एसएसपी सुशील कुमार के द्वारा बताया गया कि आगे भी ऐसे प्रयास जारी रहेंगे.उन्होंने आमजनों से अपील है कि चोरी या गुम हुए मोबाइल की शिकायत थानों के साथ-साथ सीईआईआर पोर्टल पर भी दर्ज करें, जिससे मोबाइल ट्रैक करने में आसानी हो सके.

# नगर आयुक्त ने वार्ड में सफाई व जलापूर्ति व्यवस्था का किया निरीक्षण

**युवा शक्ति न्यूज**

**गयाजी** : नगर आयुक्त अभिषेक पलासिया ने शुक्रवार को वार्ड संख्या 29 के कलेर एवं विनोवा नगर क्षेत्र का विस्तृत निरीक्षण कर साफ-सफाई, जलापूर्ति और बुनियादी सुविधाओं की स्थिति का जायजा लिया.निरीक्षण के दौरान उन्होंने कई स्थानों पर व्यवस्थाओं में लापरवाही पाई, जिस पर संबंधित अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए तत्काल सुधार के निर्देश दिए.निरीक्षण के क्रम में नगर आयुक्त ने देखा कि कई जगहों पर पेयजल के लिए लगाए गए वैट बंद पड़े हुए हैं, जिससे आसपास के जलापूर्ति के लिए लोगों की परेशानी हो रही है.इस पर उन्होंने संबंधित इंजीनियर को निर्देश दिया कि अविलंब सभी बंद वैट को चालू कराया जाए तथा नियमित रूप से सुचारू रूप से सुनिश्चित किया जाए, ताकि क्षेत्र में जल संकट से निजात मिलें.विनोवा नगर स्थित महादलित टोला में निरीक्षण के दौरान जल जमाव की

**महादलित टोले में खामियों पर जताई नाराजगी**




समस्या गंभीर रूप में सामने आई.कई गलियों और घरों के आसपास पानी जमा होने के कारण लोगों को आवागमन में कठिनाई हो रही थी, साथ ही बीमारियों के फैलने का खतरा भी बना हुआ है.नगर आयुक्त ने इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि जल निकासी की स्थायी व्यवस्था के लिए नाला निर्माण का शीघ्र प्राकलन तैयार कर कार्य शुरू कराया जाए.इसके अतिरिक्त क्षेत्र में स्थित सार्वजनिक शौचालयों की स्थिति भी काफी दयनीय पाई गई.कई शौचालयों में गंदगी फैली हुई थी और साफ-सफाई का अभाव नजर आया.इस पर नगर आयुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को तत्काल सफाई सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया तथा यह भी कहा कि जहां-जहां शौचालय की आवश्यकता है, वहां नए शौचालयों का निर्माण कराया जाए, ताकि लोगों को स्वच्छ एवं सुरक्षित सुविधा मिल सके.नगर आयुक्त ने निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को यह भी सख्त निर्देश दिया कि क्षेत्र में साफ-सफाई व्यवस्था को नियमित एवं प्रभावी बनाया जाए और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी.उन्होंने कहा कि नागरिकों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना नगर निगम की प्राथमिक जिम्मेदारी है, और इसमें किसी भी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए.इस मौके पर कार्यपालक अभियंता, परियोजना निदेशक, बुडको के संबंधित अधिकारी, स्वच्छता पदाधिकारी शुभम कुमार, सिटी मैनेजर, संबंधित जेई-एई सहित नगर निगम के अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे.

## सीयूएसबी के छात्रों को प्रतिष्ठित मुख्यमंत्री फेलोशिप मिला

**युवा शक्ति न्यूज**

**टेकारी(गया)** : दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएसबी) के चार पूर्ववर्ती छात्रों का बिहार सरकार की प्रतिष्ठित मुख्यमंत्री फेलोशिप योजना के लिए चयन हुआ है.इस फेलोशिप को प्राप्त करने वाली छात्रों में बिमलेश भगत (विकास अध्ययन विभाग), सौरभ कुमार सिंह (पर्यावरण अध्ययन विभाग), दीपिका कुमारी (विकास अध्ययन विभाग) और नेहा कुमारी (समाजशास्त्रीय अध्ययन विभाग) शामिल हैं.सीयूएसबी के कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह, कुलसचिव प्रो. नरेंद्र कुमार राणा, विभागाध्यक्षों और संकाय सदस्यों ने सफल छात्रों को बधाई दी है.इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कुलपति प्रो. के. एन. सिंह ने कहा कि यह बिहार में अपनी तरह की पहली फेलोशिप है और यह हमारे लिए गर्व की बात है कि हमारी चार पूर्व छात्राएं इस कार्यक्रम के लिए चयनित हुई हैं.साथ ही, यह शासन की कार्यप्रणाली को प्रत्यक्ष रूप से समझने का एक शानदार अवसर है.

जन संपर्क पदाधिकारी (पीआरओ) मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने शुक्रवार को बताया कि बिहार में मुख्यमंत्री फेलोशिप योजना (सीएमएफएस), आईआईएम बोध गया के सहयोग से, एक दो वर्षीय कार्यक्रम है, जिसे पेशेवरों को शासन और विकास में योगदान देने के लिए तैयार किया गया है.इस कार्यक्रम में 121 फेलोज़ को विभिन्न महत्वपूर्ण सरकारी विभागों में नियुक्त किया जाता है, जहां उन्हें 80,000 से 1,50,000 तक मासिक अनुदान दिया जाता है.इसमें प्रशिक्षण, मार्गदर्शन और जमीनी स्तर का अनुभव शामिल है.इसके तहत पब्लिक पॉलिसी और गुड गवर्नेंस में पोस्ट ग्रेजुएट सर्टिफिकेट प्रदान किया जाता है.यह फेलोशिप एक विशिष्ट और प्रभावशाली कार्यक्रम है, जिसे उन प्रतिभाशाली पेशेवरों के लिए तैयार किया गया है जो सामाजिक परिवर्तन का नेतृत्व करना चाहते हैं और 2047 तक विकसित बिहार की रूपरेखा बनाने में योगदान देना चाहते हैं.

### हथियार बंद बदमाशों की घर में घुसने की कोशिश हुई नाकाम

**युवा शक्ति न्यूज**

**गयाजी** : शहर के मधुसूदन कॉलोनी रोड नंबर 3 में हथियारबंद बदमाशों ने एक घर में चोरी का प्रयास किया. घर के सदस्यों के जागने और शोर मचाने पर सभी मौके से फरार हो गए.पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई. उक्त जानकारी के अनुसार गुरुवार देर रात करीब 12:50 बजे तीन से चार की संख्या में बदमाश विनोद कुमार के मकान की छत पर चढ़ गए.

### अधिकारियों ने किया स्थल निरीक्षण

**युवा शक्ति न्यूज**

**गयाजी** : शहर के बागेश्वरी गुमटी (71-ए) पर बनने वाले रेल ओवरब्रिज को लेकर अधिकारियों ने किया स्थल निरीक्षण.पुल निर्माण शुरू करने से पहले बागेश्वरी रोड पर भारी वाहनों का परिचालन बंद करने की तैयारी है.इसके लिए प्रशासन ने वैकल्पिक मार्ग पर मंथन शुरू कर दिया है.शुक्रवार को सदर एसडीएम के नेतृत्व में पुलिस पदाधिकारियों और पुल निर्माण निगम के अभियंताओं की संयुक्त टीम ने बागेश्वरी मोहल्ले का स्थलीय निरीक्षण किया.

## सीयूएसबी में पृथ्वी विषय पर संगोष्ठी का आयोजन

**युवा शक्ति न्यूज**

**टिकारी(गया)** : सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ साउथ बिहार (सीयूएसबी) के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा भोजन, ग्रह और पृथ्वी विषय पर एक वेबिनार का आयोजन किया गया.कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह के संरक्षण में यह कार्यक्रम हाइब्रिड मोड (ऑफलाइन एवं ऑनलाइन) में स्कूल ऑफ एजुकेशन के शारीरिक शिक्षा विभाग में शुक्रवार को आयोजित हुआ.कार्यक्रम का संचालन एनएसएस समन्वयक प्रो. उषा तिवारी तथा कार्यक्रम समन्वयक डॉ. राहुल सिंह (सहायक प्राध्यापक, शारीरिक शिक्षा) के मार्गदर्शन में किया गया.जन संपर्क पदाधिकारी (पीआरओ) मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में वेगन (शाकाहार समर्थक) नीरजा ढिल्लों शामिल हुई.उन्होंने वेगनिज़्म पर एक ज्ञानवर्धक और आकर्षक व्याख्यान दिया, जिसमें खाद्य प्रणालियों, पर्यावरणीय स्थिरता और पशुओं के नैतिक व्यवहार के बीच संबंधों पर प्रकाश डाला गया. वेबिनार के दौरान वक्ता ने खाद्य उद्योग की तीव्र वृद्धि को रेखांकित करते हुए पशु-आधारित उत्पादों से जुड़े नैतिक मुद्दों के प्रति जागरूकता बढ़ाई.उन्होंने बताया कि किस प्रकार पशुओं को अक्सर अप्राकृतिक परिस्थितियों में रखा जाता है, जिसमें उनकी प्राकृतिक क्षमता से अधिक उत्पादन के लिए मजबूर करना, रासायनिक इंजेक्शन का उपयोग और दूध व मांस उत्पादन बढ़ाने के लिए कृत्रिम तरीकों का सहारा लेना शामिल है.इस सत्र ने प्रतिभागियों को शाकाहार को जीवन में अपनाते हुए क्रूरता-मुक्त खाद्य विकल्पों पर विचार करने के लिए प्रेरित किया.वेबिनार में छात्रों ने प्रश्नोत्तर सत्र में सक्रिय भागीदारी करते हुए विचारोत्तेजक प्रश्न पूछे और वक्ता के साथ सार्थक चर्चा की.कार्यक्रम का समापन शारीरिक शिक्षा के शोधार्थी अनंत सांडिल्य द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ.यह वेबिनार अत्यंत ज्ञानवर्धक और विचारोत्तेजक सिद्ध हुआ, जिसने प्रतिभागियों को वेगनिज़्म, स्थिरता और नैतिक खाद्य प्रथाओं के प्रति अधिक जागरूक बनाया.

## बिहार विधानसभा अध्यक्ष ने खेल पदाधिकारी तथा विभिन्न खेल संघों के अध्यक्षों एवं सचिवों के साथ की समीक्षा बैठक

**युवा शक्ति न्यूज**

**गया** : जिले में खेलों के समग्र विकास एवं आधारभूत संरचना को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने अतिथि गृह सभागार में शुक्रवार को जिला खेल पदाधिकारी तथा विभिन्न खेल संघों के अध्यक्षों एवं सचिवों के साथ समीक्षा बैठक की.बैठक में टेबल टेनिस, कबड्डी, बैडमिंटन, क्रिकेट, तीरंदाजी, हॉकी, हैंडबॉल, रिंग टेनिस, बास्केटबॉल, शतरंज, वॉलीबॉल, खो-खो, शूटिंग, फुटबॉल एवं कराटे सहित विभिन्न खेलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया.इस दौरान जिले में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने, खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने एवं खेल प्रतिभाओं को निखारने पर विस्तार से चर्चा की गई.डॉ. प्रेम कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि गया जिले में अब तक 218 प्रखंड स्तरीय स्टेडियमों का निर्माण किया जा चुका है.इन स्टेडियमों में बाउंड्री, शौचालय, चेंजिंग रूम, गार्ड रूम, 400 मीटर ट्रैक, फुटबॉल ग्राउंड एवं दर्शक दीर्घा जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं.इसके अतिरिक्त कई अन्य स्टेडियमों का निर्माण कार्य भी प्रगति पर है.उन्होंने बताया कि 1 करोड़ 54 लाख रुपये की लागत से निर्मित हो रहा बैडमिंटन कोर्ट अब अंतिम चरण में है, जिसे शीघ्र ही खिलाड़ियों को समर्पित कर दिया जाएगा, जिससे युवा आधुनिक सुविधाओं के साथ अपने खेल कौशल को विकसित कर सकेंगे.तैराकी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्विमिंग पूल निर्माण पर भी चर्चा हुई.इस संदर्भ में डॉ. प्रेम कुमार ने बताया कि गांधी मैदान, गया के मध्य स्थित तालाब को आधुनिक स्वरूप में विकसित किया जा रहा है, जिसे विशेषज्ञों के परामर्श से तैराकी हेतु उपयोगी बनाया जाएगा.बैठक में विभिन्न खेलों से जुड़े पदाधिकारियों ने अभ्यास के लिए समुचित मैदान एवं स्थल की कमी की समस्या उठाई.इस पर अध्यक्ष ने संबंधित अभियंताओं को निर्देश दिया कि शीघ्र ही उपयुक्त स्थल चिन्हित कर भूमि उपलब्ध कराई जाए, ताकि खिलाड़ियों को नियमित अभ्यास की सुविधा मिल सके.

बैठक के उपरांत डॉ. प्रेम कुमार ने अभियंताओं के साथ हरिदास सेमिनरी खेल परिसर, गया कॉलेज खेल परिसर एवं राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित धुर्वे स्टेडियम का स्थल निरीक्षण किया तथा खिलाड़ियों से संवाद स्थापित किया. उन्होंने आश्वस्त किया कि धुर्वे में एक अत्याधुनिक एवं विशाल स्टेडियम का निर्माण कराया जाएगा, जहां सभी खेलों के लिए समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी.साथ ही वर्तमान के खेल परिसर में जो भी कमियां है जिन्हें जल्द से जल्द निदान किया जाएगा.

इस अवसर पर जिला खेल पदाधिकारी नेहा कुमारी, अधिवक्ता मुकेश शर्मा, आनंद शंकर तिवारी, संतोष कुमार छोटे, राजनंदन गांधी, धीरू, शशि सिन्हा, राहुल राज, सत्यम वर्मा, प्रकाश कुमार, आशुतोष कुमार, रवि कुमार, सरवर अली, निशांत गोस्वामी, रविंद्र कुमार सिंह, डॉ. मनीष, राजेंद्र कुमार वर्मा, अंजर अहमद, विकास कुमार, खातिब अहमद, लक्ष्मण कुमार एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे.

## अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत सभी सार्वजनिक स्थलों पर प्याऊ का संचालन कराना सुनिश्चित करेंगे : डीएम

**युवा शक्ति न्यूज**

**गया** : जिले के डीएम शशांक शुभंकर की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में गर्म हवाएं/लू से बचाव हेतु वरीय पदाधिकारी, जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक निर्देश दिया गया.बैठक में डीएम ने बताया कि गया जिला में अप्रैल माह से अत्यधिक गर्मी पड़ रही है तथा आगे और अधिक गर्मी पड़ने की संभावना है, जिससे बचाव हेतु सरकार द्वारा गाइडलाइन जारी किया गया है, जिसका पालन शत प्रतिशत कराने की आवश्यकता है.डीएम ने नगर आयुक्त, गया नगर निगम, गया/कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत/नगर परिषद को निर्देश दिया कि अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत सभी सार्वजनिक स्थलों पर प्याऊ का संचालन कराना सुनिश्चित करेंगे.साथ ही पूर्व से बने प्याऊ की मरम्मति कर संचालन करना सुनिश्चित करेंगे.साथ ही साथ संबंधित प्याऊ पर बैनर/पोस्टर के माध्यम गर्म हवाएं/लू से बचने हेतु क्या करें, क्या ना करें की जानकारी का प्रचार प्रसार कराना सुनिश्चित करेंगे.साथ ही प्रत्येक प्याऊ की निगरानी संबंधित क्षेत्र के पदाधिकारी द्वारा किया जाएगा, यथा साफ-सफाई, पेयजल की उपलब्धता इत्यादि.उन्होंने कहा कि जहां भी खराब पड़े चापाकल बचे हुए है, उन्हें यथाशीघ्र मरम्मत करना सुनिश्चित करें.साथ ही नल जल की मरम्मत करना सुनिश्चित करेंगे.यदि मरम्मति कार्य में विलंब हो रहा है, तो तुरंत वैसे स्थल पर पानी टैंकर बहाल कर पेयजल आपूर्ति कराना सुनिश्चित करेंगें.उन्होंने लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के कार्यपालक अभियंता को स्पष्ट निर्देश दिया कि चापाकल मरम्मति का कार्य तेजी से कराएं.साथ ही जहां नए चापाकल की आवश्यकता है, वहां चापाकल यथाशीघ्र लगाना सुनिश्चित करेंगे.बैठक में अधीक्षक, मगध मेडिकल, सिविल सर्जन को निर्देश दिया गया कि जिले के सभी जिला अस्पताल, अनुमंडल अस्पताल तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर हीट वेव से संबंधित विशेष वार्ड की व्यवस्था करना सुनिश्चित करेंगे, जहां बेड, पेयजल, ओआरएस, एसी/कलर इत्यादि की पर्याप्त मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो.साथ ही साथ जीवन रक्षक दवाएं मौजूद हो, इसे सुनिश्चित करेंगे.

बैठक में डीईओ को निर्देश दिया गया कि जिला प्रशासन द्वारा गर्म हवाएं/लू से बचाव हेतु पूर्व में जारी आदेश सरकारी विद्यालय/गैर सरकारी विद्यालय, कोचिंग संस्थान के संचालन हेतु समय का निर्धारण किया गया है, इसका पालन शत प्रतिशत कराना सुनिश्चित करेंगें.यदि किसी संस्थान द्वारा इसका पालन नहीं किया जाता है, तो उन पर सख्ती से कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे.साथ ही जिले के सभी परीक्षा केंद्रों पर संबंधित विद्यालय द्वारा शुद्ध शीतल पेयजल, ओआरएस की व्यवस्था करना अनिवार्य है,

इसे सुनिश्चित कराएंगे.उन्होंने डीपीओ आईसीडीएस को निर्देश दिया कि सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर भी पेयजल, ओआरएस की पर्याप्त व्यवस्था रखेंगे.इस हेतु सभी सीडीपीओ को अपने स्तर से निर्देशित करेंगे.बैठक में डीपीआरओ को निर्देश दिया गया कि जिले के सभी पंचायत के सार्वजनिक स्थल, बाजार, हाट जैसे भीड़ भाड़ जगह पर पेयजल व्यवस्था करना सुनिश्चित करेंगे.डीटीओ को निर्देश दिया गया कि जिले के बस स्टैंड/ऑटो स्टैंड इत्यादि जगह पर पेयजल की व्यवस्था हो, इसे सुनिश्चित करेंगे.उन्होंने विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता को निर्देश दिया कि नल जल योजना में यदि कहीं बिजली कनेक्शन की शिकायत प्राप्त होती है तो उसे तत्परता के साथ मरम्मत करना सुनिश्चित करेंगे.डीएम ने जिला अग्निशमन पदाधिकारी को निर्देश दिया कि सभी अग्निशमन वाहनों को तैयार रखना सुनिश्चित करेंगे ताकि किसी भी प्रकार की आग लगी की घटना को ससमय निपटाया जा सके.जिला पशुपालन पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि पशुओं के लिए पर्याप्त पानी एवं चारा की व्यवस्था करना सुनिश्चित करेंगे. यदि पशुओं के उपयोग हेतु पेयजल की समस्या है, तो पीएचईडी विभाग से समन्वय स्थापित कर कार्य कराना सुनिश्चित करेंगे.डीएम ने प्रखंडों के वरीय पदाधिकारी को अपने-अपने प्रखंड की नियमित समीक्षा करने का निर्देश दिया.उन्होंने कहा कि यदि पेयजल से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत प्राप्त होती है तो उसे तत्परता से निष्पादन करना सुनिश्चित करेंगे.

उन्होंने सभी बीडीओ को निर्देश दिया कि वे अपने प्रखंड के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर अपने प्रखंड के पेयजल समस्या से अवगत होते हुए इसका निष्पादन साथ समय करना सुनिश्चित करेंगे. यदि कहीं भी पेयजल की समस्या है और वहां मरम्मति में समय लग रहा है तो वैसे जगह पर पानी टैंकर यथाशीघ्र उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे.पेयजल से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत हेतु जिला नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या 0631-2222253 पर दर्ज कर सकते हैं.बैठक में नगर आयुक्त, डीडीसी, एडीएम राजस्व / विधि व्यवस्था/ आपदा, अधीक्षक मगध मेडिकल, सिविल सर्जन, स्थापना उप समाहर्ता, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला पंचायत राज पदाधिकारी सहित अन्य वरीय पदाधिकारी, जिला स्तरीय पदाधिकारी, वरीय उप समाहर्तागण तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित हैं.

## बरौनी रिफाइनरी ने राष्ट्रकवि दिनकर को पुण्यतिथि पर नमन किया



**बेगूसराय (युवा शक्ति) :** इंडियन ऑयल की बरौनी रिफाइनरी ने राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर जी की 52 वीं पुण्यतिथि पर शुक्रवार को किया उन्हें नमन किया. 24 अप्रैल, 2026 को बिहार के बेगूसराय जिले के सिमरिया गाँव में जन्मे राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की 52वीं पुण्यतिथि पर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई. इस अवसर पर कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख सत्य प्रकाश, उप विकास आयुक्त आकाश चौधरी, मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) भास्कर हजारिका, प्रबन्धक(ईएमएस, एमएस, एवं एलएण्डी) राधे श्याम प्रसाद, मुख्य प्रबंधक (ईएमएस, सीसी एवं हिन्दी) मीनाक्षी ठाकुर तथा अन्य वरिष्ठ मार्केटिंग एवं रिफाइनरी के अधिकारियों ने जीरो माइल पर स्थित दिनकर जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित किया. दिनकर जी भारतीय साहित्य के महान कवि एवं चिंतक रहे हैं, जिन्हें उनकी राष्ट्रवादी कविताओं के लिये विशेष रूप से जाना जाता है. उनकी अमर कृतियों में कुरुक्षेत्र, रश्मिरथी, संस्कृत के चार अध्याय और उर्वशी शामिल है. साहित्य जगत में उनके योगदान के लिये उन्हें साहित्य अकादमी पुरस्कार, ज्ञानपीठ पुरस्कार और पद्मभूषण जैसे प्रतिष्ठित सम्मानों से अलंकृत किया गया. बरौनी रिफाइनरी के अधिकारियों और कर्मचारियों ने इस अवसर पर दिनकर जी के साहित्यिक योगदान को याद किया. उनकी रचनाएँ आज भी समाज को राष्ट्रप्रेम, साहस और नैतिक मूल्यों की प्रेरणा देती है. राष्ट्रकवि दिनकर की विचारधारा और साहित्यिक विरासत आने वाली पीढ़ियों को सदैव मार्गदर्शन प्रदान करती रहेगी.

## अपने ही बहन का कातिल निकला भाई, डीएसपी ने प्रेस वार्ता कर दी जानकारी

**युवा शक्ति न्यूज**

**गयाजी** : शहर के रामपुर थाना क्षेत्र के सिंगरा स्थान पहाड़ी पर मिली अज्ञात महिला की लाश की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है.यह मामला कोई साधारण हत्या नहीं, बल्कि ऑनर किलिंग का निकला, जहाँ अपनी ही बहन के चरित्र पर शक और सामाजिक लोक-लाज के डर से एक भाई कातिल बन बैठा.पुलिस के अनुसार, मृतका का सगा भाई शंकर कुमार उसे रास्ते से हटाने की साजिश रच चुका था. 3 अप्रैल 2026 को वह अपनी बहन को बहला-फुसलाकर गया लाया और सिंगरा स्थान की सुनसान पहाड़ी पर ले गया.वहाँ उसने अपने कुछ रिश्तेदारों के साथ मिलकर बड़ी बेरहमी से अपनी बहन की गला घोंटकर हत्या कर दी.पुलिस को गुमराह करने और लाश की पहचान मिटाने के इरादे से उसने बहन के चेहरे पर तेजाब डाल दिया ताकि कोई उसे पहचान न सके.रामपुर थाना पुलिस और तकनीकी शाखा की मदद से पुलिस ने वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाए.04 अप्रैल को शव मिलने के महज कुछ ही दिनों के भीतर पुलिस ने अपराधी तक पहुँचने में सफलता हासिल की.मामले के मुख्य आरोपी शंकर कुमार को शेरघाटी के दक्षिण खाप से गिरफ्तार कर लिया गया है.साथ ही हत्या में इस्तेमाल की गई बाइक और एक मोबाइल भी जब्त किया है.पुलिस इस मामले में अन्य परिजनों की भूमिका की भी जांच कर रही है.सीटी डीएसपी टू धर्मेंद्र भारती ने स्पष्ट किया है कि इस साजिश में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा.छापेमारी जारी है और पुलिस जल्द ही चार्जशीट दाखिल कर स्पीडी ट्रायल की मांग करेगी ताकि पीड़ित को न्याय मिल सके.डीएसपी धर्मेंद्र भारती ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि यह मामला सीधे तौर पर ऑनर किलिंग का है.अभियुक्त शंकर कुमार ने स्वीकार किया है कि वह अपनी बहन के तीन साल बाद लौटने और दूसरे बच्चे को लेकर समाज में होने वाली बदनामी से डरा हुआ था.इसी मान-सम्मान के झूठे भ्रम में उसने अपनी बहन की हत्या कर दी और पहचान छुपाने के लिए चेहरे को तेजाब से जला दिया.गया पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी को बाइक और मोबाइल के साथ गिरफ्तार कर लिया है.साक्ष्य मिटाने और हत्या की धाराओं के तहत कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी.इस मामले में शामिल अन्य लोगों को तलाश जारी है.

## राष्ट्रीय पंचायती राज को सशक्त बनाने में कांग्रेस पार्टी की भूमिका विषय पर गोष्ठी का आयोजन

**युवा शक्ति न्यूज**

**गयाजी** : राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर शहर के स्थानीय चौक स्थित महात्मा गांधी प्रतिमा स्थल प्रांगण में राष्ट्रीय पंचायती राज को सशक्त बनाने में कॉंग्रेस पार्टी की भूमिका विषय पर शुक्रवार को गोष्ठी का आयोजन किया गया.गोष्ठी को संबोधित करते हुए बिहार प्रदेश कॉंग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि प्रो विजय कुमार मिट्ठू, पूर्व विधायक मोहम्मद खान अली, जिला कॉंग्रेस उपाध्यक्ष दामोदर गोस्वामी, विपिन बिहारी सिन्हा, इंटक के जिला महासचिव टिंकू गिरी, प्रद्युम्न दुबे, अशोक राम, रूपेश चौधरी, अमरजीत कुमार, रमेश कुमार गुप्ता, आदि ने कहा कि पंचायती राज सच्चे लोकतंत्र का प्रतिनिधित्व करता है, पंचायती राज संस्थाएं हमारे लोकतंत्र की मजबूत नींव है, भारत की असली ताकत गांवों में बसती है, इसलिए गांवों का सशक्त विकास ही देश की प्रगति का मार्ग है.

## नीति आयोग के उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई



**युवा शक्ति न्यूज**

**गया :** बीटीएमसी, बोधगया के सभागार में नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन के. बेरी की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक शुक्रवार को आयोजित की गई.इस बैठक का उद्देश्य नीति आयोग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा करना तथा उनके प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करना है.बैठक में विशेष रूप से आकांक्षी जिला कार्यक्रम के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई. इस कार्यक्रम के तहत पाँच प्रमुख विषयों (थीम्स) पर फोकस किया गया है, जिनमें-स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कृषि एवं जल संसाधन, वित्तीय समावेशन एवं कौशल विकास, मूलभूत अवसंरचना शामिल हैं.इसके अतिरिक्त बैठक में संपूर्णता अभियान-2.0 के तहत आकांक्षी जिला एवं आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रमों की प्रगति की भी समीक्षा की गई.इन अभियानों का उद्देश्य निर्धारित संकेतकों में शत-प्रतिशत संतृप्ति प्राप्त करना है, ताकि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक सुनिश्चित किया जा सके.बैठक में नीति आयोग के वित्तीय सहयोग से पूर्ण हो चुकी योजनाओं वर्तमान में संचालित योजनाओं तथा वित्तीय सहयोग हेतु लंबित योजनाओं की स्थिति पर भी विस्तार से चर्चा किया गया.साथ ही इन योजनाओं के अंतर्गत निर्धारित कुल 49 प्रमुख संकेतकों की उपलब्धि एवं प्रगति का विश्लेषण प्रस्तुत किया गया.इस समीक्षा बैठक में जिले के डीएम शशांक शुभंकर, एडीएम (विधि व्यवस्था) मो शफीक, जिला योजना पदाधिकारी अभय कुमार, जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी दीपक चंद्र देव सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन से जुड़े अन्य हितधारक उपस्थित हुए.बैठक से अपेक्षा है कि यह विभिन्न योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन को गति प्रदान करेगी तथा क्षेत्रीय विकास को नई दिशा देगी.

# बिजली की आंख-मिचौनी से त्रस्त जमशेदपुर का गैर कंपनी कमांड क्षेत्र

## विद्युत विभाग के महाप्रबंधक से मिला जदयू प्रतिनिधिमंडल



**जमशेदपुर** : जमशेदपुर के गैर-कंपनी इलाकों एवं मानगो नगर निगम क्षेत्र में लगातार हो रही घंटों की बिजली कटौती और लचर व्यवस्था को लेकर जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय के निर्देशानुसार जनता दल (यूनाइटेड) का एक प्रतिनिधिमंडल जिला अध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव के नेतृत्व में झारखंड विद्युत वितरण लिमिटेड के महाप्रबंधक से मिला. प्रतिनिधिमंडल ने महाप्रबंधक को अवगत कराया कि पिछले कई दिनों से बिजली की आंख-मिचौनी से आम जनजीवन पूरी तरह प्रभावित है. जमशेदपुर एक मजदूर प्रधान शहर है, जहां दिनभर कड़ी मेहनत के बाद जब मजदूर अपने घर लौटते हैं तो बिजली नहीं रहने के कारण उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है. भीषण गर्मी में यह समस्या और भी गंभीर हो गई है. बिजली की अनियमित आपूर्ति के कारण छात्रों की पढ़ाई बाधित हो रही है, वहीं बुजुर्गों एवं महिलाओं के लिए स्थिति अत्यंत कष्टदायक हो गई है. आम जनता में इसको लेकर भारी आक्रोश व्याप्त है. महाप्रबंधक ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि समस्या के समाधान के लिए विभाग गंभीर है और जल्द ही स्थिति में सुधार किया जाएगा. प्रतिनिधिमंडल के पहुंचने की सूचना पर महाप्रबंधक ने अपने अभियंताओं के साथ आकस्मिक बैठक कर समस्या के शीघ्र समाधान हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा भरोसा दिलाया कि एक-दो दिनों में स्थिति सामान्य हो जाएगी. जनता दल (यूनाइटेड) ने चेतावनी दी है कि यदि बिजली आपूर्ति की स्थिति में जल्द सुधार नहीं हुआ तो जनाक्रोश को देखते हुए पार्टी आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी.

अतः विद्युत विभाग से मांग की जाती है कि इस गंभीर समस्या को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र समाधान किया जाए, ताकि भीषण गर्मी में आम जनता को राहत मिल सके.

प्रतिनिधिमंडल में युवा मोर्चा अध्यक्ष नीरज सिंह, जनसुविधा प्रतिनिधि पप्पू सिंह, अमित शर्मा, बीर सिंह देवगम, कदमा मंडल अध्यक्ष तारक मुखर्जी, जिला सचिव मनोज सिंह, उपेंद्र सिंह, मुकेश सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे.

## नगर परिषद अध्यक्ष ने जनहित के कार्यों पर जताई प्रतिबद्धता



**साहिबगंज** : ईस्टर्न झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधिमंडल ने अध्यक्ष आर. अग्रवाल के नेतृत्व में शुक्रवार को नगर परिषद अध्यक्ष रामनाथ पासवान से मुलाकात कर शहर की समस्याओं से जुड़ा ज्ञापन सौंपा.ज्ञापन में बंद पड़े शौचालयों के संचालन, सोलर स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत, सड़कों की स्थिति सुधार, कचरा प्रबंधन, नाली सफाई, पेयजल आपूर्ति, पार्क विकास, अतिक्रमण नियंत्रण सहित कई मुद्दे उठाए गए.अध्यक्ष रामनाथ पासवान ने सभी बिंदुओं पर गंभीरता से विचार करने और जनहित में आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया. इस दौरान चैंबर के कई सदस्य उपस्थित रहे.

## न्यूज़ कॉर्नर

### बिजली आपूर्ति की अनियमितता के कारण दो दिनों से शहरी जलापूर्ति बाधित



**पाकुड़**:गर्मी की दस्तक के साथ पाकुड़ में बिजली की आंखमिचौली व शहरी जलापूर्ति के बाधित होने की समस्या गहराने लगी. गत दो दिनों से शहरी जलापूर्ति बाधित है. इस बाबत पी एच ई डी के कर्मी ने बताया कि टंकी भरने में निर्बाध रूप से दो तीन घंटे की बिजली चाहिए. इस मुद्दे पर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी अमरेंद्र चौधरी ने बताया कि बिजली बाधित होने के कारण जलापूर्ति बाधित हुई है. उन्होंने कहा कि इस बाबत वे बिजली विभाग के कार्यपालक पदाधिकारी को पत्र भी लिखेंगे. वहीं बिजली विभाग के कार्यपालक पदाधिकारी से जब इस मुद्दे पर बात की गई तो उन्होंने कहा कि बिजली पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं हो पा रही है जिसके कारण ऐसी समस्या आ रही है. बताते चलें कि पिछले दिनों ही निवर्तमान उपायुक्त मनीष कुमार ने बिजली विभाग के साथ समीक्षात्मक बैठक कर बिजली आपूर्ति हेतु सख्त निर्देश दिया था.

### मैथन में धूमधाम से मना वीर कुंवर सिंह जयंती



**मैथन (धनबाद)**: मैथन क्षेत्र में श्री महाराणा प्रताप चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा भव्य विजयोत्सव' बाबू वीर कुंवर सिंह जयंती समारोह का आयोजन किया गया. इस गौरवशाली कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में निरसा विधायक अरूप चटर्जी जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह रणबीजय सिंह राजपूत एकता मंच के अध्यक्ष अरुण सिंह राजेंद्र सिंह सुधीर सिंह उदय प्रताप सिंह एवं कई गण मान्य लोग उपस्थित हुए.विधायक अरूप चटर्जी ने विधिवत दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की. इस दौरान उन्होंने वीर योद्धा बाबू वीर कुंवर सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया.राजपूत समाज के प्रतिनिधियों और मंच के सदस्यों द्वारा विधायक अरूप चटर्जी का भव्य स्वागत और सम्मान किया गया. कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने बाबू वीर कुंवर सिंह की वीरता और 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में उनके अतुलनीय योगदान पर प्रकाश डाला. विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि वीर कुंवर सिंह और महाराणा प्रताप जैसे महापुरुषों का जीवन हमारे समाज और युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है.राजपूत एकता जिंदाबाद जय भवानी भारत माता की जय के नारों के बीच समाज की एकजुटता और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर चर्चा की गई.इस अवसर पर महाराणा प्रताप चैरिटेबल ट्रस्ट के पदाधिकारी, रुद्र प्रताप सिंह आशीष सिंह दिलीप सिंह प्रमोद सिंह मनोज सिंह मन्नू सिंह प्रभु सिंह अमित सिंह संदीप सिंह लाल बाबू सिंह और मैथन क्षेत्र के गणमान्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे. पूरे क्षेत्र में इस आयोजन को लेकर भारी उत्साह देखा गया.

### 15वें वित्त आयोग की राशि से साइकिल स्टैंड का निर्माण



**उधवा** : प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय उत्तर पियारपुर प्रांगण में 15वें वित्त आयोग की राशि से यात्रियों के बैठने के लिए शेड,शीतल पेयजल की व्यवस्था एवं छात्रों के लिए साइकिल स्टैंड का निर्माण कराया गया है. जिसका उद्घाटन गुरुवार की देर रात विधायक प्रतिनिधि मो. मारूफ उर्फ गुड्डू एवं थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज,झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अयूब अली,झामुमो जिला संगठन सह सचिव काजू मल्लिक, पंचायत के मुखिया आजाद शेख ने संयुक्त रूप से फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया. इस दौरान विधायक प्रतिनिधि मो. मारूफ उर्फ गुड्डू ने कहा कि पंचायत के मुखिया के सकारात्मक पहल से यह व्यवस्था ग्रामीण एवं विशेष कर छात्रों के लिए हुई है. जिसका निश्चित ही लोगों को लाभ मिलेगा और इस उमस भरी गर्मी में ठंड पेयजल भी मिलेगी. मौके पर वार्ड सदस्य टिपू सुल्तान,टिंकू शेख,बबलू शेख,नाजिर शेख,साहेब शेख,आबुल कलाम आजाद,हफीजुर रहमान,कौशर शेख सहित अन्य मौजूद थे.

### मारपीट मामले में दो नामजद आरोपित गिरफ्तार

**उधवा** : राधानगर थाना पुलिस ने बीते गुरुवार की रात्रि को थाना क्षेत्र के उत्तरी सरफराजगंज पंचायत में छापेमारी कर मारपीट मामले के दो नामजद आरोपित को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपित को पुलिस ने शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है. पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना क्षेत्र के उत्तरी सरफराजगंज पंचायत अंतर्गत दौलत टोला के पीड़िता रूपाली कुमारी ने थाने में लिखित आवेदन देकर आरोप लगाया है कि गांव के ही प्रीतम मंडल,श्रीतम मंडल सहित चार लोगों ने एकजुट होकर जान मारने की नियत से हमला कर घायल कर दिया. त्वरित कार्रवाई करते हुए राधानगर पुलिस ने छापेमारी कर नामजद आरोपित प्रीतम एवं श्रीतम मंडल को गिरफ्तार कर शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है.

### जनता दरबार का आयोजन



**साहिबगंज:** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त दीपक कुमार दुबे के निर्देशानुसार समाहरणालय स्थित उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में अपर समाहर्ता गौतम कुमार भगत द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया.जनता दरबार में जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने अपनी समस्याओं से अपर समाहर्ता को अवगत कराया. अपर समाहर्ता ने लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी. साथ ही उनके सामाधान को लेकर उन्हें आश्वस्त कराया. संज्ञान में आए हुए शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द समाधान करने की बात कही. जनता दरबार में शिकायतकर्ता की समस्याएं को सुनने के पश्चात संबंधित विभाग के अधिकारियों को उनका समाधान करने को लेकर निर्देशित किया. सभी आवेदनों की भौतिक जांच करते हुए उसका समाधान जल्द से जल्द सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करें.

## धरती बचाओ अभियान अंतर्गत संतुलित उर्वरक उपयोग पर विशेष जागरूकता अभियान




**साहिबगंज** : धरती बचाओ अभियान के तहत राजमहल प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में किसानों के बीच संतुलित उर्वरक उपयोग को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया. आत्मा, साहेबगंज के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया.

प्रखंड तकनीकी प्रबंधक संजय कृष्ण रंजन एवं कृषि समन्वयक निकेश कुमार ने किसानों को बताया कि असंतुलित उर्वरक उपयोग से मृदा की उर्वरता घटती है और उत्पादन प्रभावित होता है, इसलिए मृदा परीक्षण के आधार पर ही उर्वरक का प्रयोग करें.इस दौरान मृदा स्वास्थ्य कार्ड के लाभ, हरी खाद, गोबर खाद, जैव उर्वरक, वर्मी कंपोस्ट और प्राकृतिक खेती अपनाने की सलाह दी गई. विशेषज्ञों ने कहा कि इससे लागत कम होती है और भूमि की गुणवत्ता लंबे समय तक बेहतर बनी रहती है.किसानों ने संतुलित उर्वरक उपयोग और प्राकृतिक खेती अपनाने का संकल्प लिया. यह अभियान किसानों की आय बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है.

## तालपहाड़ी की ऋतु कुमारी मैट्रिक में हुई जिला टॉपर



**लिट्टीपाड़ा (पाकुड़)** : हौसला बुलंद हो और परिश्रम सार्थक हो तो पत्थर में भी जान फूंक देते हैं राही और इस सत्य कर दिखाया है लिट्टीपाड़ा प्रखंड क्षेत्र के एक छोटे से गांव तालपहाड़ी के ऋतु कुमारी ने. +2उच्च विद्यालय तालपहाड़ी की छात्रा ऋतू कुमारी पिता पवन कुमार साहा माता नीलम देवी पुत्री है. मैट्रिक परीक्षा में 500अंको में 479अंक लाकर जिला टॉपर के साथ-साथ अपने माता-पिता एवं गुरुजनों का मान बढ़ाया है. ऋतू ने अपनी पढ़ाई की शुरुआत कक्षा एक से बार्षिक तक अपग्रेड +2उच्च विद्यालय तालपहाड़ी जैसे छोटे से गांव से ही की और पूरे जिला में टॉप रही. ऋतू ने अपने सफलता का श्रेय माता पिता के अलावे शिक्षक को दी है . ऋतू ने कहा की मै आगे की पढ़ाई जारी रखते हुए यू पी एस सी की तैयारी करूंगी.

## मन की बात के 133 वें एपिसोड की तैयारी हेतु बैठक का हुआ आयोजन

**पाकुड़**:प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम मन की बात के 133 वें एपिसोड की पूर्व तैयारी बैठक इलामी मंडल के मंडल अध्यक्ष बापोन सरकार की अध्यक्षता में तारानगर गाँव में हुई. इस बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष अमृत पांडेय, पूर्व जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र त्रिवेदी, मनोरंजन सरकार, गांधाईपुर मंडल अध्यक्ष त्रिलोचन दास शामिल हुए. मंडल अध्यक्ष ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक बार फिर देशवासियों से सीधे संवाद करने जा रहे हैं. इस महीने की 26 तारीख को उनका लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात प्रसारित होगा. यह इस कार्यक्रम का 133वां एपिसोड होगा, इस खास कार्यक्रम के लिए इलामी मंडल के सभी बूथों पर कार्यकर्ताओं की टोली गठित कर ली गई है. सभी बूथों पर मन की बात कार्यक्रम सुनी जाएगी

## दुर्गापुर में कड़ी सुरक्षा के बीच स्ट्रॉन्ग रूम में रखी गईं ईवीएम मशीनें



**आसनसोल** : पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 के पहले चरण का मतदान संपन्न होने के बाद इस्तेमाल की गई ईवीएम मशीनों को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच स्ट्रॉन्ग रूम में सुरक्षित रखा गया है. दुर्गापुर के दुर्गापुर सरकारी महाविद्यालय में इसके लिए विशेष स्ट्रॉन्ग रूम बनाया गया है.गुरुवार को मतदान समाप्त होने के बाद दुर्गापुर पूर्व एवं पश्चिम और पांडवेश्वर विधानसभा क्षेत्रों के सभी बूथों से ईवीएम मशीनों को सुरक्षा के साथ स्ट्रॉन्ग रूम तक पहुंचाया गया. प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में मशीनों को जमा करने की प्रक्रिया पूरी की गई.स्ट्रॉन्ग रूम परिसर में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं. केंद्रीय सुरक्षा बलों के जवान 24 घंटे तैनात हैं और पूरे परिसर की निगरानी कर रहे हैं. वहीं राज्य पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी भी लगातार सुरक्षा व्यवस्था पर नजर बनाए हुए हैं, ताकि किसी भी प्रकार की चूक या गड़बड़ी की संभावना न रहे.इस दौरान स्ट्रॉन्ग रूम परिसर में स्क्रूटनी बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें चुनाव आयोग के अधिकारियों के साथ विभिन्न राजनीतिक दलों के उम्मीदवार और एजेंट मौजूद रहे. दुर्गापुर पूर्व विधानसभा क्षेत्र से तृणमूल कांग्रेस के प्रदीप मजूमदार, भाजपा के चंद्रशेखर बनर्जी और माकपा के सीमांत चटर्जी बैठक में शामिल हुए.वहीं दुर्गापुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र की ओर से तृणमूल कांग्रेस की एजेंट असीमा चक्रवर्ती के साथ भाजपा और माकपा के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे. इसके अलावा पांडवेश्वर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न राजनीतिक दलों के एजेंटों ने भी बैठक में हिस्सा लिया.प्रशासन का कहना है कि पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी, निष्पक्ष और सुरक्षित बनाए रखने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए गए हैं. मतगणना तक स्ट्रॉन्ग रूम की सुरक्षा इसी तरह कड़ी रहेगी.

## ओडिशा के चर्चित हत्या कांड का आरोपी जमशेदपुर से गिरफ्तार



**जमशेदपरु** : ओडिशा पुलिस ने चर्चित सुस्मिता दास हत्याकांड के आरोपी सूर्यकांत स्वाईं को जमशेदपुर से गिरफ्तार किया है. गिरफ्तारी के बाद उसे जमशेदपुर कोर्ट में पेश कर ओडिशा ले जाया गया, जहां उससे पूछताछ की जाएगी. बताया जा रहा है कि आरोपी का सुस्मिता दास उर्फ डॉली के साथ पिछले पांच वर्षों से प्रेम संबंध था और दोनों ने प्रतीकात्मक विवाह भी किया था. बाद में आर्थिक विवाद के कारण दोनों के बीच संबंध बिगड़ गए. 19 अप्रैल को सुस्मिता की सगाई किसी अन्य युवक से होने के बाद आरोपी ने गुस्से में हत्या की साजिश रची. 20 अप्रैल को उसने हत्या को अंजाम दिलवाया और फिर जमशेदपुर लौट आया. सुस्मिता की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या की गई थी.

## वाहन ने बिजली पोल को मारी टक्कर, केस दर्ज

**मण्डरो** : मिर्ज़ाचौकी थाना क्षेत्र में बिजली पोल में वाहन द्वारा टक्कर मारने का एक मामला सामने आया है. इस संबंध में कनीय अभियंता नील गगन के आवेदन पर मिर्ज़ाचौकी थाना में कांड संख्या 36/26 के तहत मामला दर्ज किया गया.प्राप्त जानकारी के अनुसार एक बोलोरो वाहन ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए बिजली के पोल में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे पोल क्षतिग्रस्त हो गया और क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई. घटना के बाद स्थानीय लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा.वही कनीय अभियंता ने अपने आवेदन में सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने की बात कहते हुए आवश्यक कार्रवाई की मांग की है.

## टाटा स्टील ने जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में समर कैंप 2026 की घोषणा की




**जमशेदपुर** : टाटा स्टील के स्पोर्ट्स डिवीजन ने आज बहुप्रतीक्षित समर कैंप 2026 के आयोजन की घोषणा की. यह कैंप 11 मई से 31 मई तक जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित किया जाएगा. खेलों के माध्यम से सामुदायिक जुड़ाव के अपने लंबे समय से जारी प्रयासों को आगे बढ़ाते हुए, कंपनी का उद्देश्य युवा प्रतिभाओं को सीखने, निखरने और उत्कृष्टता हासिल करने के लिए एक सशक्त और जीवंत मंच प्रदान करना है.अपने संस्थापकों की दूरदर्शी सोच से प्रेरित, टाटा स्टील ने खेलों को हमेशा अपनी कार्यसंस्कृति का अभिन्न हिस्सा बनाया है. कंपनी निरंतर ऐसे प्रयास करती रही है जो अनुशासन, टीम वर्क और उत्कृष्टता की भावना को मजबूत करें. वार्षिक समर कैंप इसी प्रतिबद्धता का सशक्त उदाहरण है, जो युवा प्रतिभाओं को निखारने के साथ-साथ उनमें स्वस्थ प्रतिस्पर्धा, खेल भावना और आत्मविश्वास को बढ़ावा देता है.पिछले वर्ष के समर कैंप की शानदार सफलता को आगे बढ़ाते हुए, जिसमें जमशेदपुर में 2,995 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था, टाटा स्टील को इस वर्ष 3,500 से अधिक प्रतिभागियों के शामिल होने की उम्मीद है. कार्यक्रम में समावेशिता पर भी विशेष जोर दिया जाएगा, जिसके तहत 40 विशेष आवश्यकता वाले बच्चे और लगभग 60 बच्चे 'मस्ती की पाठशाला' से भी इस कैंप में भाग लेंगे.यह समर कैंप 19 विभिन्न खेलों और गतिविधियों में प्रशिक्षण प्रदान करेगा, जिसमें एथलेटिक्स, बैडमिंटन, वॉलीबॉल, फुटबॉल, तैराकी, योग, ज़ुम्बा, कराटे, बॉक्सिंग, शतरंज, घुड़सवारी, रोलर स्केटिंग, बास्केटबॉल सहित कई अन्य विधाएँ शामिल होंगी. अपने विस्तार को और मजबूत करते हुए, टाटा स्टील अपने विभिन्न लोकेशनोंTSK, TSM, RM, TGS और TSG पर भी इसी प्रकार के समर कैंप का आयोजन करेगी, ताकि अधिक से अधिक युवा प्रतिभाओं तक इस पहल का लाभ पहुँचाया जा सके.रोमांच को और बढ़ाते हुए, टाटा स्टील 4 से 6 वर्ष के बच्चों के लिए अपने रोल बॉल स्केटिंग कार्यक्रम को जारी रखेगी, साथ ही दुनिया के सबसे तेजी से लोकप्रिय हो रहे खेलों में से एक पिकलबॉल को भी शामिल करेगा, जिसमें सभी आयु वर्ग के प्रतिभागी भाग ले सकेंगे. वयस्कों के लिए आत्मरक्षा के विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रमों के साथ-साथ सुव्यवस्थित वेट लॉस और फिटनेस पहल भी उपलब्ध कराई जाएंगी, ताकि हर आयु वर्ग के लोग इस कैंप का लाभ उठा सकें.समग्र सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से, इस समर कैंप में अभिभावकों और संरक्षकों के लिए भी मनोरंजक गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी, जिससे यह एक परिवार-केंद्रित अनुभव बन सके. टाटा स्टील यह भी सुनिश्चित करेगी कि सभी कोच और प्रशिक्षक पॉश अनुपालन और नैतिक दिशानिर्देशों में प्रशिक्षित हों, ताकि सभी प्रतिभागियों के लिए एक सुरक्षित, समावेशी और सम्मानजनक वातावरण उपलब्ध कराया जा सके.प्रतिभागियों के समग्र खेल विकास को और सशक्त बनाने के लिए एक इन-हाउस न्यूट्रिशनिस्ट द्वारा खेल पोषण और हाइड्रेशन पर विशेषज्ञ सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिससे उनकी फिटनेस और प्रदर्शन क्षमता में सुधार हो सके. इसके साथ ही, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त स्किल ट्रेनिंग संस्था लीडिंग यूथ Leading You(n)th (TLY) विभिन्न आयु वर्गों के अनुरूप विशेष रूप से डिज़ाइन की गई कार्यशालाएँ आयोजित करेगी.6 से 12 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिए आयोजित कार्यशालाएँ खेल-आधारित सीखने पर केंद्रित होंगी, जिनमें गतिविधि और गतिशीलता, रचनात्मकता, टीम वर्क और खेल विषय पर आधारित स्टोरीटेलिंग को शामिल किया जाएगा.

13 से 19 वर्ष आयु वर्ग के किशोरों के लिए सत्रों में नेतृत्व क्षमता, रेज़िलिएंस, दबाव में बेहतर प्रदर्शन, प्रभावी संचार और एक युवा खिलाड़ी के रूप में सशक्त व्यक्तिगत पहचान विकसित करने पर विशेष जोर दिया जाएगा.घोषणा के अवसर पर, डी बी सुंदरा रामम, वाइस प्रेसिडेंट, कॉर्पोरेट सर्विसेज, टाटा स्टील ने कहा कि खेल व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं. ये अनुशासन विकसित करने के साथ-साथ टीम वर्क की भावना को भी मजबूत करते हैं. समर कैंप जैसी पहलों के माध्यम से हमारा उद्देश्य युवाओं को इन मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित करना और उनकी पूर्ण क्षमता को उजागर करने में सहयोग देना है.

उन्होंने जमशेदपुर के नागरिकों के प्रति उनके निरंतर सहयोग और उत्साह के लिए आभार भी व्यक्त किया. उन्होंने यह भी कहा कि स्टील सिटी में खेलों के प्रति लोगों का जुनून हमेशा हमें और बेहतर करने तथा हर वर्ष नए मानक स्थापित करने के लिए प्रेरित करता रहा है. हम इस वर्ष के समर कैंप को और अधिक आकर्षक, सहभागितापूर्ण और प्रभावशाली बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं.

## विश्व मलेरिया दिवस के लेकर तैयारियां शुरू




**पाकुड़:** 25 अप्रैल को जिला मुख्यालय स्थित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में विश्व मलेरिया दिवस मनाया जाएगा. इसकी तैयारी को लेकर सिविल सर्जन डॉ. सुरेंद्र कुमार मिश्रा ने प्रेस को बताया कि मलेरिया एक गंभीर बीमारी है जो मादा एनाफिलीज मच्छर के काटने से फैलती है जो मलेरिया प्लाज्मोडियम विवेक्स नाम के परजीवी के कारण होता है, जो शरीर में पहुंचकर व्यक्ति को बीमार कर देता है.डॉ. मिश्रा ने कहा कि मलेरिया फैलने का सबसे बड़ा कारण आसपास की गंदगी व गंदा जल जमाव है. वहां मच्छर तेजी से पनपते हैं. इसलिए घर, मोहल्ले और आसपास के इलाकों को साफ रखना बहुत जरुरी है. उन्होंने बताया कि संक्रमित मच्छर के काटने के 6 से 8 दिन बाद मलेरिया के लक्षण दिखने लगते हैं. इसमें तेज बुखार, लगातार थकान, सिर दर्द, पेट दर्द, चक्कर आना, बेहोशी, एनीमिया, मांसपेशियों में दर्द, उल्टी और त्वचा का पीला पड़ जाना जैसे लक्षण शामिल हैं. अगर किसी व्यक्ति में ऐसे लक्षण दिखें तो तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जांच करानी चाहिए. लापरवाही खतरनाक साबित हो सकती है.सिविल सर्जन ने लोगों से अपील की कि मलेरिया से बचाव के लिए घर के आसपास पानी जमा न होने दें. कूलर, गमले, टायर और खुले बर्तनों में पानी जमा होने से बचाएं. रात में मच्छरदानी का इस्तेमाल जरूर करें.विश्व मलेरिया दिवस के मौके पर लोगों को जागरुक करने के लिए स्वास्थ्य केंद्र परिसर में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे.मौके पर डॉ. अमित कुमार, डॉ. के. के. सिंह सहित कई स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे.

# संपादकीय

कामयाब होने के लिए स्वयं पर भरोसा होना चाहिए

कोलकाता | शनिवार | 25 अप्रैल, 2026

## जीवनशैली के रोग

नि:संदेह, राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय यानी एनएसओ की वह रिपोर्ट राष्ट्रीय चिंता बढ़ाने वाली है कि देश की पचास फीसदी आबादी जीवनशैली से जुड़े रोगों से ग्रस्त-त्रस्त है. यह भी फिक्र बढ़ाने वाला है कि एक दशक पहले देश में खान-पान, जीवन व्यवहार व तनाव से उपजे रोगों का प्रतिशत जहां 31 था, वो अब पचास फीसदी तक जा पहुंचा है. वहीं एक अच्छी बात यह है कि चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार व नये शोध अनुसंधान के चलते संक्रामक रोगों का प्रतिशत घटा है. लेकिन हमारे खानपान व जीवन व्यवहार में किसी न किसी तरह सकारात्मक बदलाव आया है, जिसके चलते जीवनशैली भी बदली है. लेकिन पौष्टिक व शरीर की जरूरतों के अनुकूल भोजन न करने, शारीरिक निष्क्रियता, स्क्रीन टाइम बढ़ने से नींद की कमी आदि अनेक ऐसे कारण हैं जो इन रोगों के वाहक बनते हैं. इसमें आनुवंशिक रोगों की भी भूमिका है. धीरे-धीरे शरीर को खोखला करने वाले ये रोग कालांतर जानलेवा बन जाते हैं. अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन भी चिंता जता रहे हैं कि भारत में विभिन्न रोगों से मरने वाले ज्यादातर लोगों की मौत की वजह संक्रामक रोग के बजाय जीवनशैली से जुड़े रोग हैं. जो हमारी गंभीर चिंता का विषय होना चाहिए. इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि चिकित्सा विज्ञान की आशातीत प्रगति के चलते आम भारतीय की जीवन प्रत्याशा में इजाफा हुआ है, लेकिन जीवनशैली से जुड़े रोगों का बढ़ना इस कामयाबी पर पानी फेरने जैसा है. यही वजह है कि देश में स्वास्थ्य बीमा कारोबार में तेजी आई है, यह तेजी ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक है. लेकिन ये बीमा कंपनियां रोग से बचाव में मदद करने के बजाय व्यक्ति के रोगों के इलाज को प्राथमिकता देती हैं. हालांकि, देश में जीवनशैली से जुड़े रोगों से बचाव के लिये जागरूकता जरूर आई है. जिसके लिये राज्य सरकार को श्रेय देना होगा. प्रधानमंत्री के प्रयासों से योग का दुनिया में व्यापक प्रचार-प्रसार हुआ है. यह जागरूकता भारत में भी है. लेकिन बड़ी आबादी अब भी इससे दूर है. प्रधानमंत्री 'मन की बात' रेडियो कार्यक्रम व अन्य मंचों से मोटापे से बचाव और खानपान में मिलेट अपनाने पर अक्सर बल देते नजर आते हैं. लेकिन इस पर सकारात्मक प्रतिसाद अपेक्षित अनुपात में नहीं मिल पाया है. यही वजह है कि लोगों को महंगा इलाज कराने को बाध्य होना पड़ता है. विडंबना है कि उच्च रक्तचाप, मधुमेह जैसे रोगों से राहत के लिये डॉक्टर जीवनभर दवा खाने को कहते हैं. तमाम लोग निजी अस्पतालों में हृदयरोग आदि के महंगे इलाज से गरीबी की दलदल में फंस जाते हैं. कोरोना संकट के सबक हमें याद रखने चाहिए, जब लोगों ने जेवर, जमीन व मकान तक गिरवी रखकर अपना उपचार कराया. लेकिन यदि लोग शारीरिक सक्रियता बढ़ाएं, योग, ध्यान और व्यायाम को जीवन का हिस्सा बनाएं तो इन रोगों से बच सकते हैं. विडंबना यह है कि हमने परंपरागत भारतीय खाद्य पदार्थों की अनदेखी करके पश्चिमी व चीनी खाद्य विकल्पों को चुनना शुरू कर दिया है. जो हमारी जलवायु व शारीरिक प्रकृति के अनुरूप नहीं हैं. जंक फूड में रासायनिक पदार्थ नुकसानदायक हैं वहीं तले-भुने खाने ने मोटापे को बढ़ावा दिया है. फिर हम शारीरिक श्रम करने से बचते हैं और आरामतलबी का जीवन जीते हैं. जिसके फलस्वरूप बढ़ा मोटापा कई रोगों का वाहक बन जाता है. देर रात तक मोबाइल व इंटरनेट पर सोशल मीडिया में सक्रिय रहने से हमारी नींद में खलल पड़ा है. नींद पूरी न होने से तनाव व अवसाद बढ़ा है. हमारा देर से भोजन करना, देर से सोना और सुबह देर से उठना भी रोगों का कारक बना है. हमने जबसे खाने में पारंपरिक पौष्टिकता के बजाय स्वाद को प्राथमिकता देनी शुरू की है, तभी से शरीर में जरूरी विटामिनों की कमी बढ़ी है. प्रदूषित खान-पान की भी इस संकट में भूमिका है. वहीं सहज-सरल व्यवहार हमारे स्वस्थ होने की गारंटी है.

### विश्व मलेरिया दिवस (25 अप्रैल) पर विशेष

## जानलेवा हो सकती है मलेरिया के इलाज में लापरवाही

**– योगेश कुमार गोयल**

मलेरिया एक गंभीर और कभी-कभी प्राणघातक हो जाने वाली बीमारी है, जो आमतौर पर एक निश्चित प्रकार के मच्छर को संक्रमित करने वाले परजीवी के कारण होती है और इन संक्रमित मच्छरों के काटने से मलेरिया होता है. अमेरिका से करीब 70 साल पहले ही मलेरिया को पूरी तरह खत्म घोषित कर दिया गया था लेकिन अभी भी प्रतिवर्ष दो हजार अमेरिकी इससे संक्रमित होते हैं. भारत में तो हर साल लाखों लोग मलेरिया से संक्रमित होते हैं. चिंता की स्थिति यह है कि दुनियाभर में मलेरिया से हर साल लाखों लोग मौत के मुंह में समा रहे हैं, जिनमें ज्यादातर छोटे बच्चे हैं. पांच साल से कम उम्र के बच्चे मलेरिया से असमान रूप से प्रभावित होते हैं, जो मलेरिया से होने वाली कुल मौतों का करीब 82 प्रतिशत है. 2021 में मलेरिया से दुनियाभर में 6.19 लाख लोगों की मौत हुई थी जबकि 2022 में 6.08 लाख लोग मलेरिया के कारण मारे गए और 2024 में मलेरिया से 6.1 लाख मौतें दर्ज की गई. हालांकि मलेरिया ऐसी बीमारी है, जिसकी रोकथाम करके बड़ी संख्या में होने वाली इन मौतों को रोका जा सकता है लेकिन यह दुनियाभर में रोकी जा सकने वाली बीमारी और मृत्यु का एक प्रमुख कारण बना हुआ है. इसीलिए मलेरिया को लेकर लोगों में जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से 2008 से ही 25 अप्रैल को एक खास विषय के साथ 'विश्व मलेरिया दिवस' मनाया जाता है. इस वर्ष मलेरिया दिवस की थीम है- 'मलेरिया को समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध: अब हम कर सकते हैं. अब हमें करना ही होगा.' इसका प्रमुख संदेश यही है कि मलेरिया मुक्त विश्व के लक्ष्य को प्राप्त करना है. भेदभाव और कलंक को खत्म करना, स्वास्थ्य संबंधी निर्णय लेने में समुदायों को शामिल करना, प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल के माध्यम से स्वास्थ्य देखभाल को उस स्थान के करीब लाना, जहां लोग रहते हैं और काम करते हैं, मलेरिया के खतरे को बढ़ाने वाले कारकों को संबोधित करना, सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज में मलेरिया नियंत्रण हस्तक्षेप इत्यादि मलेरिया दिवस मनाने के प्रमुख उद्देश्य हैं. दरअसल विश्व स्वास्थ्य संगठन का कहना है कि हर किसी को मलेरिया की रोकथाम, पता लगाने और इलाज के लिए गुणवत्तापूर्ण, समय पर और सस्ती सेवाओं का अधिकार तो है लेकिन यह सभी के लिए वास्तविकता नहीं है. संयुक्त राष्ट्र के अनुसार दुनियाभर में मलेरिया के बीस करोड़ से भी ज्यादा नए मामले दर्ज किए जाते हैं, जिनमें से कई लाख लोगों की हर साल मौत हो जाती है. हालांकि स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि मलेरिया की रोकथाम के मामले में बीते कुछ वर्षों में महत्वपूर्ण प्रगति तो हुई है लेकिन मलेरिया के खिलाफ लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है और मलेरिया मुक्त विश्व के लक्ष्य को प्राप्त करना अभी भी गंभीर चुनौती है. चिंता का विषय यह भी है कि प्रभावित क्षेत्रों में यह बीमारी स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियों और अर्थव्यवस्थाओं पर बड़ा बोझ भी डालती है. मलेरिया एनोफेलीज मादा मच्छर के काटने से होता है, जो प्लाज्मोडियम परजीवी से संक्रमित होता है और जब यह मच्छर किसी को काटता है तो ये परजीवी मानव रक्त में प्रवेश करके लिवर तथा लाल रक्त कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाने लगते हैं और व्यक्ति को बीमार बना देते हैं. इस रोग की गंभीरता परजीवी पर ही निर्भर करती है. मनुष्यों में सबसे आम मलेरिया परजीवी 'प्लाज्मोडियम फाल्सीपेरम' है, जो बीमारी के सबसे घातक रूप के लिए जिम्मेदार है. एनोफेलीज मच्छर वाहक के रूप में कार्य करते हैं, जब वे एक संक्रमित व्यक्ति को काटते हैं और फिर दूसरे व्यक्ति को काटते हैं तो परजीवियों को प्रसारित करते हैं. जब परजीवी एक बार मानव शरीर के अंदर यकृत में चले जाते हैं तो ये लाल रक्त कोशिकाओं के अंदर गुणन करते हैं, जिससे कई प्रकार के लक्षण पैदा होते हैं. मनुष्यों को मलेरिया के चार मुख्य प्रकार (प्लाज्मोडियम फाल्सीपेरम, प्लाज्मोडियम विवैक्स, प्लाज्मोडियम ओवले और प्लाज्मोडियम मलेरिया) संक्रमित करते हैं. प्लाज्मोडियम फाल्सीपेरम सबसे खतरनाक प्रकार है जबकि मलेरिया के अन्य प्रकार आमतौर पर हल्की बीमारी का कारण बनते हैं. गंभीर मलेरिया गंभीर एनीमिया, गुर्दे की विफलता, दौरे, कोमा और यहां तक कि मृत्यु जैसी जटिलताओं का कारण भी बन सकता है, खासकर यदि तुरंत निदान और इलाज नहीं किया जाए. हालांकि दुनियाभर में शोधकर्ता मलेरिया को नियंत्रित करने और अंततः ख़त्म करने के लिए टीकों और अन्य नवीन समाधानों पर काम कर रहे हैं लेकिन इसकी रोकथाम के मुख्य उपायों में उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में मच्छरदानी, कीट विकर्षक और मलेरिया-रोधी दवाओं का उपयोग करना शामिल है. जटिलताओं और मृत्यु को रोकने के लिए प्रभावी मलेरिया-रोधी दवाओं के साथ शीघ्र निदान और उपचार महत्वपूर्ण है. मलेरिया होने पर आमतौर पर तेज बुखार होता है, जो 103 से 105 डिग्री तक हो सकता है. सिरदर्द, बदन दर्द, घबराहट, अत्यधिक पसीना आना, जी मिचलाना, उल्टी होना, अत्यधिक ठंड लगना, कमजोरी इत्यादि मलेरिया के अन्य प्रमुख लक्षण हैं. इन लक्षणों को लंबे समय तक नजरअंदाज करना भी खतरनाक हो सकता है. वैसे तो मलेरिया के लक्षण प्रायः 24 से 48 घंटे में ही नजर आ सकते हैं लेकिन कई बार लक्षण सामने आने में ज्यादा समय भी लग सकता है. मलेरिया की जांच से ही पता चल पाता है कि मरीज किस तरह के मलेरिया से ग्रसित है और उसी के आधार पर विभिन्न दवाओं से उसका इलाज शुरू किया जाता है. साधारण मलेरिया होने पर सही इलाज से मरीज 3-5 दिनों में ठीक हो सकता है लेकिन यदि सीवियर फाल्सीपेरम मलेरिया हुआ तो समय पर और सही इलाज नहीं कराने पर मरीज की मौत भी हो सकती है. इसलिए बेहद जरूरी है कि मलेरिया की जांच और इलाज में कोताही न बरतें. गर्मी और मानूसन के दौरान मच्छरों की संख्या बहुत बढ़ जाती है, इसलिए आमतौर पर मलेरिया इन्हीं मौसम में सबसे ज्यादा होता है. वैसे मलेरिया के मच्छर अधिकांशतः उन्हीं जगहों पर पनपते हैं, जहां गंदगी होती है या गंदा पानी जमा होता है. इसलिए मलेरिया की रोकथाम के लिए सबसे जरूरी है कि अपने घरों में तथा आसपास गंदगी और गंदा पानी एकत्र न होने दें. *(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)*

# आचार्य महाश्रमण की निर्गुण-चेतना से विश्व-शांति की नई दिशा

### आचार्य महाश्रमण का 65वां जन्मदिवस, 25 अप्रैल 2026



**– ललित गर्ग**

मानव इतिहास के इस अशांत और संक्रमणकालीन दौर में जब विश्व का परिदृश्य युद्ध, हिंसा, आतंकवाद और वैचारिक टकरावों से आच्छादित है, तब शांति, सह-अस्तित्व और मानवीय मूल्यों की पुकार पहले से कहीं अधिक तीव्र हो उठी है. ऐसे समय में आचार्य महाश्रमण एक ऐसे आध्यात्मिक प्रकाशस्तंभ के रूप में उभरते हैं, जिनका चिंतन केवल किसी एक पंथ, सम्प्रदाय या राष्ट्र तक सीमित नहीं है, बल्कि सम्पूर्ण मानवता के कल्याण का व्यापक दृष्टिकोण अपने भीतर समेटे हुए है. उनका व्यक्तित्व और कृतित्व 'निर्गुण रंगी चदरिया' की उस अनुभूति को मूर्त करता है, जो गुणों के पार जाकर आत्मा की शुद्ध चेतना में स्थित होने का संदेश देती है. भगवद्गीता में अर्जुन को दिए गए श्रीकृष्ण के उपदेश 'त्रिगुणातीत बन जा' के अनुरूप आचार्य महाश्रमण का जीवन एक सजीव उदाहरण बनकर सामने आता है. उन्होंने सत्व, रज और तम के बंधनों को पार कर उस निर्गुण अवस्था को साधने का प्रयास किया है, जहाँ व्यक्ति न केवल आत्मबोध को प्राप्त करता है, बल्कि समष्टि के कल्याण का माध्यम भी बन जाता है. उनका यह दृष्टिकोण केवल दार्शनिक विमर्श नहीं, बल्कि व्यवहारिक जीवन में उतरा हुआ सत्य है. उनकी साधना 'सत्य की पूजा' नहीं करती, बल्कि 'सत्य की शल्य-चिकित्सा' करती है अर्थात् वे सत्य को केवल स्वीकार नहीं करते, बल्कि उसकी गहराई में उतरकर उसे परिष्कृत करते हैं. आचार्य महाश्रमण का जीवन 'रहें भीतर, जीएँ बाहर' के सूत्र पर आधारित है. यह सूत्र आधुनिक जीवन की जटिलताओं में संतुलन स्थापित करने का एक अद्वितीय मार्ग प्रस्तुत करता है. आज का मनुष्य बाहरी उपलब्धियों की दौड़ में अपने भीतर के शून्य को अनदेखा कर देता है, जिसके परिणामस्वरूप तनाव, असंतोष और हिंसा का जन्म होता है. आचार्य महाश्रमण का चिंतन इस अंतर्विरोध को समाप्त करने का प्रयास करता है. वे सिखाते हैं कि यदि भीतर शांति और संतुलन है, तो बाहर का जीवन स्वतः ही सुव्यवस्थित हो जाता है. यही कारण है कि उनकी साधना केवल आत्मिक उन्नति तक सीमित नहीं रहती, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का भी आधार बनती है. उनकी 'अहिंसा यात्रा' आज के समय की एक ऐतिहासिक और युगान्तरकारी पहल है, जो हमें दांडी यात्रा और भूदान आंदोलन की याद दिलाती है. यह यात्रा केवल एक पदयात्रा नहीं, बल्कि विचारों की क्रांति है-एक ऐसी क्रांति, जो हथियारों से नहीं, बल्कि संवाद, संवेदना और संस्कारों से संचालित होती है. देश-विदेश के विभिन्न क्षेत्रों में पैदल चलकर उन्होंने लाखों लोगों से सीधा संवाद स्थापित किया, उन्हें नशामुक्ति, सदाचार, नैतिकता और अहिंसा के मार्ग पर अग्रसर किया. आज जब विश्व के अनेक देश युद्ध और आतंकवाद की विभीषिका से जूझ रहे हैं, तब आचार्य महाश्रमण का यह प्रयास एक वैकल्पिक मार्ग प्रस्तुत करता है-एक ऐसा मार्ग, जहाँ शांति केवल एक आदर्श नहीं, बल्कि एक व्यवहारिक संभावना बन जाती है. उनकी दृष्टि 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की भावना को साकार करती है, जहाँ सम्पूर्ण विश्व एक परिवार के रूप में देखा जाता है. वे किसी व्यक्ति को उसके धर्म, जाति, वर्ग या क्षेत्र के आधार पर नहीं, बल्कि उसके भीतर विद्यमान गुणों के आधार पर आंकते हैं. यह दृष्टिकोण न केवल सामाजिक समरसता को बढ़ावा देता है, बल्कि वैश्विक स्तर पर शांति और सहयोग की नींव भी रखता है. आज जब पहचान की राजनीति और सांस्कृतिक विभाजन समाज को खंडित कर रहे हैं, तब आचार्य महाश्रमण का यह समन्वयवादी दृष्टिकोण अत्यंत प्रासंगिक हो उठता है. आचार्य महाश्रमण की सादगी, विनम्रता और अनुशासन उनके व्यक्तित्व की विशिष्ट पहचान हैं. आचार्य तुलसी और आचार्य महाप्रज्ञ जैसे महान आचार्यों के सान्निध्य में विकसित उनका जीवन एक ऐसी परंपरा का प्रतिनिधित्व करता है, जो आत्मानुशासन और सेवा को सर्वोच्च मूल्य मानती है. बाल्यावस्था में ही दीक्षा लेकर उन्होंने जिस तप, त्याग और समर्पण का मार्ग अपनाया, वह आज के भौतिकतावादी युग में एक प्रेरणास्रोत है. उनकी जीवन यात्रा मोहनलाल से मुनि मुदितकुमार, फिर महाश्रमण और अंततः आचार्य बनने तक एक ऐसी साधना गाथा है, जो यह सिद्ध करती है कि आत्मबल और संकल्प से किसी भी ऊँचाई को प्राप्त किया जा सकता है. आचार्य महाश्रमण की बौद्धिक प्रतिभा भी उतनी ही प्रभावशाली है, जितनी उनकी आध्यात्मिक साधना. उत्तराध्ययन सूत्र और भगवद्गीता जैसे महान ग्रंथों का तुलनात्मक अध्ययन कर उन्होंने यह सिद्ध किया है कि सत्य किसी एक परंपरा का एकाधिकार नहीं है. उनके प्रवचनों का संकलन 'सुखी बनो' इस दृष्टि का सशक्त उदाहरण है, जिसमें उन्होंने जीवन को सरल, सार्थक और संतुलित बनाने के सूत्र प्रस्तुत किए हैं. उनका चिंतन आगम, दर्शन, तर्कशास्त्र, मनोविज्ञान और समाजशास्त्र जैसे विविध क्षेत्रों को समाहित करता है, जिससे उनका व्यक्तित्व एक बहुआयामी मनीषी के रूप में उभरता है. आज के वैश्विक परिदृश्य में, जहाँ युद्ध की विभीषिका और परमाणु हथियारों की होड़ मानव अस्तित्व के लिए एक गंभीर खतरा बन चुकी है, वहाँ आचार्य महाश्रमण का 'अहिंसा का शंखनाद' एक जीवनदायी संदेश के रूप में सामने आता है. उनका यह विश्वास कि 'अहिंसा केवल एक सिद्धांत नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है', हमें यह सोचने के लिए प्रेरित करता है कि क्या वास्तव में हिंसा के माध्यम से स्थायी शांति स्थापित की जा सकती है? उनका उत्तर स्पष्ट है-नहीं. शांति का मार्ग केवल संवाद, सहिष्णुता और करुणा से होकर गुजरता है. उनके प्रयासों की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वे केवल उपदेश नहीं देते, बल्कि स्वयं उदाहरण प्रस्तुत करते हैं. प्रतिदिन नई ऊर्जा और संकल्प के साथ वे मानव उत्थान के कार्यों में जुटे रहते हैं. उनकी दिनचर्या, उनका अनुशासन और उनका समर्पण यह दर्शाता है कि सच्चा नेतृत्व वही है, जो अपने आचरण से दूसरों को प्रेरित करे. उनके नेतृत्व में तेरापंथ धर्मसंघ न केवल संगठित और सशक्त हुआ है, बल्कि उसने समाज सेवा, शिक्षा, स्वास्थ्य और नैतिक जागरण के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है. निश्चित तौर पर जैन धर्म के महान तपस्वी, अनुशासनप्रिय, दूरदर्शी और तेजस्वी आचार्य महाश्रमण के सान्निध्य में आध्यात्मिकता और आधुनिकता का अद्भुत संगम बनी जैन विश्व भारती में इस वर्ष योगक्षेम वर्ष के रूप में एक नया आध्यात्मिक इतिहास रचा जा रहा है, आध्यात्मिक प्रशिक्षण की एक नई परंपरा विकसित की जा रही है. देशभर में विचरण करने वाले साधु-संतों को एक जगह बुलाकर आचार्य महाश्रमण उन्हें अध्यात्म का प्रशिक्षण दे रहे हैं. यह वास्तव में जैन धर्म का एक अनूठा और संभवतः पहला ऐसा व्यापक प्रयोग है, जिसमें वर्षभर तक साधु-साध्वियों के साथ-साथ श्रावक समाज को भी गहन एवं व्यवस्थित रूप से जैन एवं तेरापंथ दर्शन, अध्यात्म, योग, ध्यान, स्वाध्याय, संयम और जीवन मूल्यों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है. आचार्य श्री महाश्रमण की दूरदर्शी सोच, उनका अनुशासन, उनका साधना-प्रधान जीवन और समाज को आध्यात्मिक दिशा देने का उनका प्रयास वास्तव में अद्वितीय है. उन्होंने धर्म को केवल परंपरा तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे जीवन और समाज से जोड़ा. समय को बांधने की अद्भुत खूबी है उनमें. कम समय में अधिक काम. वह भी इतनी सहजता और निर्भरता से सम्पादित कर लेने की सामर्थ्य, उनकी कार्य व्यस्तता कभी व्यग्रता में नहीं बदलती. यह सब इसीलिए हो सकता है कि उनकी प्रत्येक प्रवृत्ति निवृत्ति से निथर कर आती है. उनकी क्रियाशीलता आंतरिक स्थिरता स्थितप्रज्ञता से अभिनिःसृत होती है. आचार्य महाश्रमण का चिंतन एक नए युग का उद्घोष है-एक ऐसा युग, जहाँ विज्ञान और आध्यात्म, भौतिकता और नैतिकता, व्यक्ति और समाज के बीच संतुलन स्थापित हो सके. वे हमें यह सिखाते हैं कि वास्तविक प्रगति केवल तकनीकी उन्नति से नहीं, बल्कि मानवीय मूल्यों के विकास से संभव है. उनका जीवन और संदेश हमें यह विश्वास दिलाता है कि यदि हम अहिंसा, सत्य, और करुणा के मार्ग पर चलें, तो एक शांतिपूर्ण और समृद्ध विश्व का निर्माण संभव है. अंततः आचार्य महाश्रमण केवल एक धर्मगुरु नहीं, बल्कि एक युगद्रष्टा हैं, जिनकी दृष्टि वर्तमान की सीमाओं को पार कर भविष्य की संभावनाओं को देखती है. उनकी 'निर्गुण चदरिया' हमें यह संदेश देती है कि जब मनुष्य अपने भीतर के गुणों से ऊपर उठकर शुद्ध चेतना में स्थित हो जाता है, तभी वह सच्चे अर्थों में मानवता की सेवा कर सकता है. आज के युद्धग्रस्त और अशांत विश्व में, उनके विचार और प्रयास एक प्रकाशपुंज की तरह हैं, जो हमें अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने की क्षमता रखते हैं. *(लेखक, पत्रकार, स्तंभकार)*



## आपका जन्मदिन मंगलमय हो — 25 अप्रैल

आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ. आपका जन्मतिथि 25 अप्रैल है. अंक ज्योतिष के अनुसार आपकी जन्मतिथि का स्वामी ग्रह केतु है. इस माह का अधिपति ग्रह मंगल है. आपके ऊपर मंगल एवं केतु ग्रह का सम्मिलित प्रभाव आजीवन रहेगा. आप परिवर्तनशील विचारों के व्यक्ति होंगे. आपका स्वभाव कुछ रहस्यमयी होगा. आपका निर्णय स्वतंत्र होगा. आप समय के अनुरूप अपने को बनाने में सक्षम होंगे. आप कोई भी कार्य करें उसमें व्यवधान आयेगा तो भी पीछे नहीं रहेंगे. निरन्तर गतिशील रहेंगे. कला-साहित्य में विशेष रुचि रहेगी. आप कल्पनाशील एवं धार्मिक प्रवृत्ति के व्यक्ति है. साथ ही आप सौन्दर्य प्रेमी व्यक्ति है. जनकल्याण की ओर भी आपकी प्रवृत्ति रहेगी. आप में नेतृत्व गुण की अद्भुत क्षमता होगी. आप के प्रत्येक कार्यों में नवीनता की झलक मिलेगी. जोखिम भरे कार्यों में आप विशेष रुचि लेंगे. मित्रों से भी आपको सहयोग मिलेगा. आप एकान्त में रहना पसन्द करेंगे. विशिष्टजनों से सम्पर्क का लाभ मिलेगा. व्यवहार में सावधानी बरतें. अनुकूलता हेतु अपने इष्ट देवी-देवता की अर्चना आवश्यक है. जीवन में गुलाबी एवं पीले रंग की वस्तुओं का अधिकतम प्रयोग करें. इन्हीं रंगो से सम्बन्धित वस्तुओं का दान भी करें. केतु यन्त्र धारण करें. मंगलवार का व्रत रखें. सफलता के लिए रत्न या उपरत्न तथा यन्त्र विधि-विधानपूर्वक धारण करें.

**आपके लिए अनुकूल :-**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| मन्त्र | : | ॐ कें केतवें नम: | मास | : | जनवरी, मार्च एवं अगस्त |
| व्रत | : | मंगलवार | वर्ष | : | 7, 16, 25, 34, 43, 52, 61, 70 |
| दिन | : | रविवार, सोमवार एवं बुधवार | रंग | : | गुलाबी एवं पीला |
| दिनांक | : | 7, 16, 25 | जन्मरत्न | : | लहसुनिया |
| अंक | : | 1, 2, 7 | उपरत्न | : | लाजवर्त |

**यंत्र**

| | | |
|---|---|---|
| 14 | 9 | 16 |
| 15 | 13 | 11 |
| 10 | 17 | 12 |

*वर्ष का महत्वपूर्ण समय – 21 जून से 25 जुलाई*

*हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित व अंक ज्योतिषी एवं वास्तुविद*

**विमल जैन** एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, पंचक्रोशी मार्ग, भोजूबीर, वाराणसी-221002 मो0 : 09335414722

## आपका आज का दिन 2026

**मेष :** आज रात्रि 8/05 बजे तक इच्छित कार्यों में व्यवधान, आलस्य की अधिकता, एकाग्रता भंग, शेष समय में समस्याओं का समाधान, धनागम का सुअवसर.

**वृषभ :** आज रात्रि 8/05 बजे तक उन्नति का सुयोग, योजना फलीभूत, सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि, शेष समय में लाभ का मार्ग अवरुद्ध, व्यय की अधिकता.

**मिथुन :** दिनचर्या व्यवस्थित, दूसरों की सलाह से कामयाबी, व्यापार में धन निवेश, सुख-शांति का वातावरण, आपसी गलतफहमियां दूर होने को, पारिवारिक सौहार्द.

**कर्क :** व्यावसायिक सफलता, समझदारी से लिया गया निर्णय हितकर, विशेष प्रयास सार्थक, प्रभावशाली हस्तियों से सम्पर्क, आकस्मिक लाभ, विचारित योजना पूर्ण.

**सिंह :** आज रात्रि 8/05 बजे तक प्रतिकूलता, पुरुषार्थ के प्रति रुचि, अध्ययन में व्यतिक्रम, वाहन से भय, दुर्घटना संभव, शेष समय में सद्‌विचारों का उदय.

**कन्या :** आज रात्रि 8/05 बजे तक व्यवसाय में सफलता, पठन-पाठन में रुचि, मानसिक शांति, विवाद का समापन, शेष समय में कार्य के प्रति उदासीनता, इच्छा पूर्ति में बाधा.

**तुला :** समय भाग्य के पक्ष में, आत्मशक्ति का विकास, कुछेक मसला सुलझने की ओर, आध्यात्मिक क्रियाकलापों की ओर अभिरुचि, पारिवारिक दायित्व की पूर्ति.

**वृश्चिक :** ग्रहस्थिति अनुकूल, धन-सम्पत्ति विषयक मसला हल, मित्रों की गतिविधियों से मानसिक राहत, व्यवसाय में विस्तार, महत्वपूर्ण कार्यों से अपेक्षित सहयोग.

**धनु :** आज रात्रि 8/05 बजे तक परिस्थितियां भाग्य के विपरीत, कार्यों के प्रति उदासीनता, खर्च से परेशान, शेष समय अनुकूल, मन प्रसन्न, भौतिक साधन सुलभ.

**मकर :** आज रात्रि 8/05 बजे तक समय आशाजनक, इच्छित पद की प्राप्ति, विवाद का समापन पक्ष में, शेष समय व्यवधानकारक, प्रतिष्ठा में कमी, धर्म के प्रति अरुचि.

**कुम्भ:** अभीष्ट सिद्धि का प्रयास सार्थक, रचनात्मक क्रिया-कलापों में रुचि, समस्या का निवारण, नवसमाचार मिलने से खुशी, वैवाहिक अड़चनें समाप्त, आकस्मिक लाभ.

**मीन:** दिन शुभ, किसी आयोजन में सम्मिलित होने का सुअवसर प्राप्त, विशिष्टजनों से सम्पर्क, कुछेक मसला हल, प्रियजनों मित्रों से विचार-विमर्श, यात्रा का लाभ.

**- ज्योतिषाचार्य विमल जैन, वाराणसी, मो. नं. 09335414722**

# मानव धर्म-शास्त्र

लेखक : लक्ष्मी नारायण मीणा



मानव धर्मशास्त्र के प्रणेता
अवधूत देवी दास जी महाराज

### अष्टम स्कन्ध

***जन्मत सुत रां उच्चारी । पीड़ा प्रसव विगत महतारी ।।***
***चहुँदिसि भयउ प्रकृति उछाहु । मंगल सुगन अनुकूल सबाहु ।।***

व्याख्या - जन्म लेते ही पुत्र ने रां नाम का उच्चारण किया, जिससे माता की प्रसव पीड़ा तुरन्त दूर हो गई । चारों तरफ प्रकृति में उत्साह छा गया तथा समस्त मंगलकारी सगुन होने लग गए ।

***समाचार सुनि ऋषि सब आए । देखि मुख छवि आशीष बरसाए ।।***
***बालक इहँ होइब ब्रम्ह ग्यानी । सकल ऋषि मुनि कहा बखानी ।।***

व्याख्या - समाचार सुनकर सब ऋषि आए और बालक की छवि देखकर आर्शीवाद देने लगे । सब ऋषि - मुनियों ने कहा कि यह बालक ब्रम्हज्ञानी होगा ।

# अमेरिका-भारत अंतरिक्ष सहयोग से अब व्यावसायिक साझेदारियां

**– जहूर हुसैन बट**

अमेरिका-भारत अंतरिक्ष सहयोग का नया चरण आकार ले रहा है जो नीतिगत संवाद से कम और निजी क्षेत्र की सक्रियता से अधिक प्रेरित है. यह बदलाव बेंगलुरु में स्पष्ट रूप से दिखाई दिया, जहां दोनों देशों के नीति-निर्माता, उद्योग जगत के लीडर और उद्यमी व्यावसायिक अंतरिक्ष सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए एकत्र हुए. अमेरिकी कांसुलेट, चेन्नई द्वारा आयोजित और यूएस-इंडिया स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप फोरम (यूएसआईएसपीएफ) के सहयोग से फरवरी 2026 में आयोजित अमेरिका-भारत स्पेस बिज़नेस फोरम में दोनों देशों से 200 से अधिक सरकारी और उद्योग प्रतिभागियों ने भाग लिया, जो व्यावसायिक संबंधों के विस्तार में गहरी रुचि को दर्शाता है. यह फोरम भारत के लिए पहले अंतरिक्ष क्षेत्र को समर्पित अमेरिकी व्यापार मिशन का प्रमुख आयोजन भी था, जिसे अमेरिकी वाणिज्य विभाग और बिज़नेस काउंसिल फॉर इंटरनेशनल अंडरस्टैंडिंग द्वारा आयोजित किया गया था, जिसमें 14 प्रमुख अमेरिकी अंतरिक्ष कंपनियों के 23 वरिष्ठ अधिकारियों ने भारत का दौरा किया. रणनीतिक समन्वय से व्यावसायिक क्रियान्वयन की ओर यह बदलाव उन लोगों के लिए पहले से ही स्पष्ट है जो इस जुड़ाव के केंद्र में काम कर रहे हैं. राष्ट्रीय महासागरीय और वायुमंडलीय एडिमिनिस्ट्रेशन के स्पेस कॉमर्स कार्यालय में अंतरराष्ट्रीय संबंध विशेषज्ञ रोज़ क्रोशियर इस फोरम को नीतिगत गति और उद्योग की तीव्र वृद्धि दोनों के प्रति प्रतिक्रिया के रूप में देखती हैं. इस फोरम को प्रेरित करने वाले कई कारक थे लेकिन दो विशेष रूप से महत्वपूर्ण हैं. क्रोशियर कहती हैं, भारत के निजी अंतरिक्ष इकोसिस्टम का तेज़ी से परिपक्व होना और अमेरिकी तथा भारतीय नेतृत्व के बीच अभूतपूर्व रणनीतिक समन्वय. वह बताती हैं कि भारत का अंतरिक्ष स्टार्ट-अप इकोसिस्टम, जो अब 400 से अधिक कंपनियों का हो चुका है, उसने सबऑर्बिटल लॉन्च और हाइपरस्पेक्ट्रल इमेजिंग जैसे क्षेत्रों में ठोस उपलब्धियां हासिल की हैं. उनके अनुसार, इन विकासों ने अमेरिकी निजी क्षेत्र को भारत को एक प्रमुख साझेदार के रूप में पहचानने के लिए प्रेरित किया है. क्रोशियर इस प्रगति को व्यापक ट्रस्ट पहल के संदर्भ में रखती हैं, जो दशकों से चले आ रहे सरकार-से-सरकार सहयोग से एक उत्पादक व्यावसायिक साझेदारी की ओर संक्रमण को दर्शाती है. यदि उस ढांचे ने आधार तैयार किया तो वह जोड़ती हैं, यह फोरम व्यावसायिक उत्प्रेरक के रूप में कार्य करता है, जो नीतिगत अनुकूल परिस्थितियों को उद्योग की कार्रवाई और सीमा-पार निवेश में परिवर्तित करता है. यूएसआईएसपीएफ में भारत के लिए प्रबंध निदेशक निवेदिता मेहरा कहती हैं कि अमेरिका-भारत अंतरिक्ष संबंध अब नीतिगत संवाद से आगे बढ़ चुके हैं और क्रियान्वयन के लिए तैयार हैं. कुछ वर्ष पहले, इस तरह की चर्चा मुख्य रूप से कॉन्फ्रेंस रूम और संयुक्त बयानों तक सीमित थी, वह कहती हैं. आज, हम संयुक्त मिशनों, साझा प्लेटफार्मों और वास्तविक व्यावसायिक साझेदारियों को आकार लेते हुए देख रहे हैं. मेहरा जोड़ती हैं कि यह फोरम निवेश को खोलने, वाणिज्यिक जुड़ाव को विस्तार देने और आपूर्ति श्रृंखला एकीकरण के निर्माण के लिए एक उत्प्रेरक के रूप में कार्य करता है जो दोनों देशों के लिए स्थायी आर्थिक मूल्य पैदा करता है. क्रोशियर इस मिलन को एक नए बाज़ार के उद्भव के रूप में वर्णित करती हैं. अमेरिकी वाणिज्य मंत्रालय के असिटेंट सेक्रेटरी टेलर जॉर्डन के वक्तव्य का उल्लेख करते हुए वह कहती हैं, हम अब केवल समानांतर अंतरिक्ष कार्यक्रमों वाले दो राष्ट्र नहीं हैं; हम दो ऐसे इकोसिस्टम हैं जो वैश्विक अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था को परिभाषित करने के लिए एक साथ बुने जा रहे हैं. अमेरिका उन्नत प्रौद्योगिकियां, गहरे वेंचर कैपिटल नेटवर्क और परिपक्व व्यावसायिक अंतरिक्ष इंफ्रास्ट्रक्चर प्रदान करता है. वह कहती हैं, गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान, विश्वस्तरीय किफायती इंजीनियरिंग और तेजी से बढ़ता विनिर्माण आधार प्रदान करता है. स्पेस बिज़नेस फोरम जैसी पहलें इन क्षमताओं के बीच पुल का काम करती हैं, जिससे प्रत्यक्ष सहयोग के अवसर पैदा होते हैं. क्रोशियर बिज़नेस-टू-बिज़नेस मैचमेकिंग सत्रों को रेखांकित करती हैं, जहां 14 अमेरिकी कंपनियों के अधिकारियों ने भारत के स्टार्ट-अप्स के साथ संभावित सौदों और संयुक्त उपक्रमों पर चर्चा की. भारतीय सरकार, विशेष रूप से इसरो और इन-स्पेस की भागीदारी शानदार रही, वह कहती हैं, जहां अंतरिक्ष व्यवसाय के लिए एक 'सक्षम वातावरण' बनाने पर चर्चा केंद्रित रही. मेहरा उद्योग के दृष्टिकोण से पूरक विचार प्रस्तुत करती हैं और दोनों पक्षों में वास्तविक तात्कालिकता और महत्वाकांक्षा की भावना की ओर संकेत करती हैं. वह कहती हैं कि अमेरिकी कंपनियां भारत के विस्तारित निजी अंतरिक्ष इकोसिस्टम के साथ गंभीरता से जुड़ने के लिए तैयार होकर आईं, जबकि भारतीय कंपनियां तेजी से निर्यात के लिए तैयार हो रही हैं और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में एकीकृत होने की दिशा में अग्रसर हैं. वह पृथ्वी अवलोकन, जियोस्पेशियल एनालिटिक्स, उपग्रह निर्माण और डाउनस्ट्रीम अनुप्रयोगों जैसे प्रमुख क्षेत्रों में मज़बूत मिलन की भी ओर इशारा करती हैं. जैसे-जैसे जुड़ाव गहरा होता जा रहा है, क्रोशियर और मेहरा दोनों व्यापारिक रणनीति को नियामक ढांचे के साथ समन्वित करने की आवश्यकता पर जोर देती हैं. क्रोशियर कंपनियों को जल्दी कदम उठाने के लिए प्रोत्साहित करती हैं. नीतिगत पूर्णता की प्रतीक्षा न करें; अभी से अपने संबंधों का निर्माण शुरू करें, वह कहती हैं. बौद्धिक संपदा से जुड़े मुद्दों और निर्यात नियंत्रण के अंतर जैसी चुनौतियों को स्वीकार करते हुए, वह बताती हैं कि दोनों सरकारें उद्योग की जरूरतों के प्रति तेजी से उत्तरदायी हो रही हैं. जो कंपनियां अभी विश्वास, गुणवत्ता और अनुपालन मानकों के निर्माण में निवेश करती हैं, वे उभरते अवसरों का लाभ उठाने के लिए सबसे अच्छी स्थिति में होंगी, मेहरा कहती हैं. वह उद्योग विकास को समर्थन देने में निरंतर संस्थागत जुड़ाव की भूमिका पर भी प्रकाश डालती हैं. सिविल स्पेस जॉइंट वर्किंग ग्रुप जैसे प्रयास द्विपक्षीय संवाद को आगे बढ़ाते रहते हैं, जबकि इंडस-एक्स और कॉम्पैक्ट जैसे ढांचे से नवप्रवतर्न संबंधों को मजबूत करने और निकट भविष्य में व्यावसायिक क्रियान्वयन को मदद की उम्मीद है. क्रोशियर कहती हैं कि सार्थक प्रगति में बेहतर एकीकृत आपूर्ति श्रृंखलाएं; समन्वित, स्पष्ट रूप से समझे जाने वाले और पूर्वानुमान हो सकने वाले नियम और अंतरिक्ष में तथा पृथ्वी पर साझा अंतरिक्ष इंफ्रास्ट्रक्चर शामिल होगी. वह जोड़ती हैं कि सफलता तब स्पष्ट होगी जब सीमा-पार सहयोग घरेलू प्रयासों के समान गति और दक्षता के साथ आगे बढ़ सकेगा. मेहरा इस बात पर जोर देती हैं कि वैश्विक अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था का भविष्य सरकारों और उद्योग के बीच समन्वय पर निर्भर करेगा. जब सरकारें और उद्योग एक साथ कदम बढ़ाते हैं तो विस्तार संभव हो जाता है, वह कहती हैं. उनके दृष्टिकोण से प्रगति का आकलन वैश्विक अंतरिक्ष आपूर्ति श्रृंखलाओं में भारतीय कंपनियों के एकीकरण की गहराई और ट्रस्ट, कॉम्पैक्ट और इंडस-एक्स जैसे ढांचों के ठोस परिणामों-जैसे संयुक्त उपक्रम, सह-विकसित प्रौद्योगिकियां और साझा इंफ्रास्ट्रक्चर-के माध्यम से कार्यान्वयन से किया जाएगा. अमेरिका-भारत स्पेस बिज़नेस फोरम केवल एक संगम का क्षण नहीं दर्शाता; यह इस बात में बदलाव को चिह्नित करता है कि दोनों देश अंतरिक्ष क्षेत्र में कैसे जुड़ते हैं. जैसे-जैसे नीतिगत ढांचे परिपक्व होते हैं और उद्योग संबंध गहरे होते हैं, ध्यान तेजी, पैमाने और साझा परिणामों पर अधिक केंद्रित होता जा रहा है. वास्तविक परीक्षा, जैसा कि क्रोशियर और मेहरा दोनों संकेत करती हैं, इस पर निर्भर है कि आगे क्या होता है- विचार कितनी तेजी से निवेश में बदलते हैं और जुड़ाव कितनी जल्दी परिचालन परियोजनाओं में परिवर्तित होता है. गति अब केवल संभावना के बारे में नहीं है; यह क्रियान्वयन के बारे में है. *(अमेरिकी दूतावास)*

# अब बंगाल का फाइनल राउंड... संदेशखाली से बांग्लादेश बॉर्डर तक ममता के गढ़ में बीजेपी का असली इम्तिहान

**पश्चिम बंगाल के पहले चरण के बाद अब सभी की निगाहें दूसरे चरण की 142 सीटों पर लगी हुई हैं. फाइनल राउंड का चुनाव ममता बनर्जी के पावर ग्राउंड पर खेला जाना है, जिसके बदौलत बंगाल की सत्ता पर टीएमसी काबिज है. बीजेपी ने इस इलाके में सेंधमारी के लिए कई सियासी प्रयोग किए हैं, जिसका टेस्ट अब होना है.**

**कोलकाता:** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के पहले चरण की 152 सीटों पर वोटिंग के बाद अब बारी 'फाइनल राउंड' की है. दूसरे चरण के लिए 29 अप्रैल को वोटिंग है, जहां पर 142 सीटों पर चुनाव है. यह इलाका ममता बनर्जी के मजबूत के गढ़ है तो बीजेपी की पांच साल की सियासी प्रयोगशाला भी है. ऐसे में बीजेपी और टीएमसी के बीच आर-पार की लड़ाई है, जो इस इलाके में जीतने में कामयाब रहेगा, उसी का बंगाल में राज होगा?

बंगाल के पहले चरण में जिन 16 जिलों की सीटों पर चुनाव हुए हैं, उसे बीजेपी का दुर्ग कहा जाता है. पहला चरण उत्तरी बंगाल और जंगल महल की सीटों पर केंद्रित तो वहीं दूसरे चरण में बांग्लादेश की सीमा सी लगी सीटें है तो दूसरा कोलकाता के आसपास की सीटें है. दूसरा फेज दक्षिण बंगाल के उस 'कोर बेल्ट' में है, जिसे ममता बनर्जी का अभेद्य किला माना जाता है. इसीलिए पहले चरण से ज्यादा फेज में बीजेपी का असल इम्तिहान होना है, जहां एक तरफ ममता बनर्जी अपने दुर्ग को बचाए रखने की कवायद में हैं तो दूसरी तरफ बीजेपी बंगाल की सत्ता में काबिज होने की कोशिश में लगी है?

**बंगाल के दूसरे चरण की 142 सीटों पर चुनाव:** पश्चिम बंगाल केदूसरे फेज में 8 जिलों की 142 सीटों पर 1448 उम्मीदवारों की किस्मत दांव पर लगी है, जिसका फैसला 29 अप्रैल को मतदाता करेंगे. टीएमसी ने दूसरे फेज की सभी 142 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतार रखे हैं तो बीजेपी 141 सीटों पर किस्मत आजमा रही है. कांग्रेस भी सभी 142 सीट पर चुनाव लड़ रही है जबकि सीपीएम 100 सीट पर अपने उम्मीदवार उतार रखे हैं.

दूसरे चरण मेंकोलकाता की सभी शहरी सीटें इसी चरण में शामिल हैं. इसके अलावा 24 परगना उत्तर और दक्षिण दोनों जिलें की सीटें है. हावड़ा, नदिया, पूर्व और पश्चिम मेदिनीपुर जिले की सीटें है. ऐसे ही पूर्व और पश्चिम बर्धमान की सीटें हैं, जहां पर 2021 में टीएमसी ने क्लीन स्वीप किया था. इसी इलाके के बदौलत की ममता बनर्जी बंगाल में सत्ता की हैट्रिक लगाने में कामयाब रही थी.

**दूसरे फेज का सियासी समीकरण क्या है?:** बंगाल चुनाव के दूसरे चरण की जिन 142 सीटों पर 29 अप्रैल को मतदान है, 2021 के चुनाव में इनमें से



बीजेपी ने सिर्फ 18 सीटें जीती थी जबकि टीएमसी ने 123 सीटों पर जीत दर्ज कर सत्ता की हैट्रिक लगाई थी. कोलकाता ही नहीं उत्तर और दक्षिण 24 परगना इलाके की एक भी सीट बीजेपी नहीं जीत सकी थी. इससे समझा जा सकता है कि ममता बनर्जी का इस इलाके में कितनी मजबूत पकड़ है.

2021 में बीजेपी उत्तरी बंगाल और जंगल महल के इलाके वाली सीटों पर टीएमसी पर भारी पड़ी थी, लेकिन दक्षिण बंगाल की सीटों पर उसका गेम बिगड़ गया था. बीजेपी ने इस बार पूरा फोकस इसी इलाके पर किया है, जहां पांच साल तक अलग-अलग मुद्दों पर टीएमसी को घेरती रही है. चाहे फिर 24 परगना के संदेशखाली वाली घटना रही हो या फिर मतुआ समुदाय के साथ किए जाए रहे भेदभाव.

**बीजेपी की राजनीतिक प्रयोगशाला में टेस्ट:** बंगाल के फाइनल राउंड के चुनाव में बीजेपी का असल टेस्ट होना है, जिसे पांच साल तक अपनी राजनीतिक प्रयोगशाला बनाने के लिए मशक्कत करती रही है. पश्चिम और पूर्व बर्धमान का इलाका औद्योगिक और कोयला बेल्ट तो 24 परगना का इलाका मुस्लिम बहुल है. नादिया जिले की करीमपुर,तेहट्टा, चोपड़ा और कृष्णगंज जैसी सीटें सीधे बांग्लादेश सीमा से लगती हैं. इसी तरह उत्तर 24 परगना जिले का बोंगों , बगदा, स्वरूपनगर और बशीरहाट सीट बांग्लादेश की सीमा से सटी है तो दक्षिण परगना इलाके की सुंदरबन का क्षेत्र जैसे हिंगलगंज और संदेशखाली बांग्लादेश से जुड़े हैं.

बांग्लादेश की सीमा से लगे इलाके में मुस्लिम वोटर बड़ी संख्या में है, जिसके चलते ममता बनर्जी जीत दर्ज करती रही है. बीजेपी बांग्लादेश से अवैध रूप में घुसपैठ के मुद्दे को भी जोरदार तरीके से उठाती रही है. बोंगों और नदिया के सीमावर्ती इलाकों में मतुआ वोट बैंक निर्णायक है, जहां सीएए एक बड़ा फैक्टर है. बीजेपी यह दावा करती रही है कि बांग्लादेश से आने वाले हिंदुओं को नागरिका देने का काम कर रहे हैं तो दूसरी तरफ अवैध रूप से घुसपैठ करने वाले मुस्लिमों को बाहर निकालने का नैरेटिव सेट करने में जुटी है.

बीजेपी ने इस इलाकों में घुसपैठ और तुष्टीकरण को बड़ा मुद्दा बनाकर ममता बनर्जी को सियासी कठघरे में खड़ा किया है. इस तरह बीजेपी की कोशिश धार्मिक ध्रुवीकरण के जरिए बांग्लादेश की सीमा से लगे इलाके में अपनी सियासी जड़े जमाने की है जबकि ममता बनर्जी का पूरा जोर इस इलाके की सीटों को बचाए रखने की है. ऐसे में देखना है कि बीजेपी ने पांच साल तक जिसे अपनी राजनीतिक प्रयोगशाला के तौर पर बनाने का काम किया है, क्या चुनाव में सियासी रूप से मुफीद होगा?

# बंगाल से तृणमूल की विदाई तय : संतोष पाठक



**कोलकाता:** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में कोलकाता की चौरंगी विधानसभा सीट इस बार सबसे चर्चित मुकाबलों में शामिल हो गई है. एक समय कांग्रेस के प्रभावशाली नेता रहे कोलकाता नगर निगम के पूर्वा पार्षद संतोष पाठक ने चुनाव से ऐन पहले भारतीय जनता पार्टी का दामन थामा. क्षेत्र में मजबूत जनाधार रखने वाले संतोष पाठक को भाजपा ने चौरंगी सीट से उम्मीदवार बनाया है. उनके मैदान में उतरने से यहां मुकाबला बेहद दिलचस्प हो गया है.

चौरंगी सीट पर तृणमूल कांग्रेस ने अपनी मौजूदा विधायक नयना बंद्योपाध्याय को फिर से उम्मीदवार बनाया है. नयना बंद्योपाध्याय लगातार दो बार से विधायक हैं और वरिष्ठ तृणमूल नेता सुदीप बंदोपाध्याय की पत्नी हैं. एक तरफ तृणमूल कांग्रेस इस सीट पर अपना कब्जा बरकरार रखने का दावा कर रही है, वहीं दूसरी ओर भाजपा इसे छीन लेने के लिए पूरी ताकत झोंक चुकी है. एक विशेष बातचीत में भाजपा उम्मीदवार संतोष पाठक ने दावा किया कि इस बार केवल चौरंगी ही नहीं, बल्कि पूरे पश्चिम बंगाल से तृणमूल कांग्रेस का सफाया होने जा रहा है.

**जनता भ्रष्टाचार और बदहाल कानून व्यवस्था से त्रस्त:** जब उनसे पूछा गया कि चौरंगी की जनता उन्हें क्यों वोट देगी, तो संतोष पाठक ने कहा कि केवल चौरंगी ही नहीं, पूरे राज्य की जनता इस बार भाजपा को वोट देगी. उन्होंने आरोप लगाया कि तृणमूल सरकार के शासनकाल में भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच गया है, प्रशासनिक व्यवस्था चरमरा गई है और कानून व्यवस्था पूरी तरह बिगड़ चुकी है. उन्होंने कहा कि राज्य के लोग लंबे समय से इस स्थिति को झेल रहे हैं और अब बदलाव चाहते हैं. जनता ने तय कर लिया है कि इस बार तृणमूल सरकार को सत्ता से बाहर करना है.

**बाहरी मुद्दे पर ममता बनर्जी को घेरा:** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा भाजपा को बाहरी पार्टी बताए जाने के सवाल पर संतोष पाठक ने तीखा पलटवार किया. उन्होंने कहा कि तृणमूल कांग्रेस ने आसनसोल से शत्रुघ्न सिन्हा और कीर्ति आजाद जैसे नेताओं को टिकट देकर सांसद बनाया, जो बंगाल के नहीं हैं. उन्होंने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सदस्यों में भी कई ऐसे लोग हैं जिनका बंगाल से सीधा संबंध नहीं है. इसलिए भाजपा को बाहरी बताने का आरोप केवल राजनीतिक नाटक है.

**आईपीएस राजीव कुमार पर गंभीर आरोप:** संतोष पाठक ने पश्चिम बंगाल पुलिस के पूर्व महानिदेशक और वर्तमान राज्यसभा सांसद राजीव कुमार पर भी निशाना साधा. उन्होंने आरोप लगाया कि राजीव कुमार देश के सबसे भ्रष्ट अधिकारियों में शामिल हैं. पाठक ने कहा कि ममता बनर्जी और तृणमूल नेताओं के भ्रष्टाचार को छिपाने तथा सबूत मिटाने में उन्होंने अपराधियों से बढ़कर भूमिका निभाई. उन्होंने दावा किया कि उसी के इनाम के तौर पर उन्हें राज्यसभा भेजा गया.

**ममता बनर्जी पर निशाना:** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर टिप्पणी करते हुए संतोष पाठक ने कहा कि वह उन्हें व्यक्तिगत रूप से जानते हैं और पहले ममता बनर्जी उनके घर भी आती रही हैं. उन्होंने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी बहुत बड़ी नाटकबाज हैं और दिखावे की राजनीति करती हैं. उन्होंने कहा कि जनता अब उनके झूठे वादों और राजनीतिक नाटकों को समझ चुकी है. इस बार बंगाल की जनता उन्हें सत्ता से बाहर कर देगी.

**भाजपा का संकल्प पत्र ही बंगाल की दिशा:** संतोष पाठक ने भाजपा के संकल्प पत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि देश के 13 राज्यों में भाजपा की सरकार है, जो सुशासन का उदाहरण हैं. उन्होंने कहा कि बंगाल में भी भाजपा सरकार बनने पर बड़े बदलाव दिखाई देंगे. उन्होंने कहा कि यदि अब भी परिवर्तन नहीं हुआ, तो राज्य की स्थिति और खराब हो जाएगी. उन्होंने आरोप लगाया कि तुष्टीकरण की राजनीति के कारण अपराधियों का मनोबल बढ़ा है और आम नागरिक खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं.

**महिलाओं और युवाओं के लिए बड़े वादे:** भाजपा उम्मीदवार ने कहा कि पार्टी की सरकार बनने पर महिलाओं को 3000 रुपये मासिक आर्थिक सहायता दी जाएगी. राज्य की महिलाएं सरकारी सार्वजनिक परिवहन में निःशुल्क यात्रा कर सकेंगी. उन्होंने कहा कि युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए 15 हजार रुपये की वित्तीय सहायता दी जाएगी. साथ ही नौकरी मिलने तक 3000 रुपये मासिक भत्ता दिया जाएगा.

**डबल इंजन सरकार का लाभ मिलेगा:** संतोष पाठक ने कहा कि यदि बंगाल में भाजपा की सरकार बनती है तो राज्य की योजनाओं के साथ-साथ केंद्र सरकार की योजनाओं का भी पूरा लाभ जनता को मिलेगा. उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार से विकास की गति तेज होगी.

**आयुष्मान भारत से बंगाल वंचित:** उन्होंने आरोप लगाया कि पूरे देश में लोग केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी स्वास्थ्य योजना आयुष्मान भारत योजना का लाभ उठा रहे हैं और निजी अस्पतालों में गंभीर बीमारियों का मुफ्त इलाज की सुविधा पा रहे हैं, लेकिन पश्चिम बंगाल की जनता इससे वंचित है. उन्होंने कहा कि राज्य की स्वास्थ्य साथी योजना केवल दिखावा है और लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा नहीं मिल रही. भाजपा सरकार बनने पर लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुरक्षा दी जाएगी.

**रोजगार और उद्योग पर बड़ा दावा:** संतोष पाठक ने कहा कि बंगाल की औद्योगिक बदहाली पूरे देश में चर्चा का विषय है. यहां के युवाओं को रोजगार के लिए दूसरे राज्यों में मजदूरी करनी पड़ रही है. उन्होंने दावा किया कि भाजपा की सरकार बनने पर राज्य में एक करोड़ रोजगार सृजित किए जाएंगे. उद्योगों को बढ़ावा दिया जाएगा और बंगाल को फिर से सोनार बंगला बनाया जाएगा.

**बंगाल का भविष्य बदलने वाला चुनाव:** संतोष पाठक ने कहा कि चौरंगी विधानसभा सीट पर जनता बदलाव के पक्ष में खड़ी है. उन्होंने दावा किया कि चौरंगी के लोगों के सुख-दुख में नयना बंद्योपाध्याय कभी भी खड़ी नहीं हुईं, ना हीं किसी से मिलती-जुलती हैं. वह अपनी दुनिया में सीमित रहती हैं. इसीलिए लोग बदलाव चाहते हैं. इस बार चौरंगी के साथ-साथ पूरे पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस सत्ता से बाहर होगी और भारतीय जनता पार्टी सरकार बनाएगी. उन्होंने कहा कि यह चुनाव केवल सरकार बदलने का नहीं, बल्कि बंगाल का भविष्य बदलने का चुनाव है.

# बंगाल में रिकॉर्ड 92.8 प्रतिशत मतदान के पीछे का गणित

## 90.8 लाख नाम हटने से बदला समीकरण



**कोलकाता:** बंगाल विधानसभा चुनाव के पहले चरण में 92.89 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है, जो 2021 के मुकाबले 10.5 प्रतिशत ज्यादा है. यह आंकड़ा लोकतंत्र की बड़ी जीत के तौर पर पेश किया जा रहा है, लेकिन इसके पीछे की कहानी वोटर लिस्ट से 90.8 लाख नाम हटाए जाने से जुड़ी है. चुनाव आयोग के आदेश पर बंगाल में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कराया गया. इसका मकसद मृत, डुप्लीकेट, अवैध मतदाताओं और राज्य से बाहर जा चुके लोगों के नाम हटाना था. इस प्रक्रिया में करीब 12 प्रतिशत यानी 90.8 लाख मतदाताओं के नाम सूची से हटा दिए गए. इसके बाद कुल मतदाता आधार घटकर 6.75 करोड़ रह गया. एसआईआर के बाद पहले चरण में कुल मतदाता 3.61 करोड़ बचे. इसमें से 3.35 करोड़ वोट पड़े. इसी वजह से मतदान प्रतिशत 92.8 प्रतिशत पहुंच गया. विशेषज्ञों का कहना है कि वोटर बेस घटने से प्रतिशत बढ़-चढ़कर दिख रहा है.

इस आंकड़े को भाजपा और टीएमसी दोनों अपने-अपने तरीके से पेश कर रहे हैं. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पर लिखा, 'तृणमूल के भ्रष्टाचार और गुंडागर्दी का सूरज डूब गया है. उन्होंने इसे सत्ता परिवर्तन का संकेत बताया. वहीं टीएमसी का आरोप है कि एसआइआर के जरिए मुस्लिम बहुल इलाकों में जान-बूझकर नाम काटे गए.

मुर्शिदाबाद में 66 प्रतिशत मुस्लिम आबादी है. 2021 में टीएमसी ने इस जिले 22 में से 20 सीटें जीतीं थी. यहां बड़ी संख्या में नाम कटे हैं. मालदा में 51 प्रतिशत मुस्लिम आबादी है. 12 में से 8 सीटें टीएमसी ने जीती थी. उत्तर और दक्षिण 24 परगना में 26 और 36 प्रतिशत मुस्लिम आबादी है. 64 में से 57 सीटें टीएमसी ने जीती थीं. इन चार जिलों में ही करीब 12.2 लाख नाम वोटर लिस्ट से हटाए गए हैं.

# चुनाव कराने वाले अधिकारी ही नहीं डाल पाए वोट!

## 65 अफसरों ने खटखटाया सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा

**कोलकाता:** देश के कई राज्यों में इन दिनों लोकतंत्र का त्योहार मनाया जा रहा है, लेकिन इसे संपन्न कराने वाले कुछ अधिकारियों के साथ एक अजीब स्थिति पैदा हो गई है. पश्चिम बंगाल में चुनाव ड्यूटी पर तैनात 65 अधिकारियों ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है. उनकी शिकायत है कि मतदाता सूची से उनके नाम ही गायब कर दिए गए हैं, जिसके कारण वे खुद मतदान नहीं कर पा रहे हैं. सीनियर एडवोकेट एम.आर. शमशाद ने याचिकाकर्ताओं की ओर से दलील पेश की. उन्होंने कोर्ट को बताया, ये सभी 65 याचिकाकर्ता अभी चुनाव ड्यूटी पर तैनात हैं. हैरानी की बात यह है कि उनके ड्यूटी ऑर्डर पर उनके वोटर आईडी नंबर लिखे हुए हैं, लेकिन अब वही नंबर वोटर लिस्ट से हटा दिए गए हैं. बिना किसी ठोस कारण के नाम हटाना पूरी तरह से मनमाना और गलत है. वकील ने तंज कसते हुए कहा, जो लोग चुनाव करवा रहे हैं, वही अब वोट डालने के अधिकार से वंचित हैं.



इस मामले पर सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश ने स्पष्ट किया कि फिलहाल इस मुद्दे को अपीलेट ट्रिब्यूनल के सामने रखा जाना चाहिए. कोर्ट ने कहा कि ट्रिब्यूनल ही इन दलीलों की जांच करेगा और उचित फैसला सुनाएगा. सुनवाई के दौरान जस्टिस बागची ने एक महत्वपूर्ण टिप्पणी की- हो सकता है कि इस चुनाव में ये अधिकारी वोट न डाल पाएं, लेकिन वोटर लिस्ट में नाम बने रहने का उनका जो बड़ा और कीमती अधिकार है, उसे सुरक्षित रखा जाएगा.

सुप्रीम कोर्ट ने मामले में सीधा हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया है और इसे ट्रिब्यूनल के पास भेज दिया है. इसका मतलब है कि इन 65 अधिकारियों के वोट डालने पर अभी संशय बना हुआ है, लेकिन उनके नाम भविष्य के लिए वोटर लिस्ट में वापस जोड़ने पर ट्रिब्यूनल अंतिम फैसला लेगा. पश्चिम बंगाल में चुनाव आयोग की ओर से की गई स्पेशल इंटेंसिव रिविजन (एसआईआर) प्रक्रिया के तहत कुल 90.8 लाख से 91 लाख के बीच नाम हटाए गए थे. ड्राफ्ट रोल पब्लिश होने के समय ही करीब 58 लाख से 63 लाख नाम हटा दिए गए थे. इसके बाद न्यायिक अधिकारियों की ओर से की गई 60 लाख नामों की अतिरिक्त जांच में 27.1 लाख नाम और हटाए गए. इन कटौतियों के बाद पश्चिम बंगाल में मतदाताओं की कुल संख्या 7.66 करोड़ से घटकर 6.75 करोड़ रह गई है, जो कि लगभग 12% की गिरावट है.

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 के पहले चरण का मतदान ऐतिहासिक रहा है. 23 अप्रैल 2026 को हुए इस मतदान में न केवल भारी संख्या में लोग घरों से बाहर निकले, बल्कि आजादी के बाद का सबसे बड़ा रिकॉर्ड भी बना. चुनाव आयोग के ताजा आंकड़ों के अनुसार, पहले चरण में 92.35% से 92.88% के बीच रिकॉर्ड मतदान दर्ज किया गया है.

# 2.5 लाख जवान, 142 सीटें... बंगाल के दूसरे चरण में सुरक्षा का 'महा-चक्रव्यूह'

**कोलकाता:** पश्चिम बंगाल में दूसरे चरण के चुनाव (29 अप्रैल) को लेकर अभूतपूर्व सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं. भारत-बांग्लादेश सीमा पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है और 142 सीटों पर होने वाले मतदान के लिए चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा बल तैनात किए जा रहे हैं. शहरी इलाकों में महिला अर्धसैनिक बलों की भी बड़ी संख्या में तैनाती की जा रही है. पहले चरण के मतदान के दौरान हुई हिंसक घटनाओं को ध्यान में रखते हुए चुनाव आयोग और सुरक्षा एजेंसियां दूसरे चरण को पूरी तरह शांतिपूर्ण बनाने की तैयारी में जुटी हैं. सुरक्षा सूत्रों के मुताबिक, 29 अप्रैल का चरण सिर्फ सीटों की संख्या के लिहाज से ही नहीं, बल्कि राजनीतिक और रणनीतिक दृष्टि से भी बेहद अहम है. एक तरफ कोलकाता की शहरी राजनीति दांव पर है, तो दूसरी ओर भारत-बांग्लादेश सीमा से सटे इलाके इसे राष्ट्रीय सुरक्षा के नजरिए से भी महत्वपूर्ण बनाते हैं.

चुनाव आयोग का दावा है कि इस बार न 'छप्पा' होगा और न ही 'बूथ जामिंग'. फर्जी वोटिंग और बूथ कैप्चरिंग जैसी घटनाओं को रोकने के लिए एहतियाती कदमों पर खास जोर दिया जा रहा है. जानकारी के मुताबिक पश्चिम बंगाल में ढाई लाख से ज्यादा अर्धसैनिक बलों की तैनाती की गई है. पहले चरण में कुछ हिंसक घटनाएं जरूर हुईं, लेकिन 2021 के मुकाबले हालात बेहतर रहे. अब दूसरे चरण को पूरी तरह हिंसा मुक्त बनाने के लिए और सख्ती बरती जा रही है.

दूसरे चरण में राज्य की 142 विधानसभा सीटों पर



**पश्चिम बंगाल में 29 अप्रैल को होने वाले दूसरे चरण के मतदान के लिए अभूतपूर्व सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं. 142 सीटों पर वोटिंग से पहले ढाई लाख से ज्यादा अर्धसैनिक बल तैनात किए गए हैं. सीमा इलाकों, संवेदनशील बूथों और शहरी क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जा रही है ताकि मतदान पूरी तरह शांतिपूर्ण हो सके.**

वोटिंग होगी. इसमें कोलकाता महानगर, औद्योगिक बेल्ट और दक्षिण बंगाल के घनी आबादी वाले इलाके शामिल हैं. भवानीपुर जैसी हाई-प्रोफाइल सीट भी इसी चरण में है. इसके अलावा सीमावर्ती जिले जैसे उत्तर 24 परगना, दक्षिण 24 परगना, बशीरहाट, हावड़ा, बरासात, नदिया और सुंदरबन क्षेत्र भी इस चरण में आते हैं, जो सुरक्षा की दृष्टि से बेहद संवेदनशील माने जाते हैं. भारत-बांग्लादेश सीमा से लगे इलाकों में घुसपैठ और तस्करी जैसे मुद्दे हमेशा अहम रहते हैं. इसी वजह से इन क्षेत्रों में बीएसएफ और अन्य केंद्रीय बलों की भारी तैनाती की गई है. सुंदरबन जैसे नदी और दलदली इलाकों में मतदान कराना चुनौतीपूर्ण होता है, इसलिए वहां अतिरिक्त सुरक्षा और निगरानी बढ़ाई गई है. संवेदनशील बूथों पर विशेष फोर्स और बख्तरबंद वाहनों की तैनाती की गई है.

पहली बार चुनाव से पहले अर्धसैनिक बलों के वरिष्ठ अधिकारियों की उच्च स्तरीय बैठक हुई. सीआरपीएफ के डीजी ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह खुद पश्चिम बंगाल में कैंप कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं. बैरिकेडिंग, नाकेबंदी और संवेदनशील इलाकों की लगातार निगरानी की जा रही है. करीब 200 'मार्क्समैन' बख्तरबंद गाड़ियां तैनात की गई हैं. ये गाड़ियां बुलेट-रेसिस्टेंट हैं और एके-47 जैसी राइफल की गोलियों को भी झेल सकती हैं. रन-फ्लैट टायर होने की वजह से टायर खराब होने पर भी ये कुछ दूरी तक चल सकती हैं. इनके जरिए सुरक्षा बल संवेदनशील इलाकों में तेजी से कार्रवाई कर सकते हैं. इसके साथ ही क्विक रिएक्शन टीम भी तैनात की गई हैं. इस बार बड़ी संख्या में महिला अर्धसैनिक बलों को भी तैनात किया गया है. करीब 200 कंपनियों को विशेष ट्रेनिंग दी गई है ताकि वे चुनाव प्रक्रिया को सुचारु रूप से संभाल सकें.

# बिहार विधानसभा में राजग ने साबित किया बहुमत, ध्वनि मत से पारित हुआ विश्वास मत



**पटनाः** बिहार विधानसभा के विशेष सत्र में शुक्रवार को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार ने अपना बहुमत साबित कर दिया. सदन में बिना मतदान के ही ध्वनि मत से विश्वास प्रस्ताव पारित हो गया और सम्राट चौधरी सरकार ने विश्वास मत हासिल कर लिया. राजग के सभी सहयोगी दलों के विधायकों ने बारी-बारी से सरकार के समर्थन का एलान किया, जिसके बाद विश्वास प्रस्ताव आसानी से पारित हो गया. सम्राट चौधरी ने 15 अप्रैल को नीतीश कुमार की जगह बिहार के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी. उनके साथ जनता दल यूनाइटेड (जदयू) कोटे से विजय कुमार चौधरी और बिजेंद्र प्रसाद यादव ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण की थी. विधानसभा के एक दिवसीय विशेष सत्र के दौरान विश्वास मत प्रस्ताव पर बोलते हुए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री एमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन नेतृत्व, पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और राजग के वरिष्ठ नेताओं के प्रति आभार व्यक्त किया. अपने संबोधन में उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री की कुर्सी किसी की बपौती नहीं है. 14 करोड़ जनता के समर्थन और आशीर्वाद से मैं मुख्यमंत्री बना हूं. उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि सत्ता किसी एक परिवार या व्यक्ति की जागीर नहीं हो सकती. सम्राट चौधरी ने राष्ट्रीय जनता दल प्रमुख लालू यादव पर भी हमला बोला. उन्होंने कहा कि लालू यादव के शासनकाल में हुए अत्याचारों ने ही उन्हें राजनीति में मजबूती दी. उन्होंने दावा किया कि लालू यादव ने उन्हें और उनके परिवार के 22 सदस्यों को जेल भेजा था और बाद में सार्वजनिक रूप से अपनी गलती स्वीकार करते हुए माफी भी मांगी थी. मुख्यमंत्री ने अपनी सरकार की प्राथमिकताओं को स्पष्ट करते हुए कहा कि उनकी सरकार ट्रिपल सी यानी क्राइम (अपराध), करप्शन (भ्रष्टाचार) और कम्युनलिज्म (सांप्रदायिकता)) पर किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करेगी. उन्होंने कहा कि महिलाओं के खिलाफ अपराध करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा. मुख्यमंत्री ने कहा, जो भी महिलाओं के खिलाफ अपराध करेगा, उसे हमारी पुलिस पाताल से भी खोज निकालेगी.

सम्राट चौधरी ने यह भी कहा कि ब्लॉक, अंचल और थाना स्तर पर जनता को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) सीधे निगरानी करेगा. लोक सेवा का अधिकार कानून, भूमि पोर्टल, ई-म्यूटेशन और ई-मैपिंग जैसी व्यवस्थाओं को और प्रभावी बनाया जाएगा. मुख्यमंत्री ने एक बड़ी जनहित घोषणा करते हुए कहा कि अब सड़क दुर्घटना में मौत होने पर पीड़ित परिवार को कुल 8 लाख रुपये की सहायता दी जाएगी. इसमें 4 लाख रुपये बीमा कंपनी और 4 लाख रुपये राज्य सरकार की ओर से दिए जाएंगे.

इससे पहले विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने विश्वास प्रस्ताव पर बोलते हुए कहा कि भाजपा ने नीतीश कुमार को फिनिश कर दिया. इस बयान पर सदन में जोरदार हंगामा हुआ. इसके बाद उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी सदन में बोलते हुए भावुक हो गए. उन्होंने नीतीश कुमार को याद करते हुए कहा कि उन्हें इस बात का मलाल है कि दूरदृष्टि वाला नेता अब सदन में उनके साथ नहीं है और वे अब दूसरे सदन के सदस्य बन चुके हैं. उन्होंने कहा कि सदन में एक खालीपन महसूस हो रहा है, जैसे एक दीपक की रोशनी से सभी लोग लंबे समय से मार्गदर्शन लेते आए हों, लेकिन वह दीपक अब दूर चला गया है. उसी रोशनी में बिहार की राजनीति और शासन व्यवस्था आगे बढ़ती रही है. अंत में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सरकार का विजन रखते हुए विकास, सुशासन और जनहित के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई. इस दौरान वे विपक्ष पर हमलावर दिखे और तेजस्वी यादव को भी जवाब दिया.

### महिला आरक्षण संशोधन विधेयक का विरोध करने पर विपक्षी दलों के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित

**पटनाः** बिहार विधानसभा ने महिला आरक्षण संशोधन विधेयक को संसद में पारित नहीं होने देने पर कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) समेत विपक्षी दलों के खिलाफ शुक्रवार को निंदा प्रस्ताव पारित किया. उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने सदन में यह प्रस्ताव पेश किया, जिस पर सदन ने अपनी सहमति व्यक्त की. प्रस्ताव पारित होने के दौरान विपक्षी दलों के सदस्यों ने इसका विरोध किया और हंगामा करते हुए सदन से बहिर्गमन कर गए. सत्तापक्ष के सदस्यों ने महिला आरक्षण संशोधन विधेयक को महिलाओं के सशक्तीकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताते हुए कहा कि इसका विरोध करने वाले दलों ने महिलाओं के अधिकारों के प्रति नकारात्मक रवैया अपनाया है. विपक्षी सदस्यों ने प्रस्ताव को राजनीतिक बताते हुए विरोध जताया. इस बीच, विधानसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित करने की घोषणा कर दी.

## बिहार में ज्वेलरी शॉप लूटकर भाग रहे बदमाशों की फायरिंग में एक की मौत

**भीड़ ने लुटेरों को दबोचकर पीटा**




**गोपालगंज :** बिहार के गोपालगंज में ज्वेलरी शॉप में दिनदहाड़े लूट के बाद भागते समय बदमाशों ने एक व्यक्ति को गोली मारकर हत्या कर दी. लूट और हत्या के बाद भोरे थाना क्षेत्र स्थित लाला छपरा बाजार इलाके में तनाव फैल गया है. लूटकर भाग रहे बदमाशों को स्थानीय लोगों की भीड़ ने दौड़ाकर पकड़ लिया और उसकी बेदम पिटाई की. वहीं बदमाशों की गोली का निशाना बने मृतक की पहचान कर ली गई है. मृतक भोरे थाना इलाके के सीसई गांव का रहने वाला था जिसका नाम डबलू मिश्रा था. पांच लुटेरे बाइक पर सवार होकर आए. और स्वर्ण व्यवसायी दीपक वर्मा की ज्वेलरी शॉप को निशाना बनाया. अपराधी दुकान में लूटपाट करने के इरादे से घुसे थे.

दिनदहाड़े हुई इस वारदात से बाजार में अफरा-तफरी मच गई. लूटपाट करने के बाद जब अपराधी हथियार लहराते हुए भागने लगे, तभी एक बदमाश की बाइक स्टार्ट नहीं हो पाई, जिस कारण उसे स्थानीय लोगों ने पकड़ लिया. अन्य बदमाशों को जब स्थानीय लोगों ने उनका पीछा करने का साहस दिखाया, तब अपराधियों ने फायरिंग कर दी, जिससे गोली लगने से डब्ल्यू मिश्रा की मौत हो गई. अपराधियों के भागने के दौरान भीड़ ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए एक अपराधी को पकड़ लिया. पकड़े गए अपराधी की ग्रामीणों ने जमकर धुनाई कर दी, जिसे बाद में पुलिस के हवाले कर दिया गया. हालांकि, अन्य अपराधी भागने में सफल रहे.

डबलू मिश्रा की मौत की खबर फैलते ही ग्रामीण उग्र हो गए. गुस्साए ग्रामीणों ने सीसई गांव के पास शव को रखकर पुलिस प्रशासन के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया. ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया और जिला प्रशासन से दोषियों की जल्द गिरफ्तारी और पीड़ित परिवार के लिए मुआवजे की मांग की.

## भाजपा ने नीतीश कुमार को राजनीतिक रूप से खत्म करने की कोशिश की: तेजस्वी यादव



**पटनाः** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी यादव ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने जनता दल (यूनाइटेड) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार को बिहार के मुख्यमंत्री पद से हटने के लिए विवश किया, क्योंकि वह उन्हें राजनीतिक रूप से समाप्त करना चाहती थी. विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव, भाजपा नेता सम्राट चौधरी नीत सरकार द्वारा पेश विश्वास मत प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान बोल रहे थे. यादव ने कहा, हमें पहले से पता था कि भाजपा नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री नहीं रहने देगी. भाजपा लगातार कहती रही कि 2030 तक नीतीश कुमार राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के नेता रहेंगे, लेकिन अब उसने उन्हें समाप्त कर दिया है. उन्होंने कहा, किसी भी राज्य को राजनीतिक स्थिरता की आवश्यकता होती है, लेकिन बिहार की स्थिति अलग है. यहां पांच वर्षों में पांच सरकारें देखी गई हैं.

तेजस्वी का संकेत उस अवधि की ओर था, जिसमें जद(यू) अध्यक्ष नीतीश कुमार राजग में आते-जाते रहे. भाजपा के भीतर असंतोष का संकेत देने का प्रयास करते हुए तेजस्वी यादव ने सम्राट चौधरी के शुरुआती राजनीतिक जीवन का उल्लेख किया, जब वह राजद में थे. उन्होंने कहा, मुझे सम्राट चौधरी के लिए प्रसन्नता है, जो राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव की पाठशाला से निकले हैं. लेकिन उन्हें भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) में गहरी जड़ें रखने वाले उन लोगों से सावधान रहना चाहिए, जो उनके उभार से नाराज हैं.

राजद नेता ने सम्राट चौधरी के पिता शकुनि चौधरी के एक पुराने चुनावी भाषण का भी उल्लेख किया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहा है. उन्होंने व्यंग्यात्मक लहजे में कहा, शकुनि चौधरी ने नरेन्द्र मोदी को जीवित दफनाने की धमकी दी थी. प्रतीत होता है कि इससे भाजपा का शीर्ष नेतृत्व भयभीत हो गया और उन्हें शांत करने के लिए उनके पुत्र को मुख्यमंत्री बना दिया.

## रोहतास में निगरानी का बड़ा एक्शन रिश्वत लेते बीसीओ रंगे हाथ गिरफ्तार



**रोहतास :** बिहार के रोहतास में भ्रष्टाचार के खिलाफ एक बार फिर बड़ी कार्रवाई देखने को मिली है. दरअसल निगरानी विभाग की टीम ने छापेमारी करते हुए जिले के राजपुर प्रखंड के प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी जनार्दन कुमार को 10,000 रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया है. इस कार्रवाई के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है. वहीं सरकारी बाबुओं में खलबली मच गई है. मिली जानकारी के अनुसार, राजपुर प्रखंड के पैक्स प्रबंधक प्रशांत कुमार से धान खरीद के बाद भौतिक सत्यापन के नाम पर 10,000 रुपये रिश्वत मांगी जा रही थी. लगातार हो रहे रिश्वत की मांग से परेशान होकर प्रशांत कुमार ने आखिरकार निगरानी विभाग से संपर्क किया और पूरे मामले की शिकायत दर्ज कराई.

शिकायत मिलने के बाद निगरानी विभाग की टीम ने इसकी पुष्टि की. इसके बाद निगरानी की टीम ने जाल बिछाया और आज योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई करते हुए बीसीओ जनार्दन कुमार को उनके कार्यालय में ही रिश्वत लेते समय रंगे हाथ पकड़ लिया. गिरफ्तारी के तुरंत बाद टीम आरोपी को अपने साथ लेकर सासाराम स्थित उसके आवास पर भी पहुंची, जहां तलाशी अभियान चलाया गया. निगरानी विभाग के इंस्पेक्टर अखिलेश कुमार ने बताया कि शिकायत के आधार पर ट्रैप लगाया गया था.

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध सपा को पड़ेगा भारी, चुनाव में दौड़ाएंगी महिलाएं: केशव मौर्य



**बरेलीः** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध करने पर समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव में माताएं-बहनें उन्हें क्षेत्र में घुसने नहीं देंगी और सपा नेताओं को गांव-गांव दौड़ाया जाएगा. शुक्रवार को बरेली सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत में केशव मौर्य ने आरोप लगाया कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम संशोधन विधेयक का विरोध अखिलेश यादव की महिला-विरोधी मानसिकता को दर्शाता है.

उन्होंने कहा कि संसद में इस महत्वपूर्ण विधेयक का विरोध कर कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस और डीएमके ने देश की आधी आबादी के साथ विश्वासघात किया है. उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों ने महिलाओं को उनके अधिकारों से वंचित करने की साजिश रची है. समाजवादी पार्टी द्वारा धर्म आधारित आरक्षण की मांग को उन्होंने असंवैधानिक बताते हुए कहा कि भारतीय संविधान धर्म के आधार पर आरक्षण की अनुमति नहीं देता. उन्होंने तृणमूल कांग्रेस पर भी निशाना साधते हुए कहा कि जो पार्टी अपने राज्य में महिलाओं की आवाज को हिंसा से दबाती है, वह संसद में लोकतंत्र की बात कर रही है.

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम का क्रियान्वयन परिसीमन से जुड़ा है और परिसीमन में देरी का मतलब महिलाओं के आरक्षण में देरी है. ऐसे में इस विधेयक का विरोध वास्तव में महिलाओं के अधिकारों को टालने का प्रयास है. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट किया है कि नीति-निर्माण में महिलाओं की भागीदारी कोई उपकार नहीं, बल्कि उनका स्वाभाविक अधिकार है.

केशव मौर्य ने कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भी स्पष्ट किया है कि परिसीमन से किसी भी राज्य को नुकसान नहीं होगा, बल्कि दक्षिण भारत का आनुपातिक प्रतिनिधित्व सुरक्षित रहेगा और बढ़ेगा.

## अवैध दस्तावेजों के आधार पर बुलंदशहर में रह रहा पाकिस्तानी नागरिक गिरफ्तार



**बुलंदशहर (उत्तर प्रदेश)ः** उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में अवैध रूप से रहने के आरोप में पाकिस्तानी नागरिक को गिरफ्तार किया है. अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी. पुलिस अधीक्षक (नगर) अभिषेक प्रताप अजेया ने बताया कि आरोपी को बृहस्पतिवार को जांच अभियान के दौरान संदेह और गुप्त सूचना के आधार पर कोतवाली नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत नुमाइश पुल के पास हिरासत में लिया गया. पुलिस ने कहा कि आरोपी की पहचान पाकिस्तान के न्यू कराची के निवासी वसीद इरशाद के रूप में हुई है. पुलिस के अनुसार उसकी मां बिलकिस फातिमा को दीर्घकालिक वीजा मिला था, लेकिन उनकी 2012 में मृत्यु हो गई. पुलिस ने बताया कि इरशाद ने भी दीर्घकालिक वीजा के लिए आवेदन किया था, जो अभी विचाराधीन है. पुलिस के अनुसार, दस्तावेजों के सत्यापन के बाद पता चला कि आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस और पासपोर्ट 'सैयद वसीद अली' नाम की फर्जी पहचान पर जारी किए गए थे और उसे बुलंदशहर के सुशीला विहार का निवासी बताया गया था. मामला दर्ज होने के बाद आरोपी को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया गया है. पुलिस ने बताया कि मामले की जांच जारी है.

### मुजफ्फरनगर में विवाद के बाद लिपिक की पीट-पीटकर हत्या

**मुजफ्फरनगर (उप्र)ः** मुजफ्फरनगर के खतौली नगर पालिका परिषद के एक लिपिक की कुछ लोगों ने कथित तौर पर पीट-पीटकर हत्या कर दी. पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी. पुलिस के मुताबिक यह हत्या खतौली कस्बे में लिपिक की स्कूटी और एक ई-रिक्शा की आपस में टक्कर होने से उपजे विवाद के बाद हुई. उसने बताया कि लिपिक की पहचान चंकी भारद्वाज (26) के रूप में हुई है. पुलिस ने बताया कि बृहस्पतिवार को खतौली पुलिस थाना क्षेत्र के पास हुए विवाद के बाद उन पर हमला किया गया था. भारद्वाज को हमले में गंभीर चोटें आईं और उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. पुलिस अधीक्षक (नगर) अमृत जैन ने बताया कि अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है.

**बिहार में प्रेम-प्रसंग का खौफनाक अंजाम**

## प्रेमिका की शादी तय होने से नाराज युवक ने घर में घुसकर मारी गोली, खुद भी दी जान



**वैशाली:** बिहार के वैशाली जिले के भगवानपुर थाना क्षेत्र में प्रेम-प्रसंग से जुड़ी एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है. 24 वर्षीय युवक ने अपनी प्रेमिका को गोली मार दी और उसके बाद खुद को भी गोली मारकर आत्महत्या कर ली. युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि युवती गंभीर रूप से घायल है और उसका इलाज पीएमसीएच पटना में चल रहा है. घटना गुरुवार देर शाम की बताई जा रही है. युवक ने पहले अपनी प्रेमिका की पीठ में गोली मारी, जिसके बाद वह खुद अपने सिर में गोली मार बैठा. युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि घायल युवती को तुरंत सदर अस्पताल हाजीपुर ले जाया गया. वहां से बेहतर इलाज के लिए उसे पीएमसीएच पटना रेफर कर दिया गया, जहां उसकी हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है.

पुलिस के अनुसार घटना स्थल से कोई हथियार बरामद नहीं हुआ है, जिससे पूरा मामला और उलझ गया है. युवती के पीठ में और युवक के सिर में गोली लगी थी. घटना की सूचना मिलते ही सदर एसडीपीओ सुबोध कुमार दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी. पुलिस सभी पहलुओं की छानबीन कर रही है. बताया जा रहा है कि युवती की अगले दो महीने में शादी तय थी. प्रेमी इस बात से नाराज था. युवती के पिता ने पुलिस को बताया कि युवक घर में घुसकर रुपये लूटने के इरादे से आया था, लेकिन जब बेटी ने विरोध किया तो उसने गोली चला दी. वहीं प्रेम-प्रसंग को लेकर भी चर्चा है कि शादी की बात सामने आने पर युवक ने यह कदम उठाया.

मृतक की पहचान भगवानपुर थाना क्षेत्र के के 24 वर्षीय युवक के रूप में हुई है. युवती के पिता ने आरोप लगाया कि युवक बदमाश प्रवृत्ति का था और हाल ही में जेल से बाहर आया था. वहीं युवक के परिवार ने अलग आरोप लगाए हैं, जिससे मामला और जटिल हो गया है.

## 280.35 स्मैक के साथ तीन गिरफ्तार चार पहिया और दो पहिया वाहन जब्त



**अररियाः** अररिया एसपी जितेन्द्र कुमार की ओर से मादक पदार्थों के खिलाफ समकालीन अभियान चलाया गया है,जिसके तहत अररिया आरएस पुलिस ने नशे के तीन सौदागरों को 280.35 ग्राम स्मैक,तीन मोबाइल,एक चार पहिया और एक दो पहिया वाहन के साथ गिरफ्तार किया.शुक्रवार शाम सदर एसडीपीओ सुशील कुमार ने प्रेस कांफ्रेंस कर यह जानकारी दी. सदर एसडीपीओ ने बताया कि मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एनएच 327ई गिदरिया ओवरब्रिज के समीप पुलिस के द्वारा वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था.उसी क्रम में बाइक बीआर 38 आर/8697 तेजी से आया और पुलिस की चेकिंग अभियान देखकर बाइक को छोड़कर भागने का प्रयास किया,जिसे पुलिस अधिकारी और बलों के द्वारा खदेड़कर पकड़ा गया.

## बिहार में बीच रास्ते एंबुलेंस का तेल खत्म, दो घंटे तड़पकर मरीज ने तोड़ा दम



**जमुई:** बिहार के जमुई से स्वास्थ्य व्यवस्था की लापरवाही का गंभीर मामला सामने आया है. यहां एक बुजुर्ग मरीज की तड़प-तड़पकर मौत एंबुलेंस का पेट्रोल खत्म होने के कारण हो गई. परिजनों का आरोप है कि झाझा प्रखंड क्षेत्र के बाबू बांक गांव निवासी 75 वर्षीय धीरज रविदास को जुमई सदर अस्पताल से बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर किया गया था, लेकिन रास्ते में ही एंबुलेंस का तेल खत्म हो गया. मरीजों को बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर तक पहुंचाने में वरदान साबित होने वाली 102 एम्बुलेंस आज महज 25 किलोमीटर की दूरी तय करने के बाद ही दम तोड़ दी. तेल खत्म होने के कारण एंबुलेंस सड़क किनारे खड़ी हो गई. इस दौरान बढ़ते तापमान और गर्मी का दंश झेलते हुए मरीज ने दो घंटे तक तड़पकर एम्बुलेंस में ही आखिरी सांस ली. बुजुर्ग की मौत के बाद उसके शव को 102 एम्बुलेंस से गुरुवार की शाम 5:00 बजे वापस सदर अस्पताल लाया गया. उसके बाद शव वाहन से मृतक को लेकर परिजन घर के लिए रवाना हो गए. घटना सिकंदरा-शेखपुरा मुख्य मार्ग पर मतासी के पास हुई है.

मामले को लेकर मृतक मरीज के पुत्र अजीत रविदास ने एंबुलेंस प्रोवाइडर कंपनी और चालक पर मनमानी व लापरवाही का आरोप लगाया है. उन्होंने इसकी शिकायत सिविल सर्जन, एसपी और डीएम से करने और एफआईआर भी दर्ज कराने की बात कही है. अजीत रविदास ने आगे बताया कि दोपहर 1:11 बजे एम्बुलेंस पटना के लिए खुली थी.

### बलिया में बेटी की शादी न कर पाने के कारण पिता ने फांसी लगाई

**बलियाः** उत्तर प्रदेश में बलिया जिले के रसड़ा कोतवाली क्षेत्र में एक व्यक्ति ने कथित तौर पर आर्थिक किल्लत के चलते बेटी की शादी न कर पाने के कारण फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी. पुलिस के अनुसार, रसड़ा कस्बे में रेलवे स्टेशन परिसर के पास एक कुएं में बृहस्पतिवार शाम जयलेश राजभर (45) का शव फंदे से लटका मिला. कोतवाली प्रभारी योगेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया. उन्होंने कहा कि मृतक की चार बेटियां हैं और वह एक छोटा सा कारोबार करता था.

## भाजपा सरकार अलोकतांत्रिक और अमानवीय: अखिलेश यादव



**लखनऊः** उत्तर प्रदेश की मुख्य विपक्षी समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि राज्य की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)सरकार अलोकतांत्रिक और अमानवीय है और महिलाओं के खिलाफ अपराधों से जुड़े कई मामलों में न्याय दिलाने में विफल रही है. पूर्व मुख्यमंत्री ने यहां पार्टी के राज्य मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए दावा किया कि गाजीपुर, हाथरस और हरदोई जैसे जिलों में महिलाओं के खिलाफ हिंसा की घटनाओं में पीड़ितों को न्याय नहीं मिला है. उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन पीड़ितों के परिवारों से मिलने जा रहे सपा के प्रतिनिधिमंडलों को निशाना बना रहा है और उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर रहा है.

यादव ने कहा कि हाशिए पर पड़े समुदायों को न्याय दिलाने और लोकतंत्र तथा संविधान की रक्षा करने की 'बड़ी जिम्मेदारी' सपा और उसके कार्यकर्ताओं पर है. पूर्व मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया, भाजपा सरकार में अन्याय, अत्याचार, चरम पर है. राजधानी लखनऊ में भाजपा भूमाफिया बनकर काम कर रही हैं, कोई भी योजना आने के पहले भाजपा से जुड़े लोग पहले ही जमीनें अधिग्रहित कर लेते हैं. लखनऊ के सभी तालाबों पर कब्जा हो गया है. उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार और लूट चरम पर है. उत्तर प्रदेश में गुंडे और माफिया खुलेआम घूम रहे हैं. उन्होंने सवाल किया कि इनके खिलाफ कब कार्रवाई होगी. यादव ने भाजपा सरकार की कड़ी आलोचना करते हुए उसे अलोकतांत्रिक और अमानवीय तथा जन-विरोधी करार दिया.

उन्होंने बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की भी आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि लखनऊ में 'ग्रीन कॉरिडोर' पर लगभग 7,000 करोड़ रुपये खर्च करने के बावजूद, यातायात जाम की समस्या बनी हुई है. यादव ने स्मार्ट बिजली मीटर लगाने में अनियमितताओं का आरोप लगाया और दावा किया कि सरकार उपभोक्ताओं पर बोझ डाल रही है, जबकि निजी कंपनियों को फायदा पहुंचा रही है. उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यकाल में कोई नया बिजली संयंत्र स्थापित नहीं किया गया है.

## न्यूज कॉर्नर

### अभि-नील हत्याकांड के 20 दोषियों को उम्रकैद की सजा

**नगांव (असम):** बहुचर्चित अभि-नील हत्याकांड में नगांव जिला एवं सत्र न्यायालय ने शुक्रवार को 20 दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई. अदालत ने प्रत्येक दोषी पर 20 हजार का जुर्माना भी लगाया. लंबी कानूनी प्रक्रिया के बाद अदालत ने सजा का यह महत्वपूर्ण फैसला सुनाया.इससे पहले, 20 अप्रैल को इसी अदालत ने सभी 20 आरोपितों को दोषी करार दिया था. यह फैसला उस मामले में आया है जिसने पूरे राज्य में व्यापक जन प्रतिक्रिया उत्पन्न की थी.सजा सुनाए जाने के बाद पीड़ित परिवारों ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि वे अदालत के इस फैसले से संतुष्ट नहीं हैं.उल्लेखनीय है कि, 8 जून, 2018 को कार्बी आंगलोंग के डोकमका में प्राकृतिक सुंदरता का आनंद लेने गए युवा संगीतकार निलोत्पल दास और अभिजीत नाथ को कुछ उन्मादी लोगों के हमले का शिकार हो गए थे. अपनी जान बचाने के लिए दोनों गुहार लगाते रहे बावजूद इसके हमलावरों ने उन्हें नहीं छोड़ा.लंबे समय से लंबित इस मामले में अदालत ने विभिन्न साक्ष्यों और गवाहों के बयान के आधार पर यह निर्णय दिया. फैसले को इस मामले में एक महत्वपूर्ण पड़ाव माना जा रहा है, जो लंबे समय से न्याय की प्रतीक्षा कर रहे थे.सजा पाए व्यक्तियों में बिश्वराम स्वर्गियारी, पानटेंग बसुमतारी, आलाफाजक्रोज तिमुंग, इंसेंट इंग्ती, रायकांग तिमुंग, रत्नेश्वर तेरांग, फूकन लेक्टी, एन्स तिमुंग, प्रेस तिमुंग, रूपसिंग क्रो, धनु मेश, बाबूसिंग क्रो, बिक्रम हांसे, शिकारी रोंग्पी, बाबू रोंग्पी, विद्या सिंह रोंग्पी, मेंसिंग क्रो, दीपज्योति बसुमतारी, वारिश रोंग्पी और ओनोदा मेश शामिल हैं.

### पवन खेड़ा की गिरफ्तारी कभी भी संभव : महाधिवक्ता

**गुवाहाटी:** असम के महाधिवक्ता देवजीत लोन सैकिया ने शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को किसी भी समय गिरफ्तार किया जा सकता है, क्योंकि गौहाटी उच्च न्यायालय ने उनकी अग्रिम जमानत याचिका को खारिज कर दिया है. अदालत ने अपने आदेश में कहा कि मामला प्रपंच और जालसाजी से जुड़ा है, जिसे गंभीर अपराध मानते हुए राहत देने से इनकार किया गया. अदालत के इस फैसले के बाद अब उनके खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई का रास्ता साफ हो गया है.आरोप है कि पवन खेड़ा ने मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा की पत्नी रिनिकी भुइयां शर्मा के कथित फर्जी पासपोर्ट से संबंधित जानकारी के आधार पर भ्रामक प्रचार किया था. इस मामले को दस्तावेजों की जालसाजी और भ्रामक सूचना फैलाने से जुड़ा गंभीर मामला माना जा रहा है.

### सलूंबर में 18 घंटे में दो चचेरी बहनों की मौत, स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

**सलूंबर:** सलूंबर जिले के लसाड़िया क्षेत्र के खजूरी पंचायत स्थित कुंडा गांव में 18 घंटे के भीतर दो चचेरी बहनों की मौत से गांव में दहशत का माहौल है. दोनों बच्चियों को अचानक उल्टी होने के बाद तेज दौरे पड़े और उन्होंने घर पर ही दम तोड़ दिया. स्वास्थ्य विभाग ने मामले को गंभीरता से लेते हुए गांव में मेडिकल टीम भेजकर घर-घर सर्वे शुरू कर दिया है.जानकारी के अनुसार गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे आशा (6) पुत्री तेजा मीणा की अचानक तबीयत बिगड़ गई. उसे उल्टी की शिकायत हुई और कुछ ही देर में दौरे पड़ने लगे, जिससे उसकी मौत हो गई. परिवार इस सदमे से उबर भी नहीं पाया था कि शुक्रवार सुबह करीब 6 बजे उसकी चचेरी बहन रूसिया (5) पुत्री समीया मीणा की भी तबीयत बिगड़ गई. उसे भी उल्टी के बाद दौरे पड़े और उसने दम तोड़ दिया.घटना की सूचना मिलने पर लसाड़िया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में प्रशासनिक अधिकारी और स्थानीय जनप्रतिनिधि पहुंचे. बीसीएमएचओ डॉ. सिंटू कुमावत ने बताया कि फिलहाल मौत का कारण स्पष्ट नहीं है. रूसिया के शव का पोस्टमॉर्टम करवाया गया है, जबकि आशा का अंतिम संस्कार पहले ही कर दिए जाने के कारण पोस्टमॉर्टम नहीं हो सका. पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की असली वजह सामने आ पाएगी. स्वास्थ्य विभाग की टीम शुक्रवार दोपहर कुंडा गांव पहुंची और घर-घर जाकर बच्चों की स्वास्थ्य जांच शुरू की. कुछ बीमार बच्चों को एहतियात के तौर पर लसाड़िया सीएचसी में भर्ती कराया गया है.गौरतलब है कि इससे पहले भी 1 से 8 अप्रैल के बीच झल्लारा और लसाड़िया क्षेत्र में रहस्यमयी बीमारी से आठ बच्चों की मौत हो चुकी है. उस समय जयपुर और उदयपुर से आई विशेषज्ञ टीमों ने 500 से अधिक परिवारों का सर्वे कर जांच की थी. वर्तमान घटना के बाद प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह सतर्क हो गया है.

### नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में अभियुक्त को सुनाया 20 साल का कठोर कारावास

**चित्तौड़गढ़:** विशेष न्यायालय लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 (पोक्सो कोर्ट) की न्यायाधीश लता गौड ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में शुक्रवार को फैसला सुनाया है. अभियुक्त को दोषी मानते हुए 20 वर्ष के कठोर कारावास और 40 हजार रुपये के जुर्माने की सजा से दंडित किया है. साथ ही पीड़िता को पीड़ित प्रतिकर स्कीम के तहत स्कीम के तहत आर्थिक सहायता देने का भी आदेश दिया. पोक्सो कोर्ट चित्तौड़गढ़ के विशिष्ट लोक अभियोजक गोपाल लाल जाट ने बताया कि एक वर्ष पूर्व बेगूं थाने में नाबालिग किशोरी ने दुष्कर्म की शिकायत दर्ज कराई थी. थाने पर दी रिपोर्ट में बताया गया कि किशोरी अपने घर पर उसके माता-पिता व दादाजी काम पर गए हुए थे. किशोरी जब घर के पास स्थित स्टेडियम में पानी भरने के लिए गई जहां लाला उर्फ अकील शाह पुत्र बाबू शाह निवासी पाया खेड़ी थाना नाहरगढ़ जिला मंदसौर ने उसे जबरन रोक कर धमकाया. यहां किशोरी के दुष्कर्म किया. जान से मारने की धमकी से डर कर पीड़िता ने इस घटना के बारे में किसी को नहीं बताया. लेकिन 6 महीने बाद उसके गर्भवती होने की जानकारी मिलने पर घर वालों ने उसे विश्वास में लेकर पूछताछ की. इसमें किशोरी ने डरते हुए परिजनों को पूरी घटना के बारे में बता दिया. इस संबंध में पुलिस ने पोक्सो एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर अभियुक्त अकील शाह को गिरफ्तार कर लिया. पुलिस ने प्रकरण का अनुसंधान कर अभियुक्त के विरुद्ध न्यायालय में चालान पेश किया.

### सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

**यमुनानगर:** यमुनानगर के रादौर क्षेत्र में वाहन की टक्कर से एक युवक की मौत का मामला सामने आया है. हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया, जबकि गंभीर रूप से घायल युवक ने अस्पताल में दम तोड़ दिया. मृतक की पहचान रादौर के नागल धोली निवासी 30 वर्षीय अमन के रूप में हुई है. वह तीन बेटियों का पिता था और अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र बताया गया है. जानकारी के अनुसार, अमन गुरुवार की रात को खेत से अपने घर लौट रहा था. इसी दौरान कलेसरा रोड पर किसी तेज रफ्तार वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी. टक्कर इतनी जोरदार थी कि वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई.हादसे के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और परिजनों को सूचना दी. परिजन तत्काल घायल को रादौर के अस्पताल लेकर गए, जहां से उसकी नाजुक स्थिति को देखते हुए उसे यमुनानगर के सिविल अस्पताल रेफर किया गया.वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया. सूचना मिलते ही रादौर थाना पुलिस अस्पताल पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवाया. पुलिस के अनुसार, अमन अपने पिता के निधन के बाद खेती-बाड़ी का कार्य संभाल रहा था. पुलिस ने परिजनों की शिकायत के आधार पर वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है. आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि वाहन और चालक की पहचान की जा सके.

### युवक की हत्या कर लाश को बैड में छिपाया

**जींद:** गांव नंदगढ़ में बैड से एक व्यक्ति का गली-सड़ी हालत में शव बरामद हुआ है. घटना की सूचना मिलने पर जुलाना थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया. पुलिस मृतक के भाई की शिकायत पर नंदगढ़ गांव निवासी रामकेश व मोहित के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि हत्या तेजधार हथियारों से की गई है. पूरे घर में खून फैला हुआ था. मकान से जब बदबू आई तो इसके बारे में पता चला. गांव नंदगढ़ निवासी 40 वर्षीय चांद अविवाहित था और अपने भाई सतबीर के साथ ही उसके मकान में रहता था. 22 अप्रैल को सुबह चांद घर से निकला था लेकिन शाम तक वापस नहीं आया. आसपास तलाशने पर उसका कोई सुराग नहीं लगा. सतबीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि ग्रामीणों ने 22 अप्रैल को मोहित व रामकेश ने उसके भाई चांद के साथ मारपीट करते हुए देखा था. शुक्रवार सुबह सतबीर मोहित के घर गया. मोहित भी अपने मकान में अकेला ही रहता था. सतबीर ने बाहर से कुंडी खोली और मोहित के घर में दाखिल हुआ. उसे घर में कोई नहीं मिला. सतबीर को घर के अंदर से बदबू आने लगी. उसने मकान के अंदर जाकर देखा तो वहां चारों तरफ खून बिखरा पड़ा था. जब उसने मोहित के बैड को खोल कर देखा तो उसमें उसके भाई का शव गली, सड़ी हालत में मिला.

# क्रिश्चियन मिशेल की रिहाई की मांग पर केंद्र को नोटिस

## अगस्ता वेस्टलैंड घोटाला



**नई दिल्ली:** उच्चतम न्यायालय ने अगस्ता वेस्टलैंड घोटाला मामले में आरोपित क्रिश्चियन मिशेल की रिहाई की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया है.

चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने नोटिस जारी करने का आदेश दिया. मिशेल ने अपनी याचिका में कहा है कि वो सात साल चार महीने से ज्यादा समय से हिरासत में है. उसके पहले उसे दुबई से प्रत्यर्पण के पहले 130 दिनों तक हिरासत में रखा गया.इसके पहले मिशेल ने दिल्ली उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच हुए प्रत्यर्पण संधि को चुनौती दी थी जिसे उच्च न्यायालय ने 8 अप्रैल को खारिज कर दिया था. याचिका में कहा गया था कि संयुक्त अरब अमीरात के प्राधिकार की ओर से जारी प्रत्यर्पण आदेश का उल्लंघन कर भारतीय दंड संहिता की धारा 467 के तहत नए आरोप लगाए गए हैं.मिशेल के वकील ने कोर्ट से कहा था कि नए आरोप लगाना देश के प्रत्यर्पण कानून का उल्लंघन है. मिशेल ने कहा था कि उसके खिलाफ जो आरोप लगाए गए हैं उसकी अधिकतम सजा वो भुगत चुका है. अधिकतम सजा के बाद भी उसे हिरासत में रखना संविधान के अनुच्छेद 21, 245 और 253 का उल्लंघन है.

राऊज एवेन्यू कोर्ट ने 13 अक्टूबर, 2025 को मिशेल को रिहा करने की मांग खारिज कर दी थी. कोर्ट ने कहा था कि मिशेल के खिलाफ दर्ज एफआईआर में भारतीय दंड संहिता की धारा 467 लगाई गई है जिसमें उम्रकैद का प्रावधान है. ऐसे में यह नहीं कहा जा सकता है कि उसने अपनी अधिकतम सजा पूरी कर ली है.सुनवाई के दौरान ईडी ने मिशेल की याचिका का विरोध करते हुए कहा कि संयुक्त अरब अमीरात से हुई प्रत्यर्पण संधि की धारा 17 के मुताबिक अगर कोई आरोपित प्रत्यर्पित किया जाता है तो उस पर न केवल वही मुकदमा चलेगा जिसके लिए उसे प्रत्यर्पित किया गया है बल्कि दूसरे संबंधित मुकदमे भी चल सकते हैं.

क्रिश्चियन मिशेल को अगस्ता हेलीकॉप्टर घोटाला मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) दोनों के मामले में जमानत मिल चुकी है. दिल्ली उच्च न्यायालय ने 4 मार्च, 2025 को मनी लांड्रिंग मामले में जमानत दी थी. सीबीआई से जुड़े मामले में मिशेल को उच्चतम न्यायालय पहले ही जमानत दे चुका है.

अगस्ता वेस्टलैंड से 12 हेलीकॉप्टरों की खरीद के मामले में 3600 करोड़ के घोटाले का मामला दर्ज किया गया है. 3600 करोड़ के इस घोटाले में ईडी ने मिशेल को जनवरी, 2019 में गिरफ्तार किया था. मिशेल को दुबई से प्रत्यर्पित कर 4 दिसंबर, 2018 को भारत लाया गया था. 23 अक्टूबर, 2020 को कोर्ट ने सीबीआई की ओर से दायर पूरक चार्जशीट पर संज्ञान लिया था. 19 सितंबर, 2020 को सीबीआई ने पूरक चार्जशीट दाखिल की जिसमें क्रिश्चियन मिशेल, राजीव सक्सेना, अगस्ता वेस्टलैंड इंटरनेशनल के डायरेक्टर जी सापोनारो और वायुसेना के पूर्व प्रमुख एसपी त्यागी के रिश्तेदार संदीप त्यागी समेत 13 लोगों को आरोपित बनाया गया है.

## जीएसटी विभाग में तीन असिस्टेंट कमिश्नर सहित 162 का स्थानांतरण



**नई दिल्ली:** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भ्रष्टाचार, लापरवाही और प्रशासनिक अनियमितताओं के खिलाफ अपनी जीरो टॉलरेंस नीति को सख्ती से लागू करते हुए वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) विभाग में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया है. 8 अप्रैल 2026 को आईटीओ स्थित स्टेट जीएसटी कार्यालय के औचक निरीक्षण के दौरान सामने आई गंभीर अनियमितताओं और अधिकारियों की अनुपस्थिति पर कड़ा संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री के निर्देश पर जीएसटी विभाग के तीन असिस्टेंट कमिश्नर सहित कुल 162 अधिकारियों-कर्मचारियों को स्थानांतरित कर दिया है. मुख्यमंत्री ने अपने निरीक्षण के दौरान स्पष्ट किया था कि अनुशासन केवल निचले स्तर के कर्मचारियों के लिए नहीं, बल्कि कमिश्नर और स्पेशल कमिश्नर स्तर तक हर अधिकारी पर समान रूप से लागू होगा. उन्होंने बायोमेट्रिक उपस्थिति को अनिवार्य करते हुए अनुपस्थित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए थे. साथ ही यह भी कहा था कि जनता का काम बाधित हुआ तो उसकी सीधी जिम्मेदारी संबंधित अधिकारी की तय की जाएगी.इसी कड़ी में मुख्यमंत्री के सख्त निर्देशों पर बड़े स्तर पर तबादले किए गए. इस कार्रवाई के तहत तीन असिस्टेंट कमिश्नर सहित कुल 162 अधिकारियों और कर्मचारियों को स्थानांतरित किया गया है, जो तीन वर्ष से अधिक समय से एक ही स्थान पर कार्यरत थे. इनमें ग्रेड-1 के 58 सेक्शन ऑफिसर, ग्रेड-2 के 22 असिस्टेंट सेक्शन ऑफिसर, ग्रेड-3 के 74 सीनियर असिस्टेंट और ग्रेड-4 के 5 जूनियर असिस्टेंट शामिल हैं.मुख्यमंत्री स्पष्ट कहना है कि प्रशासन में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी स्तर पर भ्रष्टाचार या अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा.

## केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट को बताया, रुस-यूक्रेन युद्ध में 10 भारतीय नागरिकों की मौत हुई

**नई दिल्ली:** केंद्र सरकार ने कहा है कि रुस-यूक्रेन युद्ध में 10 भारतीयों की मौत हो चुकी है और वे स्वेच्छा से अनुबंध के तहत गए थे. केंद्र सरकार ने ये सूचना उच्चतम न्यायालय में उस याचिका पर सुनवाई के दौरान दी जिसमें कहा गया था कि 26 भारतीयों को रुस और यूक्रेन युद्ध में जबरन शामिल किया गया था. सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि ये मामला सावधानीपूर्वक और संवेदनशील तरीके से निपटाया जाना चाहिए.



सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से एडिशनल सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) ऐश्वर्या भाटी ने कहा कि कुछ लोग स्वेच्छा से अनुबंध में गए थे जबकि कुछ को एजेंटों ने गुमराह किया था. उन्होंने कहा कि एक एजेंट को गिरफ्तार भी किया गया है. दरअसल, 26 भारतीय नागरिकों के परिजनों ने याचिका दायर कर आरोप लगाया था कि रुस-यूक्रेन युद्ध में जबरन या धोखे से शामिल कर लिया गया. याचिका में कहा गया था कि इन लोगों को नौकरी का झांसा देकर रुस भेजा गया और वहां उनके पासपोर्ट जब्त कर लिए गए और उन्हें युद्ध में शामिल होने के लिए मजबूर किया गया. विदेश मंत्रालय से बार-बार संपर्क करने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई और परिवारों के डीएनए सैंपल तक नहीं लिए गए.

सुनवाई के दौरान ऐश्वर्या भाटी ने कहा कि विदेश मंत्रालय प्रभावित परिवारों के लगातार संपर्क में है और उनकी मदद के लिए काम कर रहा है. केंद्र सरकार के मुताबिक कई भारतीय नागरिकों ने रुस की संस्थाओं के साथ स्वेच्छा से अनुबंध किए थे. हालांकि, कुछ मामलों में एजेंटों द्वारा गुमराह किये जाने की आशंका है. केंद्र सरकार ने बताया कि कुल 215 भारतीय नागरिक रुस गए हैं जिनमें से 26 के परिवारों ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है.

## सुप्रीम कोर्ट ने नाबालिग को गर्भ गिराने की अनुमति दी

**नई दिल्ली:** उच्चतम न्यायालय ने सात महीने से ज्यादा की गर्भवती नाबालिग लड़की को गर्भ गिराने की इजाजत दे दी है. जस्टिस बीवी नागरत्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि यह जन्म लेने वाले बच्चे का सवाल नहीं बल्कि जरुरी ये है कि लड़की क्या चाहती है. अगर वह बच्चे को जन्म नहीं देना चाहती है तो उसे मजबूर नहीं किया जा सकता है, भले बच्चे को जन्म देने के बाद गोद देने का विकल्प मौजूद हो. कोर्ट ने कहा कि किसी महिला, खासकर नाबालिग को इच्छा के खिलाफ गर्भ पूरा करने के लिए मजबूर करना उसके मानसिक, भावनात्मक और शारीरिक स्वास्थ्य पर गंभीर असर डाल सकता है. इसलिए उसकी इच्छा का सम्मान करना जरुरी है. सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल (एसजी) तुषार मेहता ने मेडिकल रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि इस चरण में गर्भ हटाना मां और बच्चा दोनों के लिए जोखिम भरा हो सकता है. मेहता ने डिलीवरी के बाद बच्चा गोद देने का सुझाव दिया था जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया.

## कचरा उठान में लापरवाही बर्दाश्त नही : नायब सैनी

**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शुक्रवार को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन से संबंधित पोर्टल की मॉनिटरिंग और क्रियान्वयन को लेकर एक उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता की. मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पोर्टल पर रियल-टाइम डेटा अपडेट लगातार सुनिश्चित किया जाए ताकि हर स्तर पर निगरानी सुदृढ़ हो सके.मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि पोर्टल के माध्यम से नगर निकायों के प्रदर्शन का नियमित मूल्यांकन किया जाए और जहां कहीं भी कमियां पाई जाएं, वहां तुरंत सुधारात्मक कदम उठाए जाएं. मुख्यमंत्री ने स्वयं पोर्टल पर लाइव ट्रैकिंग सिस्टम का अवलोकन किया. इस पोर्टल पर नागरिक अपने क्षेत्र में कचरा उठाने वाले वाहनों की लाइव लोकेशन देख सकते हैं.



मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि शहरी निकायों में शत-प्रतिशत घरों के बाहर आरएफआईडी टैग लगाए जाएं, ताकि कचरा संग्रहण की प्रक्रिया को डिजिटली ट्रैक किया जा सके. इससे न केवल कार्य में पारदर्शिता आएगी, बल्कि सेवाओं की गुणवत्ता में भी सुधार होगा. इसके साथ ही, उन्होंने जीपीएस आधारित व्हीकल ट्रैकिंग सिस्टम को और अधिक मजबूत बनाने के निर्देश दिए, ताकि कचरा उठाने वाली गाडियों की गतिविधियों पर प्रभावी निगरानी रखी जा सके. उन्होंने कहा कि नागरिकों से सक्रिय सहयोग की अपील की जाए कि वे अपने घरों के बाहर लगाए गए आरएफआईडी टैग की देखभाल करें. यदि किसी क्षेत्र में घरों से कचरा नियमित रूप से नहीं उठाया जा रहा है, तो नागरिक तुरंत इसकी शिकायत ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज करें, जिससे समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जा सके.

## महिला आरक्षण पर विपक्ष का आचरण महिलाओं में दिल में शूल की तरह चुभा: सुधांशु त्रिवेदी

**गुरुग्राम:** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि नारी शक्ति वंदन संशोधन अधिनियम पर कांग्रेस व विपक्षी पार्टियों का गलत आचरण देश की महिलाओं के हृदय में एक शूल की तरह चुभ गया है. उचित समय आने पर विपक्ष को उचित जवाब महिला शक्ति देने का काम करेगी. विपक्ष उत्तर-दक्षिण के बीच विभाजन पैदा करने की कोशिश कर रहा है, जोकि देशहित के खिलाफ है.




यह बात उन्होंने शुक्रवार को यहां भाजपा कार्यालय में पत्रकार वार्ता में कही.सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं का लोकसभा और विधानसभा में जाने का अवसर था, लेकिन विपक्ष ने रोड़ा अटकाया. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार महिलाओं को उनका हक देने के लिए प्रतिबद्ध है और उसे अंतिम परिणीति तक पहुंचाएगी. त्रिवेदी ने कहा कि अभी अवसर चूका है, लेकिन अंतिम निर्णय अभी बाकी है. विपक्ष ने अक्षम्य अपराध किया है, जिसको देश कभी नहीं भूलेगा. नारी शक्ति वंदन संशोधन अधिनियम को विपक्ष की नकारात्मक सोच के कारण पारित नहीं किया जा सका. संसद में विपक्षी नेताओं का व्यवहार महिलाओं के सम्मान के खिलाफ था. सदन में जिस प्रकार से हंसी, ताली और उपहास किया गया, वह नारी शक्ति का अपमान है. सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने सत्ता संभालने के बाद से ही महिला सशक्तिकरण को प्राथमिकता दी है. उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की कई योजनाएं सीधे तौर पर महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं. प्रधानमंत्री जन-धन योजना के तहत करोड़ों महिलाओं को बैंकिंग प्रणाली से जोड़ा गया, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हुई. वहीं स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत बनाए गए शौचालयों ने महिलाओं की गरिमा और सुरक्षा को सुनिश्चित किया है.

## ज्ञानेश कुमार को सीईसी के पद से हटाने के लिए विपक्ष ने फिर दिया नोटिस

**नई दिल्ली:** विपक्ष के 73 सांसदों ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने के लिए राष्ट्रपति को सिफारिश करने का प्रस्ताव राज्यसभा में लाने के लिए नोटिस दिया है. राज्यसभा के महासचिव को प्रस्ताव का नोटिस दिया गया है जिसमें ज्ञानेश कुमार पर कदाचार के आरोप लगाए गए हैं. कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने शुक्रवार को एक्स पर कहा कि 15 मार्च 2026 के बाद की घटनाओं और निर्णयों के आधार पर यह कार्रवाई की गई है. प्रस्ताव संविधान के अनुच्छेद 324(5) और अनुच्छेद 124(4) के प्रावधानों के साथ-साथ चुनाव आयुक्त तथा न्यायाधीशों से जुड़े कानूनों के तहत लाया गया है.रमेश ने कहा कि विपक्ष ने मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ नौ विशिष्ट आरोप विस्तृत रूप से दर्ज कराये हैं. इन्हें नकारा नहीं जा सकता. इसके तहत ज्ञानेश कुमार का पद पर बने रहना संविधान की मर्यादा के विरुद्ध है. उनका कार्य निष्पक्ष नहीं रहा और वे सरकार के प्रभाव में काम कर रहे हैं.

## खाड़ी युद्ध के चलते पश्चिम एशिया से अब तक 30 हजार नेपाली नागरिक स्वदेश लौटे

**काठमांडू:** इजरायल-अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध शुरू होने के बाद से पश्चिम एशिया से 30 हजार नेपाली स्वदेश लौट चुके हैं.युद्ध के बाद नेपाल सरकार ने नेपाली नागरिकों के लिए एक ऑनलाइन पोर्टल शुरू किया था. इस पोर्टल पर अब तक 87 हजार 819 लोगों ने ऑनलाइन पंजीकरण कराया है.नियमित पत्रकार सम्मेलन में शुक्रवार को विदेश मंत्रालय के सहसचिव रामजी खड्का ने बताया कि अब तक करीब 30 हजार नेपाली स्वदेश लौट चुके हैं. हालांकि, उनका कहना है कि यह नहीं कहा जा सकता कि सभी लोग केवल युद्ध से प्रभावित होकर ही लौटे हैं. उन्होंने कहा कि केवल कतर से ही 21 से 22 हजार नेपाली वापस आए हैं. उन्होंने बताया कि शुरुआती चरण में 7 हजार से अधिक लोगों ने पोर्टल पर अपना नाम दर्ज कराया था, लेकिन बाद में स्थिति सामान्य होने के साथ तत्काल उद्धार की मांग करने वालों की संख्या घट गई.युद्ध के बाद ईरान ने खाड़ी देशों में स्थित अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर मिसाइल और ड्रोन हमले किए थे. इन देशों में रह रहे 17 लाख से अधिक नेपाली नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सरकार ने ऑनलाइन पोर्टल संचालन में लाया था. युद्ध के बाद सउदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और कतर सहित कुछ देशों के क्षेत्रों में नेपाली श्रमिकों को समस्याओं का सामना करना पड़ा था.

## सुडोकू-29

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | | 6 | 7 | | | 3 |
| | 2 | 4 | | | | 8 | 6 | 9 |
| | | | | | 9 | 5 | | 7 |
| 9 | | | 1 | 8 | 6 | 4 | | |
| | | 1 | | | | 6 | | |
| | | 8 | 3 | 9 | 4 | | | 5 |
| 6 | | 5 | 9 | | | | | |
| 4 | 9 | 3 | | | | 7 | 5 | |
| 1 | | | 4 | 3 | | | | 6 |

9X9 के उपरोक्त खानों में एक से नौ तक के अंक ऐसे भरें ताकि हर कॉलम और उसके हर छोटे खाने में एक नंबर ही आयें.
उत्तर अगले अंक में

### सूडोकू -28 का उत्तर

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 9 | 3 | 2 | 6 | 1 | 7 | 8 |
| 1 | 8 | 7 | 5 | 4 | 9 | 3 | 2 | 6 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 8 | 7 | 5 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 1 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 |
| 8 | 6 | 4 | 9 | 1 | 2 | 7 | 3 | 5 |
| 2 | 5 | 3 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 | 1 |
| 3 | 7 | 5 | 4 | 6 | 1 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 8 | 4 | 5 | 7 |
| 4 | 2 | 8 | 7 | 9 | 5 | 6 | 1 | 3 |

## युवा शक्ति माथापच्ची- 50



**● बाएं से दाएं**

1. पवित्र, शुद्ध, 4. तेज आंधी, आफत, बावेला, झगड़ा, 6. महीन चूर्ण, 7. शरीर, देह, 8. कृष्ण, कुलषित, बुरा, 10. नामसमझ, मूर्ख, 12. धीमे स्वर में बोलना, बुलबुले बनाना, 14. सामान, 15. बारिश, 18. छाती पर....., कष्टदेना, 21. आक्रमण, 23. अंधेरा, क्रोध, पाप, 24. वर्ष, एक पेड़, पीड़ा, 26. रोब, दबदबा, 27. सामर्थ्य जानने की जांचा, परख, इम्तहान, 28. निजी, स्वजन, आत्मीय.

**● उपर से नीचे**

1. गड़बड़ा गए हैं बुलबुल की शब्द रचना के अक्षर, 2. क्षणभंगुर, थोड़ी देर रहने वाला, 3. झुका हुआ, विनीत, 5. मैदे का बाना सेवइयों जैसा पदार्थ, 9. ढोया, भरा, 10. तंग होना, 11. सरिता, तरंगिणी, 13. सांस का रोग, 16. समाधान, 17. महीना, 19. बीताहुआ, पिछला, दशा, दुर्गति, 20. पंजी में नाम लिखा जाना, नामजदगी, 22. तमाशा दिखाने वाला, बाजीगर, 25. विषाक्त अल उल्टा हो गया है

*उत्तर कल के अंक में*

### माथापच्ची- 49 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बा | ह | क | ना | | सु | | क | |
| क | म | र | | अ | ना | था | ल | य |
| | द | | ल | | र | | र | |
| चा | म | क | दा | र | | मी | व | र |
| तु | | प | ना | ह | दे | ना | | न |
| र | ग | ड़ा | | न | खा | र | चा | नी |
| | ह | | क | | ना | | रा | |
| वि | रा | ज | मा | न | | ल | चा | क |
| | ना | | ना | | प्र | सा | र | ण |

# महानायक वीर कुँवर सिंह का 168वाँ विजयोत्सव समारोह मनाया गया

युवा शक्ति न्यूज

**नयी दिल्ली :** वीर कुँवर सिंह फाउंडेशन द्वारा लगातार आयोजन का 29 वां वर्ष में 'प्रथम भारतीय स्वाधीनता संग्राम 1857 के महानायक वीर कुँवर सिंह का 168वाँ विजयोत्सव समारोह' मावलंकर हाल, कॉन्स्टिट्यूशन क्लब, रफी मार्ग, नई दिल्ली में मनाया गया. कार्यक्रम में पुष्पांजलि, सेमिनार,सांस्कृतिक कार्यक्रम में 1857 की क्रांति के नामचीन एवं गुमनाम नायकों की राष्ट्रव्यापी उपलब्धियां संदर्भ वीर कुँवर सिंह पर चर्चा हुई. वीर कुँवर सिंह फाउंडेशन के अध्यक्ष निर्मल कुमार सिंह ने अपने अध्यक्षीय भाषण में घोषणा किया कि वे 1857 की क्रांति के नामचीन एवं गुमनाम नायकों, शहीदों, सेनानियों के बारे में खोज करेंगे और उनके नाम एवं काम को एक पुस्तक के रूप में देश के सामने प्रस्तुत करेंगे. उन्होंने आह्वान किया कि देश के नागरिक अपने अपने गांव शहर से ऐसे नामों का प्रामाणिक, अप्रामाणिक, सुनी सुनाई विवरण मुझे उपलब्ध कराए. जिससे देश के भावी पीढ़ी अपने पूर्वजों से आजादी की कीमत की प्रेरणा ले सके.



**मुख्य अतिथिः** श्रीजी हुजूर डॉ लक्ष्यराज सिंह जी मेवाड़, उदयपुर ने कहा कि वीर कुँवर सिंह राष्ट्र के समकालीन नेता एवं 1857 की क्रांति के महानायक थे. जो पुस्तकों से ज्यादा लोक में जाने जाते है. आज कृतज्ञ राष्ट्र उनकी वीरता के साथ साथ उन्हें सामाजिक समरसता एवं सांप्रदायिक सद्भाव के लिए भी नमन करता है. उन्होंने कहा कि वीरवर कुँवर सिंह में महाराणा प्रताप एवं छत्रपति शिवाजी महाराज के मिश्रित गुण थे, जिसमें छापामार युद्ध की रणकौशलता प्रमुख थी. उन्होंने कहा कि 23 अप्रैल 1858 वह दिन है जब कुंवर सिंह की सेना ने जगदीशपुर के पास कैप्टन ले ग्रैंड के नेतृत्व वाली ब्रिटिश टुकड़ी को हराया था. और अपना राज्य वापस लिया था. जीते जी अपना राज्य वापस छीन लेना विश्व की प्रमुख घटना है. वीर कुँवर सिंह फाउंडेशन के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि वीर कुंवर सिंह फाउंडेशन का 28 साल तक लगातार विजयोत्सव मनाना सांस्कृतिक संरक्षण का एक बहुत बड़ा काम है. ऐतिहासिक विरासत को जीवित रखने के फाउंडेशन के प्रयासों को दर्शाता है. निःसंदेह निर्मल कुमार सिंह ने वीर बाबू कुंवर सिंह की वीरता और नाम को इतिहास में स्थापित करने में जबरदस्त भूमिका निभाई है. निर्मल कुमार सिंह ने यह मांग करते हुए दिल्ली के जंतर मंतर पर धरना दिया कि वीर कुंवर सिंह का पाठ एनसीईआरटी की किताबों में शामिल किया जाए, और उनकी यह मांग तत्कालीन मानव संसाधन विकास मंत्री श्री अर्जुन सिंह द्वारा पूरी की गई. श्री अर्जुन सिंह ने नई दिल्ली में वीर कुंवर सिंह फाउंडेशन द्वारा आयोजित वीर कुंवर सिंह विजयोत्सव समारोह में इसकी घोषणा भी की थी. यह फाउंडेशन शायद भारत का एकमात्र संगठन है जो हर साल 23 अप्रैल को लगातार विजयोत्सव मनाता है, और यह लगातार 28 साल से चल रहा है. यह ऐतिहासिक संदर्भ वाकई उल्लेखनीय है. यह दिखाता है कि क्षेत्रीय नायकों को राष्ट्रीय स्तर पर उचित पहचान दिलाने के लिए अक्सर निर्मल कुमार सिंह जैसे व्यक्तिगत प्रयासों की कितनी ज़रूरत पड़ती है. एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों में वीर कुंवर सिंह को शामिल किया जाना भारतीय इतिहास-लेखन का एक निर्णायक क्षण था. लंबे समय तक मुख्यधारा का इतिहास दिल्ली, मेरठ और झांसी की घटनाओं पर ही केंद्रित रहा. एक समर्पित अध्याय की मांग को सफलतापूर्वक मनवाकर निर्मल कुमार सिंह ने यह सुनिश्चित किया कि पूरे भारत के छात्र जगदीशपुर के शेर और 80 साल की उम्र में उनकी रणनीतिक कुशलता के बारे में जानें. विशिष्ट अतिथि गण में पूर्व सांसद श्रीमती पुतुल सिंह, श्री महाबल मिश्रा, श्री यशवंत सिंह पूर्व मंत्री यूपी सरकार श्रीमती रश्मि सिंह, आईएएस, बी के सिंह, श्रीमती भावना सिंह, श्रीमती शालिनी सिंह. अतिथियों ने रेखांकित किया कि वीर कुंवर सिंह 1857 के भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के एक प्रमुख नेता थे. 80 वर्ष की उम्र में भी उन्होंने बिहार तथा बिहार से बाहर ब्रिटिश सेना के खिलाफ कड़ा प्रतिरोध किया. उनका व्यक्तित्व आज भी बहादुरी और राष्ट्रीय अखंडता के प्रतीक के रूप में बेहद प्रासंगिक है. सेमिनार में सारंगीधर सिंह एवं महेंद्र मधुर ने अपने व्याख्यान दिए. संजो बघेल द्वारा वीर कुँवर सिंह पर शानदार आल्हा गायन की प्रस्तुति हुई. अन्य प्रतिष्ठित गायकों में स्वर तृष्णा ,प्रीति प्रकाश, द्वारा राष्ट्रीय गीतों एवं 1857 के स्वतंत्रता संग्राम के महानायक वीर कुँवर सिंह की प्रस्तुति दी. कार्यक्रम में कुंवर सिंह पर, सारंगीधर सिंह द्वारा लिखित पुस्तक का विमोचन भी हुआ. कार्यक्रम में शिवजी सिंह, मुरारी तिवारी, मुकेश सिंह, मिथिलेश राय, शालिनी सिंह, दीपक ज्योति, राजेश परमार, श्री भगवान सिंह, जितेंद्र सिंह, रघुवंश सिंह सेंगर, बजरंगी प्रसाद, प्रेम सिंह, अभय सिन्हा, पीएस सिंह, भारत चौबे, श्रीकांत विद्यार्थी, कमलेश सिंह, रवि सिंह, श्रीकांत यादव, आर के सरकार, संतोष सिंह कलकत्ता, दिनेश्वर रायवेद प्रकाश राय एवं अन्य गणमान्य सदस्यों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को मजबूती प्रदान किया.

# आज के इस भरे मतलबी दुनिया में अपने पुरखों को याद रखना बहुत बड़ी बात : ईश्वर करुण



**युवा शक्ति न्यूज/मोहिउद्दीन नगर :** जय राम शोध संस्थान सुल्तान पुर के तत्वावधान में सद्गृहस्थ संत जगन्नाथ चौधरी पुण्य पर्व समारोह में विशिष्ट अतिथि तामिलनाडु साहित्य अकादमी चेन्नई के महासचिव डॉ ईश्वर करुण ने अपने उद्गार व्यक्त करते हुए कहा कि आज के इस भरे मतलबी दुनिया में अपने पुरखों को याद रखना बहुत बड़ी बात हैं,इस रुप में डा.रंगनाथ दिवाकर द्वारा यह प्रयास, निश्चित ही सराहनीय पहल हैं.इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि मिथिला सेवी मिथिला शिक्षा मंच सम्बद्ध अन्तर्राष्ट्रीय मैथिली परिषद् के संयोजक प्रो पी के झा प्रेम ने कहा कि आज के इस आर्थिक युग में अपनी मातृभाषा मैथिली को जिवंत रखने के लिए आगामी जनगणना में मातृभाषा के रुप में मैथिली का का उल्लेख करें.इस अवसर पर सर्वप्रथम स्मृति शेष जगन्नाथ चौधरी के स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया. उसके बाद सम्मानित अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का विधिवत उद्घाटन किया गया. सभी सम्मानित अतिथियों को आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ रंगनाथ दिवाकर एवं अन्य सदस्यों के द्वारा मिथिला परम्परा के अनुसार चादर -पाग, मोमेंटो तथा पुष्पहार भेंटकर सम्मानित किया गया. इस अवसर पर डॉ रंगनाथ दिवाकर द्वारा लिखित मैथिली कथा संग्रह का विमोचन किया गया. समारोह के दूसरे सत्र में एक भव्य मैथिली कवि गोष्ठी का आयोजन डॉ नरेश विकल (समस्तीपुर) की अध्यक्षता तथा युवा कवि दीप नरायण के संचालन में सम्पन्न हुआ, जिसमें डॉ ईश्वर करुण (चेन्नई), डॉ रामानंद झा रमण (पटना), डॉ संजीव शमा, डॉ अमोल कुमार झा, डॉ अशोक कुमार मेहता (दरभंगा), मेनका मल्लिक आदि थे. इस अवसर पर स्थानीय लोगों के अतिरिक्त सुमित सुमन, डॉ कृष्ण मुरारी झा,एन मंडल, डॉ अमरनाथ चौधरी आदि सक्रिय भूमिका में थे.



# डिजिटल अरेस्ट कर दंपति से 57 लाख की ठगी, पांच शातिर गिरफ्तार, सीआईएसएफ कर्मी निकला सरगना

**कानपुर:** उत्तर प्रदेश के जनपद कानपुर में सेवानिवृत्त उप आयुक्त (उद्योग) और उनकी पत्नी को उन्ही के घर पर डिजिटल अरेस्ट (बंधक) कर साइबर ठगों ने महज नौ दिनों में तीन बार में 57 लाख रुपये अलग-अलग बैंक खातों में आरटीजीएस के माध्यम से स्थानांतरित करा लिए गए. ठगी का एहसास होने पर पीड़ित ने साइबर क्राइम में जाकर तहरीर दी. जिस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने पांच शातिरों को धर दबोचा है. जबकि गिरोह का सरगना केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) का कर्मचारी है जो उड़ीसा के राउरकेला में पोस्टेड है. जिसे जल्द ही पूछताछ के लिए बुलाया जाएगा. पुलिस आयुक्त रघुबीर लाल ने शुक्रवार को बताया कि रिटायर्ड डिप्टी कमिश्नर (उद्योग) भैरव प्रसाद पांडेय अपनी पत्नी मीरा पांडेय के साथ रामबाग इलाके में रहते हैं. इसके अलावा उनके दो बेटे भी हैं जो मुंबई और स्विट्जरलैंड में रहते हैं. पीड़ित ने बताया कि 10 अप्रैल उनके पास व्हाट्सएप्प के जरिए एक कॉल आई. जिसने उनसे कहा गया कि यह कॉल पहचान एंटी करप्शन ब्यूरो की ओर से की गई. आपकी पत्नी के आधार कार्ड से पुलवामा आतंकी हमले के मुख्य आरोपित के खाते में 70 लाख रुपये भेजे गए हैं. इस आधार पर उन्हें एवं उनके परिवार को गिरफ्तार करने की धमकी दी गई. इसके पश्चात वीडियो कॉल के माध्यम से वर्दीधारी व्यक्ति एवं अन्य लोगों को दिखाकर विश्वास पैदा किया गया तथा जांच प्रक्रिया के नाम पर विभिन्न बैंक खातों में धनराशि जमा करने के लिए बाध्य किया गया. 18 अप्रैल आने तक भय एवं दबाव में आकर प्रार्थी द्वारा कुल सत्तावन लाख रुपये विभिन्न खातों में आरटीजीएस के माध्यम से स्थानांतरित करा लिए गए. जांच में सामने आया कि शातिरों के बैंक खातों में 57 लाख और 48 लाख का लेनदेन हुआ है. हालांकि उस धनराशि को फ्रीज नहीं कराया जा सका है. यह एक अंतरराष्ट्रीय ठगी का गिरोह है. साइबर ठगों के तार देश के पांच राज्यों से जुड़े हैं. इस गिरोह का मास्टरमाइंड ओडिशा के राउरकेला में तैनात दाऊद अंसारी है जो सीआईएसएफ जवान है.

# केदारनाथ धाम में आस्था का सैलाब, 93 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

## चारधाम यात्रा के लिए 22.61 लाख यात्रियों का पंजीकरण



**रुद्रप्रयाग:** केदारनाथ धाम में श्रद्धालुओं की आस्था का सैलाब उमड़ रहा है. यात्रा शुरू होने के बाद अब तक कुल 93,622 तीर्थयात्री बाबा केदार के दर्शन कर चुके हैं, जो आस्था के बढ़ते प्रवाह को दर्शाता है. शुक्रवार को एक ही दिन में 30,370 तीर्थयात्रियों ने बाबा केदार के दर्शन किए. चारधाम यात्रा के लिए 22.61 लाख के अधिक यात्रियों ने पंजीकरण कराया है. प्राप्त आंकड़ों के अनुसार,दर्शन करने वालों में 20,442 पुरुष, 9,797 महिलाएं और 131 बच्चे शामिल रहे. विदेशी श्रद्धालुओं की संख्या इस दिन शून्य रही. यात्रा प्रारंभ होने के बाद से अब तक कुल 93,622 श्रद्धालु केदारनाथ धाम पहुंच चुके हैं, जो यात्रा के प्रति लोगों की आस्था और उत्साह को दर्शाता है. यमुनोत्री धाम और गंगोत्री धाम में शुक्रवार को कुल 64,193 श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं. यमुनोत्री धाम में 31,890 और गंगोत्री धाम 32,303 ने पूजा-अर्चना की. चारधाम यात्रा 2026 के लिए श्रद्धालुओं का उत्साह लगातार बढ़ रहा है. पर्यटन विभाग की ओर से शुक्रवार शाम जारी बुलेटिन के अनुसार कुल पंजीकरण 22,61,664 तक पहुंच गया है. यमुनोत्री धाम 3,79,376,गंगोत्री धाम के लिए 3,91,206 व केदारनाथ के लिए 7,98,175 बद्रीनाथ 6,67,537 हेमकुंड साहिब के लिए 25,370 यात्रियों ने पंजीकरण कराया है. चारो धामों के लिए सर्वाधिक दो दिनों 25 अप्रैल के लिए 56,469 और 26 अप्रैल के लिए 55,510 के साथ ही कुल 26 अप्रैल के लिए कुल 1,11,979 श्रद्धालुओं ने पंजीकरण कराया है. राज्य के विभिन्न फिजिकल केंद्रों पर भी ऑफलाइन पंजीकरण जारी है. एक दिन में कुल 5,676 श्रद्धालुओं ने ऑफलाइन पंजीकरण कराया. प्रशासन के अनुसार बढ़ती भीड़ को देखते हुए धाम और यात्रा मार्ग पर सुरक्षा, स्वास्थ्य और व्यवस्थाओं को मजबूत किया गया है, ताकि श्रद्धालुओं को सुगम और सुरक्षित दर्शन का अनुभव मिल सके.

# समस्तीपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई



युवा शक्ति न्यूज

**दलसिंह सराय:** दिनांक-20.04.2026 एवं 21.04.2026 को दलसिंहसराय थाना क्षेत्र अन्तर्गत गाम-डीह पना एवं घाट नवादा स्थित क्रमशः 01. सूरज कुमार शर्मा पे0 राजकुमार शर्मा सा0-डीह पगडा थाना दलसिंहसराय जिला-समस्तीपुर एवं 02. विवेक कुमार पे. स्व. अशोक कुमार महती सा0-चकनवादा वार्ड नं.-10 थाना दलसिंहसराय जिला-समस्तीपुर जो हार्डवेयर व्यवसायी है, से एक ही मोबाईल न.-7320836338 से अज्ञात व्यक्ति के द्वारा क्रमशः 03 (तीन) लाख एवं 02 (दो) लाख रूपया का रगदारी मांग किया गया था. जिस सबंध में दोनों आवेदको के आवेदन पर कमश दलसिंहसराय थाना कांड सं0-209/26 दि.-21.04.26 धारा-308(3)/351(2-3) बी0एन0एस0 एवं दलसिंहसराय थाना कांड सं0-211/26 दि0-2104.26 धारा-308(3)/351(2-3) बी.एन.एस. के अन्तर्गत उक्त मोबाईल नं. के धारक के विरूद्ध दर्ज किया गया है. अधोहस्ताक्षरी के द्वारा घटना की सूवना प्राप्त होने उपरांत घटना की गंभीरता को देखते हुये श्री विवेक कुमार शर्मा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, दलसिंहसराय के नेतृत्व में घटना का सफल उद्भेदन हेतू विशेष छापामारी दल का गठन किया गया है. छापामारी दल में शामिल सदस्यों के द्वारा तकनीकि अनुसंधान एवं मानवीय सहयोग से घटना का सफल उद्भेदन करते हुये इस कांड में संलिप्त अप्राथमिकी अभियुक्त दीपक कुमार पिता शंकर महतो सा0-बसडिया बहादुरपुर थाना दलसिंहसराय जिला-समस्तीपुर को घटना में प्रयुक्त मोबाईल एवं सीम के साथ गिरफ्तार किया गया है. **गिरफ्तारी:** अप्राथ. अभि. दीपक कुमार पिता शंकर महतो सा0-बसड़िया बहादुरपुर थाना दलसिहराराय जिला-समस्तीपुर. **बरामदगी:** 1. रेडमी कम्पनी का एक एण्ड्रायड मोबाईल. 2. सैमसंग कम्पनी का टुटा मोबाईल. 3. दो सीम (एक टुटा हुआ). **अपराधिक इतिहासः** इस अपराधिक घटना में गिरफ्तार अभियुक्त का अपराधिक इतिहास का पता की जा रही है. **छापामारी दल में शामिल सदस्य :** 1. पु.नि. मो. इरशाद आलम, पु.नि. सह थानाध्यक्ष, दलसिंहसराय. 2. पु.अ.नि. संतोष कुमार, अपर थानाध्यक्ष, दलसिंहसराय थाना. 3. पु.अ.नि. रिथा सिंह, दलसिंहसराय. 4. स.अ.नि. विपीन कुमार दलसिंहसराय थाना. 5. स.अ.नि. रंजीत कुमार, दलसिंहसराय थाना. 6. पी.टी.सी. प्रणय कुमार सिंह, दलसिंहसराय थाना. सशस्त्र बल, दलसिंहसराय थाना.







स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक सुधांशु शेखर द्वारा दी इंडियन एक्सप्रेस लिमिटेड, एक्सप्रेस हाउस, एन एच 6 मौजा–प्रशस्थ व अंकुरहाटी,पोस्ट– सलप, थाना–डोमजूर, जिला–हावड़ा–711409 से मुद्रित एवं 19, सर हरिराम गोयनका स्ट्रीट, कोलकाता–700 007 से प्रकाशित. प्रधान संपादक : **सुधांशु शेखर,**
प्रबंध कार्यालय : 19, सर हरिराम गोयनका स्ट्रीट, कोलकाता–700 007, RNI No. WBHIN/2007/22434 फोन : 9831494084, टेलीफैक्स : 22743382 ई–मेल : yuvashakti@hotmail.com प्रकाशन संबंधी समस्त विवादों का निपटारा कोलकाता न्यायालय के अधीन